RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 230
फरीदाबाद, मंगलवार, 28 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



छोटे बच्चों से करते हैं प्यार तो बनें पीडियाट्रिक
पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,077 | 29 |
| निफ्टी | 17,855 | 1.90 |
| सोना | 45,110 | 35 /10 gm |
| चांदी | 59,138 | 383 |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $34.01^0C$
न्यूनतम $26.01^0C$

## आज के मैच

IPL
मुंबई इंडियंस vs पंजाब किंग्स
केकेआर vs दिल्ली कैपिटल्स

## क्विक न्यूज

### बीपीसीएल करेगी एक लाख करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) की योजना अगले पांच साल के दौरान पेट्रोरसायन उत्पादन क्षमता बढ़ाने, गैस कारोबार, स्वच्छ ईंधन और बाजार ढांचे के विस्तार पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। यहां उल्लेखनीय है कि सरकार बीपीसीएल के निजीकरण की तैयारी कर रही है।

### नौ क्षेत्रों में रोजगार 3.08 करोड़ के पार : श्रम सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** एक सर्वेक्षण के मुताबिक निर्माण, विनिर्माण और आईटीबीपीओ सहित नौ चुनिंदा क्षेत्रों में 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 3.08 करोड़ रोजगार के मौके रहे, जो 2013-14 की आर्थिक गणना में पाए गए 2.37 करोड़ मौकों के मुकाबले 29 प्रतिशत बढ़ोतरी को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को श्रम ब्यूरो द्वारा अखिल भारतीय त्रैमासिक प्रतिष्ठान आधारित रोजगार सर्वेक्षण (एक्यूईईएस) के तहत तैयार तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (क्यूईएस) भाग (अप्रैल से जून 2021) की रिपोर्ट को जारी किया।

### बारामुला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और इस प्रयास में चार जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने का बाद सेना ने उत्तर कश्मीर के उरी सेक्टर में शनिवार को नियंत्रण रेखा के पास एक घुसपैठ रोधी अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा, उरी में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठियों और सेना के बीच गोलीबारी में चार सैनिक घायल हो गए।

### सहायता प्राप्त करना मौलिक अधिकार नहीं :न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि सहायता प्राप्त करना मौलिक अधिकार नहीं है और सरकार को शिक्षण संस्थानों को मदद देने के बारे में फैसला करने के लिए वित्तीय बाधाओं तथा कमियों जैसे कारकों को संज्ञान में लेना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब सहायता प्राप्त संस्थानों की बात आती है तो अल्पसंख्यक और गैर-अल्पसंख्यक संस्थान के बीच कोई अंतर नहीं हो सकता।

# अखनूर में हेरोइन और हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी।** जम्मू

**बीएसएफ** ने सोमवार को अखनूर में एक संदिग्ध बैग बरामद किया। जांच के दौरान बैग से चार पिस्टल, 100 कारतूस, आठ मैग्जीन, एक किलो निशाना पदार्थ (हेरोइन) और 2.75 लाख रुपये (नकली भारतीय मुद्रा) बरामद की गई।

बीएसएफ पीआरओ ने कहा कि एक विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तलाशी अभियान चलाया गया था। तलाशी के दौरान मोटी सरकंडा घास में छिपा एक बैग मिला। जिससे हथियार, गोला-बारूद, नारकोटिक्स और नकली भारतीय मुद्रा का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। इससे पहले रविवार को जम्मू में एक आतंकी गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। उसे जम्मू में किसी व्यक्ति को मारने (सिलेक्टिव किलिंग) का टारगेट दिया था। इतना ही नहीं आतंकी सुनैन जम्मू रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कहीं जाने की फिराक में था।

# नीट-एसएस 2021 सिलेबस में बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने नीट एसएस के सिलेबस में अंतिम समय में किए गए बदलाव को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वह युवा डॉक्टरों को सत्ता के खेल में फुटबॉल न बनाए।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर सुपर स्पेशियलिटी 2021 (नीट-एसएस 2021) के पैटर्न में अंतिम समय में बदलाव किए जाने को लेकर सख्त नाराजगी जताई। इसके साथ ही

## केंद्र को फटकार कहा- युवा डॉक्टरों को फुटबॉल न बनाएं

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड व जस्टिस बीवी नागरत्न की पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार इस मामले से जुड़े सभी संबंधित प्राधिकारियों के साथ बैठक कर चार अक्तूबर तक जवाब पेश करें।

सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्न ने कहा, इन युवा डॉक्टरों से फुटबॉल की तरह व्यवहार न करें, हम



इन डॉक्टरों को असंवेदनशील नौकरशाहों की दया पर नहीं छोड़ सकते। आप अपनी व्यवस्थाएं सुधारिये, यदि किसी के पास ताकत है तो वह उसका मनचाहा इस्तेमाल नहीं कर सकता। यह उनके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आप अंतिम समय में बदलाव नहीं कर सकते। अंतिम समय में बदलाव करने के कारण इन युवा डॉक्टरों के साथ छल हो सकता है।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिन्दर सिंह से जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने सवाल किया कि क्या इस बदलाव से पहले नोटिस जारी किया गया था? क्या इन परिवर्तनों को अगले साल से नहीं किया जा सकता? मामले में 20 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही अगली सुनवाई 27 सितंबर को तय की थी। अचानक किए गए बदलाव के खिलाफ 41 पीजी डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी दलील है कि यह बदलाव जनरल मेडिसीन कैंडिडेट्स के पक्ष में किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को याचिका पर आगे सुनवाई की। याचिकाकर्ता डॉक्टर नीट-एसएस 2021 को पास कर सुपर-स्पेशलिस्ट बनना चाहते हैं।

## किसान आंदोलन : कहीं जाम लगा तो कहीं सामान्य रहे हालात

# भारत बंद से फेल हुआ सिस्टम

## किसान नए कृषि बिलों के खिलाफ लामबंद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार जब से तीन नए कृषि कानून लेकर आई है किसान और किसान संगठन इसके खिलाफ लामबंद हैं। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की सीमाओं पर इन कानूनों के खिलाफ किसान लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी विरोध का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत समेत अन्य समर्थक संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया था। सोमवार की शाम टिकैत ने कहा कि हमारा भारत बंद सफल रहा। हमें किसानों से पूरा समर्थन मिला। हम सरकार से बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। कुल मिलाकर देश भर में भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। कहीं कहीं तो सिस्टम धराशायी ही हो गया।

एक ओर संयुक्त किसान मोर्चा ने देशव्यापी भारत बंद का आह्वान किया तो दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने लोगों से इस भारत बंद का समर्थन न करने की अपील की। उत्तर प्रदेश के एटा में एक प्रेसवार्ता में उन्होंने इसे आतंकी हरकत करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे संगठनों को दबाने की कोशिश करनी चाहिए, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल हैं। उधर, भाकियू के तोमर गुट ने भी भारत बंद को समर्थन नहीं दिया जबकि वह इसका आह्वान करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल है।

हरियाणा के सोनीपत के गन्नौर स्थित भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट के सामने किसानों ने नेशनल हाईवे 44 जाम कर दिया। चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले रास्ते पर पत्थर लगा दिए गए। फतेहगढ़ में किसान रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए और रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। रोहतक में प्रदर्शनकारियों ने स्टेट हाईवे जाम कर दिया। सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्यों ने सोनीपत से अंबाला रेलवे रूट बंद कर दिया। इसके साथ ही झज्जर में बेरी के भागलपुरी चौक पर भी किसानों ने जाम लगा दिया।

वहीं, पंजाब के बनूड़ खरड़ हाईवे पर सनेटा में किसानों ने सरकारी बसों समेत सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी। पश्चिमी यूपी के सभी जिलों में चिह्नित मार्ग व चौराहों पर किसान संगठन जाम लगाते हुए धरने पर बैठे रहे। मेरठ में किसान संगठन रात से ही तैयारियों में जुट गए थे। सैकड़ों किसानों ने रात कमिश्नरी पर गुजारी और सुबह दस बजते ही चक्का जाम शुरू कर दिया। शहर के व्यापारियों ने भी बाजार बंद रखे। हालांकि, कई जिलों में बाजार सामान्य दिनों की तरह ही खुले, लेकिन कई स्थानों पर किसान नेताओं ने खुली दुकानों को बंद करवा दिया।



गुरुग्राम-सरहोल टोल प्लाजा दिल्ली बॉर्डर पर भारत बंद के दौरान लगा वाहनों का लंबा जाम। फोटो संजय मेहरा।

## भीषण जाम से जूझे दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और पंजाब

**भारत** बंद के कारण दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। कई प्रमुख मार्गों पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। नोएडा के डीएनडी में भीषण जाम लग गया। दिल्ली-गाजीपुर की तरफ से आने-जाने वाले दोनों मार्गों को यातायात के लिए प्रतिबंधित किया गया था। वहीं, गुरुग्राम-दिल्ली सीमा पर भी हालात गंभीर बने रहे और सैकड़ों वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे। इसके अलावा कई राज्यों में रेल यातायात प्रभावित रहा। कुछ ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया था तो कुछ को प्रदर्शनकारियों ने रोक लिया गया।

## कुंडली बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे एक किसान की मौत

**भारत** बंद के दौरान कुंडली बॉर्डर पर कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर जारी आंदोलन में शामिल पंजाब के एक किसान की मौत हो गई है। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया है। मृतक की पहचान पंजाब के जिला जालंधर के गांव खेला के रहने वाले बघेलराम (55) के तौर पर हुई है, जो कुंडली बॉर्डर पर जारी आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए आए थे।

## राजस्थान में दिखा बंद का असर

**राजस्थान** के कई जिलों में भारत बंद का असर देखने को मिला। यहां के कृषि प्रधान गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में प्रमुख मंडियां और बाजार पूरी तरह बंद रहे। किसानों ने कई प्रमुख मार्गों पर रैलियां निकालीं और बैठकें कीं। बीकानेर, सीकर और नागौर जैसे जिलों के कई कस्बों में मंडियां और बाजार आंशिक रूप से ही खुलीं। इसके साथ ही राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में भारत बंद ने रेल सेवाओं को भी प्रभावित किया। दूसरी ओर, प्रदेश की राजधानी जयपुर में भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से रैली निकाली। गुजरात में इस दौरान स्थिति लगभग सामान्य ही रही। हालांकि, कुछ स्थानों से थोड़ी देर के लिए राजमार्गों पर यातायात बाधित होने की खबर आई। मध्यप्रदेश में भारत बंद का कुछ खास प्रभाव देखने को नहीं मिला। जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले में कई स्थानों पर विरोध-प्रदर्शनों और रैलियों का आयोजन किया गया। सीपीआई (एम) नेता एमवाई तारिगामी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता और किसान सड़कों पर उतरे और मुख्य मार्ग पर धरना दिया। इससे यहां पर लोगों को यातायात संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड के कई जिलों में बंद का असर दिखाई दिया। हालांकि, ऊधमसिंहनगर में इसका विशेष प्रभाव नहीं दिखाई दिया तो रुद्रपुर में किसानों, व्यापार मंडल पदाधिकारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। महाराष्ट्र में कारोबारी प्रतिष्ठान और स्थानीय यातायात व्यवस्था सामान्य दिनों की तरह ही चलती रही। अरुणाचल प्रदेश में भारत बंद का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला।

# हरियाणा में अब तक दो करोड़ 22 लाख का हुआ वैक्सीनेशन

## स्वास्थ्य मंत्री ने जारी की प्रदेश की रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में तेजी से वैक्सीनेशन का कार्य जारी है और इसी कड़ी में प्रदेश में अब तक कुल दो करोड़ 22 लाख 94 हजार 84 व्यक्तियों का कोरोना वैक्सीनेशन हो चुका है। अब तक कुल दो करोड़ 22 लाख 94 हजार 84 लोगों में में एक करोड़ 62 लाख 70 हजार 137 लोगों को कोविड की पहली डोज तथा 60 लाख 23 हजार 947 लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है।

उन्होंने बताया कि 18 से 44 वर्श आयु वर्ग के एक करोड़ 22 लाख 27 हजार 596 लोगों को वैक्सीनेट किया चुका है। इस श्रेणी में से 98 लाख 36 हजार 818 लोगों को पहली डोज लगाई गई है। इसी प्रकार 23 लाख 90 हजार 778 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

विज ने बताया कि इसी प्रकार, 45 से 60 साल की आयु वर्ग के कुल 51 लाख 36 हजार 631 लोगों को वैक्सीनेट किया चुका है और जिसमें से 34 लाख 54 हजार 356 लोगों को पहली डोज लगाई गई है। इसी प्रकार 16 लाख 82 हजार 275 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 60 साल से अधिक आयु वर्ग के कुल 39 लाख 41 हजार 670 लोगों को वैक्सीनेट किया चुका है और जिसमें से 24 लाख 74 हजार 753 लोगों को पहली डोज लगाई गई। इसी प्रकार 14 लाख 66 हजार 917 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

विज ने बताया कि अब तक फ्रंटलाइन वर्करों की श्रेणी में चार लाख 95 हजार 624 वर्करों को वैक्सीनेट किया जा चुका है जिसमें से दो लाख 51 हजार 681 को पहली डोज लगाई जा चुकी है तथा दो लाख 43 हजार 943 को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसी प्रकार, अब तक हेल्थकेयर वर्करों की श्रेणी में चार लाख 92 हजार 563 को वैक्सीनेट किया जा चुका है जिसमें से दो लाख 52 हजार 529 को पहली डोज लगाई जा चुकी है तथा दो लाख 40 हजार 034 को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

# दिलीप घोष पर भवानीपुर में हमला, गनमैन ने पिस्टल तानी

**एजेंसी।** कोलकाता

## उपचुनाव से पहले भी हिंसा की घटनाएं सामने आने लगी हैं

**पश्चिम** बंगाल में पिछले चुनाव में हुई हिंसा का मामला अभी थमा भी नहीं है कि उपचुनाव से पहले भी हिंसा की घटनाएं सामने आने लगी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि किसी तरह हंगामे के बाद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ से निकालकर उन्हें उनकी कार तक पहुंचाया। वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वालों में ममता बनर्जी का भाई भी शामिल था। दिलीप घोष ने कहा कि सोमवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन वे और सांसद अर्जुन सिंह भवानीपुर में प्रियंका टिबरेवाल के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। वे जादूबबुर बाजार में एक वैक्सीनेशन कैंप पहुंचे थे। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं ने दिलीप घोष से मारपीट और धक्का-मुक्की की और अर्जुन सिंह के खिलाफ गो बैक के नारे लगाए गए। प्रियंका, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि दिलीप घोष के बॉडीगार्ड ने भीड़ को डराने के लिए पिस्टल का सहारा लिया। दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी ने बिना किसी उकसावे के उन पर हमला किया।

## पंचायत चुनाव को लेकर गोलीबारी, दो की मौत

**खगड़िया (बिहार)।** जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के रोहियमा गांव में कथित रूप से पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। बेलदौर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान किशुनदेव चौधरी और हरिबोल यादव के रूप में हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## जर्मनी के चुनाव में सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने मर्केल को हराया

**बर्लिन।** जर्मनी के आम चुनाव में मध्यमार्गी वामपंथी सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने सर्वाधिक मत हासिल किए हैं और बेहद करीबी मुकाबले में निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल के दक्षिणपंथी झुकाव वाले यूनियन ब्लॉक को हरा दिया। यह चुनाव सुनिश्चत करेगा कि यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में लंबे समय से नेता रहीं मर्केल का उत्तराधिकारी कौन होगा। सोशल डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार एवं निवर्तमान वाइस चांसलर एवं वित्त मंत्री ओलाफ शोल्ज ने कहा, चुनाव के नतीजे बेहद स्पष्ट जनादेश को दर्शाते हैं जो अब यह सुनिश्चित करेगा कि हम मिलकर जर्मनी में एक बेहतर, व्यावहारिक सरकार का गठन करें।

# जनहित याचिकाएं दाखिल करना एक उद्योग बन गया है : केंद्र

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केन्द्र** ने दिल्ली उच्च न्यायालय में सोमवार को कहा कि जनहित याचिकाएं (पीआईएल) दाखिल करना अपने आप में एक उद्योग और करियर बन गया है। उसने तर्क दिया कि गुजरात-कैडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्ति में कोई हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तर्क दिया, (वे कहते हैं) यहां अच्छे अधिकारी हैं। वे कौन है? क्या वे व्यक्ति हैं जिन्हें संभवत: बुरा लगा? जनहित याचिका एक उद्योग है, अपने आप में एक करियर है, जिसकी परिकल्पना नहीं की गई थी। पीठ ने अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ वकील सद्र आलम की जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। केंद्र की ओर से पेश मेहता ने कहा कि अस्थाना को राष्ट्रीय राजधानी में लागू होने वाली उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था।

## जनहित याचिका दाखिल करने वालों को होमवर्क करना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जनहित याचिका दाखिल करने वालों को अपना होमवर्क करना चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल कई चीजों का अनुरोध कर वे दायित्व से मुक्त नहीं हो जाते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीति के मामले में कोई कमी दिखाने का दायित्व जनहित याचिका दाखिल करने वाले याचिकाकर्ता का है और इसके समर्थन में कुछ आंकड़ों और उदाहरणों को प्रस्तुत करना चाहिए। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोविड-19 से जान गंवाने वालों के आश्रितों के लिए आजीविका सहित अन्य उपायों के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आंकड़ों और उदाहरण के साथ नई याचिका दाखिल करे।


# हरियाणा में निर्माण श्रमिकों का फर्जीवाड़ा उजागर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र लागू करने के बाद जहां एक तरफ प्रदेश वासियों का रिकार्ड तैयार हो रहा है वहीं कई फर्जीवाड़े भी उजागर हुए हैं। प्रदेश में अब तक जहां हजारों की संख्या में फर्जी पेंशन भोगी तथा सरकारी योजनाओं का फर्जीवाड़े के साथ लाभ लेने वाले सामने आ चुके हैं वहीं ढाई लाख ऐसे मजदूर सामने आए हैं जिन्होंने पंजीकरण तो भवन एवं निर्माण कल्याण बोर्ड में करवा रखा है और काम कोई और कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने ऐसे मजदूरों का वास्तविक धंधा पता लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

दिसंबर 2020 में सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को पीपीपी से जोड़ने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद कर्मकार कल्याण बोर्ड ने जनवरी 2021 में सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के डाटा को पीपीपी से लिंक करना शुरू कर दिया। इनमें से करीब दो लाख 55 हजार 526 निर्माण श्रमिक ऐसे पाए गए, जिनका व्यवसाय पीपीपी में दर्ज व्यवसाय से मैच नहीं खाया। कुछ मजदूर ऐसे मिले हैं जिन्होंने खुद को कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत करवा रखा है और वह निजी क्षेत्र के उद्योगों में काम करते हैं। कुछेक ऐसे भी मिले हैं जो रेहड़ी-फड़ी आदि लगा रहे हैं।

लिहाजा बोर्ड ने इन सभी निर्माण श्रमिकों का डाटा एकत्रित करके वेरीफिकेशन कराने का निर्णय लिया है ताकि इन निर्माण श्रमिकों के असल व्यवसाय की पहचान हो सके। हरियाणा भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत करीब छह लाख निर्माण श्रमिकों को परिवार पहचान पत्र से लिंक कर दिया गया है। मगर इनमें से करीब 2 लाख 55 हजार 526 निर्माण श्रमिकों का व्यवसाय पीपीपी में अलग होना दर्शाया गया है। लिहाजा बोर्ड और पीपीपी में अलग-अलग व्यवसाय के चलते उपरोक्त श्रमिक जांच के दायरे में आ गए हैं। अब श्रम विभाग इन श्रमिकों के असल कार्य का पता लगाने के लिए वेरीफिकेशन कर रहा है। जिसे लेकर जिलास्तर पर टीमों का भी गठन किया है। जिला स्तर पर टीमें फोन के माध्यम से, डोर टू डोर जाकर वेरीफिकेशन का काम कर रही हैं ताकि इनके असल व्यवसाय की पहचान की जा सके।



## पंजीकरण के बावजूद ढाई लाख कर रहे दूसरे काम

## पीपीपी से किया लिंक तो खुला भेद, अब व्यवसाय की ले रहे जानकारी

### इन श्रमिकों के व्यवसाय की हो रही जांच

| जिला | श्रमिक संख्या | जिला | श्रमिक संख्या |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 12727 | महेंद्रगढ़ | 07743 |
| भिवानी | 06999 | नूह | 24922 |
| चरखी दादरी | 02277 | पलवल | 08823 |
| फरीदाबाद | 12074 | पंचकूला | 02379 |
| फतेहाबाद | 03467 | पानीपत | 24297 |
| गुरुग्राम | 07132 | रेवाड़ी | 10156 |
| हिसार | 11112 | रोहतक | 12997 |
| झज्जर | 04786 | सिरसा | 05063 |
| जींद | 13773 | सोनीपत | 10679 |
| कैथल | 37320 | यमुनानगर | 10134 |
| करनाल | 19831 | कुल | 255526 |
| कुरुक्षेत्र | 06835 | | |

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, मंगलवार, 28 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 34.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- जिले में विभिन्न स्थानों पर लगेगी वैक्सीन: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और मॉल्स खुलेगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**बात** चाहे नियमित आमदनी की हो या लंबे समय में पैसा बनाने की। म्यूचुअल फंड आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। बस, म्यूचुअल फंड की इस तरह की स्कीम चुननी होगी जो आपके वित्तीय लक्ष्यों, निवेश के नजरिए और जोखिम प्रोफाइल से मेल खाती हो। अगर आप ज्यादा जोखिम नहीं उठा सकते हैं तो आपको डेट म्यूचुअल फंड स्कीमों में निवेश करना चाहिए। इसके उलट अगर आप थोड़ा ज्यादा रिटर्न पाने के लिए जोखिम ले सकते हैं तो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीमों में निवेश करना चाहिए।

**यूटीलिटी न्यूज**

### ऑनलाइन आवेदन करें दिव्यांगजन

**फरीदाबाद।** जिले के सभी दिव्यगजनों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन के लिए यूनिक आई कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुशीला ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी दिव्यांगजन अपना मूल मेडिकल प्रमाण पत्र बनवा कर यूआईडी कार्ड हेतु ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ लें। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए वे अपनी नजदीकी अटल सेवा केंद्र पर स्वयं अपने मूल दस्तावेजों के साथ जाकर अथवा सेलॉगिन यूनीक डिसेबिलिटी आईडी पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**क्विक न्यूज**

### श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा



सेक्टर 29 स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित भागवत कथा सप्ताह के शुभारभ के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में भाग लेते भगत गण।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 29 स्थित श्रीसनातन धर्म मंदिर परिसर में संकल्प शक्ति ट्रस्ट ने सर्व पितृ शांति के लिए श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया है। इस शुभारंभ के पहले सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश लेकर कथा स्थल तक पहुंची। कथा व्यास आचार्य यतिन गोड जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया। कथा प्रतिदिन दोपहर में एक बजे से होगी और चार अक्तूबर को भंडारे के साथ इसका समापन किया जाएगा। इस मौके पर रामकुमार वर्मा, सुमन शर्मा, पवन कुमार, निर्मला, रोहित कुमार, सूरज शर्मा, सुभाष शर्मा, ऋषिराज गुप्ता, मनोज सोमानी, राजेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट या स्लम सिटी : पॉश सेक्टर और स्लम बस्तियों की हालत एक समान

## सीवर जाम की समस्या के लिए सीएम दरबार में करनी पड़ रही है शिकायत

राजेश दास। फरीदाबाद

**केंद्र** और राज्य सरकार औद्योगिक नगरी को स्मार्ट सिटी बनाने का सपना देख रहे हैं। जिसके तहत विभिन्न परियोजनाओं को अरबों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद शहर में हर रोज समस्याएं बढ़ती जा रही है। नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार ने पूरे शहर को एक समान बनाकर रख दिया है। अब शहर के पॉश सेक्टर और स्लम बस्तियों में कोई अंतर नहीं रह गया है। इस महामारी के दौर में भी लोगों को खस्ता हाल सड़क, गंदगी के ढेर और सीवर ओवरफ्लो ही समस्या से जूझना पड़ रहा है। सीवर लाइनों की सफाई के नाम पर नगर निगम द्वारा ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन फिर भी शहर में ऐसा कोई इलाका नहीं बचा जहां सीवर का गंदा पानी सड़कों पर न बह रहा हो। शहर के पॉश एवं वीआईपी माने जाने वाले सेक्टर 15 और सेक्टर 21 सी भी सीवर जाम की समस्या से अछूते नहीं हैं। नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से दर्जनों बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अधिकारियों की कार्यशैली से परेशान होकर सेक्टर 15 आरडब्ल्युए को सीएम विंडो पर शिकायत करनी पड़ी है।



सेक्टर 21सी की सड़कों पर बहता सीवर का पानी।



सेक्टर 15 में सीवर के मैनहॉल से ओवरफ्लो होता गंदा पानी।

### नरकीय हालत में सेक्टर

**सेक्टर 21** सी भी शहर के सबसे पॉश इलाकों में शामिल हैं। इस सेक्टर में बड़े उद्योगपतियों के साथ काफी संख्या में सरमायेदार रहते हैं। यहां तक कि पुलिस आयुक्त कार्यालय और उनका निवास भी इसी सेक्टर में मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद सेक्टर 21 सी में समस्याओं का कोई अंत नहीं है। जब से यह सेक्टर नगर निगम के हैंडओवर हुआ है। तब से यहां सभी समस्याओं ने डेरा डाल लिया है। सेक्टर का नाम सुनकर लोग करोड़ों रुपये में यहां मकान खरीद कर बाद में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सेक्टर 21 सी की सड़कों की हालत और बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या किसी से छिपी नहीं है। लेकिन इसके साथ ही यहां सीवर जाम की समस्या भी काफी विकराल रूप धारण कर चुकी है। सेक्टर मार्केट में सीवर जाम होने की वजह से लगातार गंदा पानी ओवरफ्लो हो रहा है। जो पार्किंग से बहता हुआ कम्युनिटी सेंटर के सामने जमा हो रहा है। चारों तरफ गंदा पानी भरा होने से कम्युनिटी सेंटर के आसपास मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है।

### भ्रष्टाचार है समस्याओं की जड़



सेक्टर 15 की गलियों में बहता सीवर का गंदा पानी।

**शहर** में सीवर जाम हो या फिर अन्य समस्याएं, उनका मूल कारण है नगर निगम अथवा अन्य संबंधित विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार है। निगम द्वारा शहर में सीवर लाइनों की सफाई का काम ठेके पर दिया हुआ है। सभी वार्डो में नगर निगम ने अलग अलग ठेके दिये हुए हैं। जबकि सीवर साफ करने वाले ठेकेदारों ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर अलग अलग एजेंसियों के नाम से कई कई वार्डो के ठेके लिये हुए हैं। जबकि इन ठेकेदारों के पास सुपर सकर मशीन, अन्य संसाधन और मजदूर सीमित है। एक जगह समस्या का समाधन किये बीना संसाधनों को इधर से उधर भेजा जाता है। जिससे समस्याओं का समाधान तो नहीं हो पाता लेकिन भुगतान पूरा मिलता रहता है। वहीं दूसरी तरफ निगम की लापरवाही और भ्रष्टाचार की वजह से शहर के सेक्टर और कालोनियों में अवैध रूप से चार से पांच मंजिला फ्लैट बनाकर बेचे जा रहे हैं। इन फ्लैटों के अवैध कनेक्शनों का बोझ बढ़ने की वजह से सीवर लाइनें जाम हो रही है। लेकिन इसके बावजूद शहर में धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं।

### सीएम विंडो पर शिकायत



नीरज चावला

**सेक्टर** 15 आरडब्ल्युए के अध्यक्ष नीरज चावला का कहना है कि वैसे तो यहां एक नहीं अनेक समस्याएं मौजूद है। लेकिन सीवर जाम की समस्या यहां गंभीर रूप धारण करती जा रही है। लगातार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर रहे। परेशान होकर अब आरडब्ल्युए को सीएम विंडो पर शिकायत करनी पड़ी है।

### सेक्टर में नरकीय हालत



जगदीश चौहान

**सेक्टर 21** सी आरडब्ल्युए के अध्यक्ष जगदीश चौहान का कहना है कि निगम की लापरवाही से सेक्टर की हालत बद से बदतर हो चुकी है। यहां करोड़ों रुपये में मकान खरीद कर लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सीवर का गंदा पानी जगह जगह बह रहा है, लेकिन शिकायत के बाद भी समस्या वैसी की वैसी बनी हुई है।

### पॉश सेक्टर या स्लम

**सेक्टर** 15 शहर का सबसे पॉश इलाकों में शामिल है। शहर के बड़े बड़े उद्योगपति, व्यवसायी, अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग इसी सेक्टर में रहते हैं। नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों की लापरवाही से इस सेक्टर की हालत भी स्लम बस्तियों की तरह होती जा रही है। वैसे तो सेक्टर 15 में समस्याओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन सीवर जाम की समस्या यहां दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। शहर के अन्य इलाकों की तरह यहां भी सीवर का गंदा पानी सड़कों और गलियों में बहता हुआ देखा जा सकता है।

अक्सर सीवर का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। सेक्टर 15 की मार्केट के अलावा करीब चार दर्जन से ज्यादा घरों के सामने सीवर जाम की समस्या काफी गंभीर। सेक्टर की आरडब्ल्युए निगम के एक्सईएन मनोज, एसडीओ राजकुमार, जेई नजीम और सुपरवाइजर मनीष को दर्जनों बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन संबंधित अधिकारी सेक्टर वासियों की समस्या की तरफ ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं कर रहे हैं। अब परेशान होकर सेक्टर की आरडब्ल्युए ने मामले की शिकायत सीएम विंडो पर की है।

## बेल्ट टेस्ट के बाद विजेताओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फिटनेश** मार्शल आर्ट एसोसिएशन डबुआ कॉलोनी स्थित लेजर वैली पार्क में फिटनेश एंड मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा बच्चों का बेल्ट टेस्ट व कुरूक्षेत्र में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 8 से पार्षद ममता चौधरी के पति एवं भाजपा नंगला मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी और फिटनेस मार्शल आर्ट एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश खटाना, सचिन, राजेश भूटिया, अमरिंदर भदोरिया, सतीश कुमार झा मौजूद रहे। सभी अतिथि गणों ने विगत दिनों कुरुक्षेत्र में हुई हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में फिटनेस एंड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के बच्चों ने मेडल जीते जिसमें जिज्ञासा और फरहान ने गोल्ड मेडल जीता और दीपक सैनी शिवानी जहां आयशा करिश्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अपनी संस्था, कोच नासिर हुसैन और अपने माता-पिता और पूरे फरीदाबाद का नाम रोशन किया। इन बच्चों को फिटनेशन मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संस्थापक व महासचिव कराटे कोच नासिर हुसैन ने उन खिलाड़ियों को नोटों की माला पहनाई और उन्हें पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर खिलाड़ियों के परिजनों ने कोच नासिर हुसैन का फूल माला व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कोच नासिर हुसैन ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि अब यह खिलाड़ी आगामी 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक पंजाब में होने वाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे और सभी को उम्मीद है कि यह खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर फरीदाबाद जिले, प्रदेश का नाम रोशन करेगें। वहीं दूसरी ओर सभी बच्चों ने अपनी काबिलियत को दिखाकर अपने-अपने काबिलियत के अनुसार उन्होंने बेल्ट जीती। जिसमें क्रमशः हिमांशु, सुमित, जाहिद, जमील, अंकित, रूबी और समक्ष ने येलो बेल्ट प्राप्त की और प्रांजल ने ऑरेंज बेल्ट प्राप्त की।



डबुआ कॉलोनी लेजर वैली पार्क में फिटनेश मार्शल आर्ट एसोसिएशन के कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों व कोच के साथ मुख्य अतिथि कविन्द्र चौधरी व राकेश खटाना।

## यूके स्पोर्ट्स ने एचआर ड्रीम को पांच विकेट से हराया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**17वें** रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में यू के स्पोर्ट्स ने एचआर ड्रीम (इलेवन) को 5 विकेट से ने हराया। मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था।

एचआर ड्रीम (इलेवन ) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 123 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रोहित ने 52 रन, रवि ने 18 रन, अमित ने 8 रन बनाए। यूके स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए हैप्पी और सन्नी ने 3-3 विकेट, प्रमोद ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूके स्पोर्ट्स की टीम ने 15.3 ओवर में 5 विकेट पर 127 रन बनाकर पांच विकेट से जीत हासिल की। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सन्नी ने 53 रन, अमित पाल ने 22 रन, अरुण ने 14 रन, अजय ने 13 रन बनाए। एचआर ड्रीम (इलेवन) की और से गेंदबाजी करते हुए अमित ने दो विकेट, रवि, सतीश और अमित ने 1-1 विकेट ली। मैन ऑफ दा मैच सन्नी भड़ाना को दिया गया।



रविन्द्र फागना क्रिकेट आकदमी में आयोजित क्रिकेट मैच में खिलाड़ी को मैन ऑफ दी मैच देते अतिथि।

## बेटियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहले दिन दो पदक जीते

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 23 साल पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया ( एएफआई ) के द्वारा पहली नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 27 सितम्बर से 29 सितम्बर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में किया जा रहा है।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 5000 मीटर दौड में अजय झज्झर ने 14 मिनट 21 सेकेण्ड 44 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया। 5000 मीटर दौड महिला वर्ग में सोनिका भिवानी ने 17 मिनट 46 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक और बाधो चरखी दादरी ने 17 मिनट 40 सेकेण्ड 41 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीता।

हरियाणा राज्य के सभी पदक विजेता खिलाडियों को एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने हार्दिक बधाई प्रदान की।



एएफआई की चैम्पियनशिप में जीतने वाली काली टी शर्ट में सोनिका और सफेद टी शर्ट में बाधो।

## सौम्या ने यूपीएससी पास कर किया नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूर्व** विधायक आनंद कौशिक के अनुज पूर्व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक यूपीएससी परीक्षा में गांव भुआपुर की बेटी सौम्या आनंद ने 492 रैंक हासिल करके पूरे फरीदाबाद का नाम देशभर में रोशन करने का काम किया है। सौम्या की इस उपलब्धि पर न केवल पूरा गांव बल्कि पुरे फरीदाबाद को नाज है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने साथियों के साथ सौम्या आनंद व उसके परिवार को सेक्टर-2 स्थित निवास पर जाकर इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भेंट कर व उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा कि आज बहुत खुशी महसूस हो रही है कि फरीदाबाद की बेटी सौम्या आनंद ने गांव के स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की और घर पर रहकर कड़ी मेहनत करते हुए यूपीएससी की तैयारी की और पहली बार में ही उसने परीक्षा पास कर ली। उन्होंने कहा कि सौम्या के दादा मास्टर तोताराम से उनका अच्छा स्नेह था और उन्होंने सदैव समाजसेवा के कार्यो को प्राथमिकता दी, यही कारण है कि इस परिवार की बेटी ने लगन व मेहनत से यह मुकाम हासिल किया।

बलजीत कौशिक ने सौम्या के पिता रविन्द्र वशिष्ठ को बधाई देते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में उन्होंने अपनी बेटी को इतना शिक्षित बनाया, इसके लिए वह भी प्रशंसा के पात्र है और बेटी सौम्या भविष्य में और उन्नति करें और फरीदाबाद जिले का नाम रोशन करे,ऐसी उनकी ईश्वर से कामना है।

बलजीत कौशिक ने कहा कि फरीदाबाद में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और सौम्या बिटिया ने यह साबित भी कर दिखाया है। उन्होंने कहाकि सौम्या आनंद से सभी युवक युवतियों को प्रेरणा लेनी चाहिए और वह भी पढ़ाई-लिखाई करके अव्वल आएं और इसी प्रकार अपने फरीदाबाद का नाम गौरवान्वित करे। इस मौके पर विकास फागना,प्रताप सिंह,जयकिशन भारद्वाज मौजूद थे।




सेक्टर 2 स्थित सौम्या आन्नद के निवास पर यूपीएससी की परीक्षा में 492 रैंक लानेपर बधाई देते पूर्व विधायक आन्नद कौशिक के अनुज पूर्व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बलजीत कौशिक।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**मिटा सकता न कोई फूल की खुश्बू सुनिश्चित है**
**अमरता की रहेगी दास्तां हरसू सुनिश्चित है**
**भगतसिंह आसमां पर सूर्य से चमकेंगे सदियों तक**
**समय की गर्त में खो जाएँगे जुगनू सुनिश्चित है**

## डम्पिंग यार्ड की जगह वन विकसित करें प्रशासन

### बंदा बैरागी हाल में विचार-विमर्श के लिए सभा का आयोजन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम फरीदाबाद द्वारा गांव मिर्जापुर गांव व सिही के पास लगभग पंद्रह एकड़ जमीन पर कचरे का डम्पिंग यार्ड् बनाने की योजना गांव वासियों व आस पास के सेक्टर निवासियों के विरोध व नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के फैसले के बाद वापस ले ली गयी थी।

बीते सप्ताह 22 सितम्बर को नगर निगम ने यह जमीन टाइल्ज व क्रेशर की यूनिट्स लगाने के लिए दे दी। इसका विरोध करने के लिए एक बार फिर गांव वासियों व सेक्टर वासियों ने क्रेशर की मशीनों को लेकर आई गाड़ियों को समझा बुझाकर वापस जाने पर मजबूर कर दिया ।

इस विषय पर रविवार को गांव मिर्जापुर में पूर्व सरपंच महिपाल आर्य द्वारा बंदा बैरागी हाल में विचार विमर्श के लिए सभा का आयोजन किया गया। इसमें मिर्जापुर, सिही, नीमका, बडोली, फज्जपुर गांव, मिर्जापुर डेयरी जोन व सेक्टर 7, 8, 75, 76, 77, 78, पॉम रेजिडेन्सी, एलिट फ्लोर पार्ट 1 व पार्ट 2, केएलजे, डिस्कवरी पार्क के निवासी एकत्रित हुए। इस समस्या के निवारण के लिए विचार-विमर्श और मंथन किया गया।

सभा में मिर्जापुर के पूर्व सरपंच महिपाल आर्य, अधिवक्ता विंग कमांडेर सतिंदेर दुग्गल (से.नि.), पारस भारद्वाज, राव नरवीर, शेरी सक्सेना, रूपा सोम सुंदरम व अन्य ने अपने विचार रखे। सभा में प्रशासन व सरकार से इस जमीन पर वन विकसित करने, सरकारी पशु हॉस्पिटल व वेटेनरी कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्र, हरियाणा टूरिज्म द्वारा सुरजकुंड मेले की तर्ज पर वार्षिक मिर्जापुर मेला, हरियाणा की संस्कृति व इतिहास को संजोकर रखने व बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक केंद्र बनाने, फूलों फलों व औषधि के पेड़ पौधों की नर्सरी बनाने, दिल्ली हाट की तरह फरीदाबाद या गांव का हाट बनाने, अक्षरधाम कि तर्ज पर मंदिर बनाने, दिल्ली चिड़ियाघर जैसा चिड़ियाघर बनाने, फरीदाबाद व ग्रेटर फरीदाबाद में पीने के पानी का संग्रह करने, एफएमडीए का ऑफिस बनाने, एमसीएफ का नहरपार ऑफिस बनाने जैसे विकल्पों पर विचार करने का अनुरोध करने के लिए ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि रविवार 10 अक्टूबर से इस क्षेत्र में वन विकसित किए जाने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण प्रारम्भ किया जाएगा।



फरीदाबाद के गांव मिर्जापुर में डम्पिंग यार्ड क्षेत्र को विकसित करने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते पूर्व सरपंच महिपाल आर्य।

## एसडीआईएमटी में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



शीला देवी इंस्टिट्यूट आफ मैनजमेंट एंड टेक्नोलाजी में किया गया प्लेसमंट ड्राइव का सफलता पूर्वक का आयोजन।

**फरीदाबाद।** शीला देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एवं टेक्नोलॉजी में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। इसका आयोजन तारब्रोस ऑटोमोटिव कॅम्पोनेन्ट लिमिटेड के द्वारा किया गया।

सफल कैम्पस ड्राइव जिसमें एसडीआईएमटी के अतिरिक्त कई और कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें बहुत सारे विद्यार्थियों का सलेक्शन हुआ और कम्पनी द्वारा ऑफर लेटर विद्यार्थियों को दिए गए। मौके पर प्रिंसीपल प्रवीण चुग ने कम्पनी के एचआर हरीश ठाकुर और पूरी टीम का धन्यवाद किया और कहा कि आपने इस पेंडेमिक के समय पर बच्चों को जो सुनहरा अवसर दिया है वह मानवता की मिसाल है। इस मौके पर कॉलेज के जनरल सेकेट्ररी रणदीप सिंह ने भी कम्पनी के एचआर और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप पाठक ने इस पूरे प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक संचालन किया और सभी विद्यार्थियों को उनके चयन पर हार्दिक बंधाई दी।

# मौसम बदलते ही जिले में डेंगू-मलेरिया का प्रकोप शुरू

### एक बिस्तर पर दो-दो डेंगू मरीजों को किया जा रहा भर्ती

### जिले में वर्ष 2020 के मुकाबले तीन गुना से अधिक बढ़े हैं डेंगू के मरीज

**कविता।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में एक-एक बिस्तर पर लेटे दो-दो मरीज।



ओपीडी में फर्श पर फिजिशियन कक्ष के बाहर बैठे मरीज।

**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 105 पर पहुंच गया है। सोमवार को जिले में 5 नए मरीजों की पुष्टि की गई है। जिले में 40 हजार से अधिक बुखार के मरीजों की स्लाईडें तैयार की गई है। निजी अस्पतालों के अलावा अब शहर के सिविल अस्पतालों में भी डेंगू के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में बिस्तर पूरी तरह से भरे होने के कारण एक-एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं कुछ मरीज स्ट्रेचरों पर भी भर्ती थे। अस्पताल की ओपीड़ी में फिजिशियन कक्षों के बाहर सैंकड़ों की संख्या में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। जिले में जहां वर्ष 2020 में डेंगू के कुल 33 मरीज थे। वहीं इस वर्ष 2021 में सितम्बर तक 105 मरीज सामने आ चुके है। एक वर्ष में तीन गुणा आंकड़ा बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग चिंतित नजर आ रहा है।

मौसम बदलने के साथ ही शहर में जगह-जगह भरा पानी और गंदगी के ढेर ने बीमारियां बढ़ा दी हैं। बरसात के भरे पानी से डेंगू और मलेरिया फैलने की जो आशंका जताई जा रही थी, वह सही साबित हो गई। बीते वर्ष के मुकाबले डेंगू के मरीजों की संख्या तीन गुणा यानी 105 हो गई है। इसका जिम्मेदार नगर निगम को बताया जा रहा है। क्योंकि शहर में जगह-जगह गंदगी और गड्ढों में भरे पानी के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में अस्पतालों में मरीजों को न तो भर्ती होने के लिए बिस्तर मिल रहे है और न ही इलाज के लिए पहुंचने पर बैठने का स्थान। जिस कारण मरीज फर्श पर ही बैठने को मजबूर हो रहे है। बीके अस्पताल में बच्चों के वार्ड में तो एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीज भर्ती हैं। प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों को बिस्तरों की कमी बताई जा रही है। स्थिति यह है कि कुछ प्राइवेट अस्पताल संचालक जगह नहीं होने के कारण नए मरीज भर्ती ही नहीं कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकारी अस्पताल में मरीजों को पर्याप्त दवा न होने पर बाजार से लेकर आनी पड़ रही हैं। शहर में दवाओं की खपत 40 फीसदी तक बढ़ गई है।

### जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा पहुंचा 105

## संक्षिप्त समाचार

### सीआईए ने नेताओं के घरों पर की छापेमारी

**फरीदाबाद।** भारत बंद के दृष्टिगत सीआईए स्टाफ द्वारा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेताओं के घरों पर देर रात और सोमवार की सुबह आंदोलन को बढ़ावा देने से रोकने को लेकर छापामारी की। पहले सीआईए ऊंचागांव ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा के घर छापेमारी की है। लेकिन लांबा घर पर नहीं थे। इससे पहले भी संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वानों के दौरान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व मजदूर संगठन सीआईटीयू के नेताओं के घरों पर छापेमारी की जाती रही थी। इसके खिलाफ सकसं व सीटू ने सीपी आफिस पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। तत्कालीन सीपी ने नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में कर्मचारी नेताओं को परेशान नहीं किया जाएगा। लेकिन सीपी के बदल जाने के बाद आज पुन: छापामारी की गई है। जिसकी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने घोर निन्दा की है और पुलिस प्रशासन की इस तानाशाही व दमनकारी हथकंडों के खिलाफ सीपी आफिस पर प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा के निवास से बाहर आती पुलिस की गाड़ी।

### निर्माण श्रमिकों के लिए पल्स पोलियो अभियान

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय में रहने वाले निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया। नर्सिंग छात्राओं की सहयोग से चलाये गये इस अभियान के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पांच वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की और स्वास्थ्य टीमों को विश्वविद्यालय में रहने वाले निर्माण श्रमिकों के सभी परिवारों को कवर करते हुए उनके पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का आह्वान किया। उन्होंने नर्सिंग की छात्राओं के प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी उपस्थित थे।

### वोटर हेल्पलाइन मोबाइल सेवा हुई शुरू

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं/आमजन की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप शुरू की गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते बताया कि वोटर हेल्पलाइन नागरिकों को मतदाता सूची में नाम खोजने, ऑनलाइन फॉर्म आवेदन करने , आवेदन करने की स्थिति में जांच करने, शिकायत दर्ज करने, परिणाम देखने, मतदान केंद्र का पता लगाने तथा की ई-एपिक डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि एप स्टोर, प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर अपना ई-एपिक डाउनलोड कर इस एप्लीकेशन का लाभ ले सकते हैं।

### राहत : जिले में कोरोना एक्टिव केस मात्र नौ केस

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना की रफ्तार धीमी हो गई है। रविवार को जहां मात्र दो नए मामले सामने आए थे। वहीं सोमवार को जिले में एक भी नया मरीज सामने नहीं आया और राहत की बात यह रही कि जिले में दो मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 9 पर पहुंच गया है। वहीं पिछले 24 घंटे में 1262 लोगों के सैम्पल जांच की गई। जिसमें फिलहाल 976 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में 9 केसों में सात मरीज होम आईसोलेशन में है और दो मरीज अस्पतालों में भर्ती है। अब तक जिले में 1132680 लोगों ने अपनी जांच करवाई है। जिसमें 99853 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1031952 लोग नेगेटिव मिले। वहीं जिले में अब तक 99128 मरीज पूरी तरह से ठीक हो गए है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक 716 मरीजों की मौत हो चुकी है।



(कोरोना जांच प्रयोगशाला में आरटीपीसीआर जांच अब्दुल से करवाती विमला नामक महिला

### आज लगी सवा सात हजार डोज

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने के लिए अधिक से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। सोमवार को सात हजार 247 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई। जिसमें सरकारी में प्रथम डोज 3680 को और सैकेंड डोज 2800 लोगों को लगाई गई। वहीं निजी अस्पताल में 339 को प्रथम डोज और 428 लोगों को सैकेंड डोज लगाई गई। जिसमें प्रथम और सैकेंड डोज लगाई गई।

### 456 लोगों ने करवाया वैक्सीनेशन : एबीवीपी

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद जिला एसएमएस एवं एबीवीपी एनआईटी नगर के द्वारा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिला मिडिया प्रभारी रवि पाण्डेय ने बताया इस वैक्सीनेशन कैंप में 456 लोगों को फर्स्ट एवं सैकड़ों डोज लगाई गई। लोगों के अंदर वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, अब लोग अपने घरों से निकलकर वैक्सीनेशन करवा रहे हैं। एसएमएस जिला संयोजक छविल शर्मा ने कहा जिन्होंने वैक्सीनेशन का एक डोज भी नहीं लगवाया है। वे सबसे पहले जाकर अपना डोज लगवाएं और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाएं। स्वदेशी जागरण मंच विद्यार्थी प्रमुख सूरज प्रधान ने कहा जिन्होंने अभी तक अपना वैक्सीनेशन नहीं करवाया। वह कोविड वैक्सीनेशन करवा कर अपने सामाजिक जिम्मेदारी का फर्ज निभाए। वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। जिसमें सीएमओ, डॉ मानसिंह, डॉक्टर सुभानी, एसएमओ बल्लभगढ़, एसएमओ एनआईटी एवं बीके हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ का सहयोग रहा। इस अवसर पर नगर मंत्री संचित शर्मा, कृष्णा पांडे, सुमित शर्मा, सचिन पंडित, डॉ निकेत, अंश फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, अध्यक्ष सन्नी कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत बंद के समर्थन में विभिन्न संगठनों ने किया जोरदार प्रदर्शन

### ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन कार्उसिल फरीदाबाद के बैनर तले विभिन्न यूनियनों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा





सेक्टर 12 स्थित तधु सचिवालय के गेट पर उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कुंदन लाल को ज्ञापन देते युनियन के पद अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तीन** कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार के भारत बंद के समर्थन में ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के बैनर तले विभिन्न यूनियनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लघु सचिवालय के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के कार्यकर्ता सेक्टर-12 स्थित ओपन एयर थिएटर में एकत्रित होने शुरू हो गए थे। यहां पर एक विशाल जनसभा हुई। इसकी अध्यक्षता एटक के बिशंबर सिंह, सीटू के निरंतर पराशर, हिंद मजदूर सभा के केआरडी यादव, इंटक के श्याम बाबू आईसीटीयू के नेता पूरनलाल ने संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन कन्वीनर लालबाबू शर्मा ने किया। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए एटक के महासचिव बेचू गिरी ने केंद्र सरकार पर किसानों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से टालमटोल का रास्ता छोड़कर किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग की। लोगों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि जब तक तीनों काले कृषि कानूनों को केंद्र सरकार रद् नहीं करती है। तब तक किसानों एवम् मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा। हिंद मजदूर सभा के नेता राजपाल सिंह दांगी ने भी संबोधित किया। उन्होंने किसानों की उत्पादन के लिए मंडी व्यवस्था बनाए रखने और उनकी जींस का न्यूनतम समर्थन मूल्य को लागू करने की मांग की।

इंटक के जिला प्रधान हुकुमचंद बेनीवाल और आईसीटी यूके कामरेड जवाहरलाल ने भी किसान आंदोलन को भरपूर समर्थन देने का ऐलान किया। महिला नेत्री सरोज और आगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन की राज्य प्रधान देवेंद्र री शर्मा ने भी संबोधित किया। प्रदर्शनकारी तीनों कृषि कानूनों को रद्द करो, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करो, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाओ, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, सरसों के तेल की मूल्य वृद्धि वापस लो के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के फौरन बाद देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कुंदन लाल को सौंपा गया। समापन से पहले अध्यक्ष मंडल के सदस्य कामरेड विशंभर सिंह ने फरीदाबाद, पुलिस प्रशासन, पर सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान श्री सुभाष लांबा के घर पर सीआईए को भेजने की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि नेताओं के घरों में पुलिस को भेजने की योजना पर रोक नहीं लगाई गई तो ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर भी प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

# कोविडकाल में मृत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को दी गई मदद



सेक्टर-21 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में डीसीपी मुख्यालय डा. अंशु सिंगला ने कोविड महामारी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को मैनकाइंड कंपनी के पदाधिकारी के चेक भेंट करने के बाद साथ खड़े परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोविड** महामारी के दौरान जिस प्रकार से पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ नागरिकों की मदद की है। वह किसी भी प्रकार से किसी शौर्य से कम नहीं है। ड्यूटी के दौरान इस महामारी से संघर्ष करते हुए फरीदाबाद के तीन पुलिसकर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए ।जिसमें सहायक उपनिरीक्षक होशियार सिंह, एसपीओ महाबीर और होमगार्ड हुकम चंद का नाम शामिल है।

इन पुलिसकर्मियों के बलिदान को देखते हुए मैनकाइंड कंपनी के अधिकारियों ने आज पुलिस उपायुक्त कार्यालय सेक्टर-21 में पहुंचकर डीपीपी मुख्यालय डॉ अंशु सिंगला को, पुलिसकर्मियों के आश्रितों को देने के लिए 3-3 लाख रुपये के चेक भेंट किए। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त अंशु सिंगला, वेलफेयर सबइंस्पेक्टर महेश कुमार, मैनकाइंड कंपनी की तरफ से कंपनी के मालिक सुनील बाणा, मैनेजर विनोद कुमार और विकास पाठक मौजूद थे। वहीं पुलिसकर्मियों के परिजनों की तरफ से एएसआई स्व. होशियार सिंह की पत्नी निर्मला देवी, एसपीओ स्व. महाबीर की पत्नी अनीता देवी, होमगार्ड स्व. हुकुमचंद की पत्नी संतोष देवी व अन्य परिजन मौजूद थे। इससे पहले पुलिस विभाग की तरफ से भी वीरगति को प्राप्त हुए पुलिसकर्मियों के आश्रितों की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। एसआई होशियार सिंह के पुत्र को हरियाणा सरकार की एक्स ग्रेशिया पॉलिसी के तहत नौकरी के लिए फाइल तैयार करके पुलिस महानिदेशक पंचकुला के पास भिजवाई जा चुकी है।

# डीएवी कॉलेज में कार्यशाला का किया आयोजन



एनएच-3 स्थित डीएवी कालेज में सिविल सेवा परीक्षा को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती प्राचार्या डा. सविता भगत और अन्य लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवी** शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में महाविद्यालय के नॉलेज ग्रुप एवं कॅरियर तथा प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान से कॉलेज के ही हॉल में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी एवं साथ ही उद्यमिता के क्षेत्र में भी अनंत सम्भावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह सर्वविदित है कि सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षा जिसके द्वारा प्रतिवर्ष आईएएस आईपीएस, आईएफएस एवं अन्य अलाइड सेवाओं के लिए यूपीएचसी द्वारा चयन किया जाता है। इस कार्यशाला में सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा एवं उसकी विस्तृत तैयारी सुनिश्चित करने के लिए जानकारी दी गयी। इसके अलावा छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता तथा स्टार्ट अप के लिए भी एक्सपर्ट्स के द्वारा जानकारी दी गयी।

आरम्भ में कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों का स्वागत किया और कार्यक्रम के रूपरेखा व उद्देश्य की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन के समय संयोजक डॉ नीरज सिंह ने आशा सैनी तथा अलका ओझा को इस कार्यशाला में बतौर रिसोर्स पर्सन शामिल होने पर उनका आभार व्यक्त किया।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय टीम का शानदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर-कंडीशनिंग इंजीनियर्स के इंडियन चैप्टर द्वारा आयोजित एक फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया। प्रतियोगिता में उपविजेता रही।

इस प्रतियोगिता का आयोजन जामिया मिलिया इस्लामिया विवि नई दिल्ली में किया गया था। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई दी। उन्हें प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार, प्रो. तिलक राज, प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. अरविंद गुप्ता और प्रो. लखविंदर सिंह भी उपस्थित थे। फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ भूपेंद्र यादव ने बताया कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के छात्र निशांत कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की की टीम ने प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया है।

# मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया एसडीएम कार्यालयों का औचक निरीक्षण

### कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ दिए जांच के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बल्लभगढ स्थित एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण करते कैबिनेट मंत्री मूल चंद शर्मा।

**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को बल्लभगढ़ के एसडीएम कार्यालय परिसर में स्थानीय पंचायत भवन में विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने पिछले एक महीने से हो रही रजिस्ट्रियों के कागजात की बारीकी से वेरीफिकेशन की और कहा कि पिछले एक माह से जितनी भी रजिस्ट्रियां हुई है उनकी इंक्वारी की जाए। इसके लिए कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम बल्लभगढ़ और एसीपी बल्लभगढ़ की एक कमेटी बनाई है। जो कि अगले दो सप्ताह में अपनी इंक्वारी की रिपोर्ट मंत्री को सौपेंगी। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग विभाग द्वारा गरीब परिवारों को सरकार द्वारा फ्री में राशन वितरण करने भी पिछले कई दिनों से शिकायतें आ रही थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रति माह गरीब परिवारों को निशुल्क में दिया जा रहा है। उसमें भी धांधलियों की शिकायत मिली है। इसके लिए भी बल्लभगढ़ के सभी 200 राशन डिपो की इंक्वायरी भी एसडीएम बल्लभगढ़ और एसीपी बल्लभगढ़ की कमेटी द्वारा की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जो भी दोषी अधिकारी या कर्मचारी होगा उसके खिलाफ सुनिश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने ऑनलाइन किए जा रहे विभिन्न प्रमाण पत्रों और लाईसेंस, आधारकार्ड बनाए जा रहे सीएससी सेंटर का भी निरीक्षण किया।

# प्रधानमंत्री के नाम सौंपा कर्मचारियों ने ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके चौक पर नायब तहसीलदार यशवंत सिंह को ज्ञापन देते अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडशन व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य।

**अखिल** भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर बल्लभगढ़ व एनआईटी में सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालय, पंचायती राज सोसाइटी व केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं में काम करने वाले नियमित कर्मचारी ने बीके चौक स्थित नगर निगम कार्यालय पर तथा पंचायत भवन पर प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

कर्मचारी नेताओं ने उपायुक्त द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों को ज्ञापन प्रेषित करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी जन स्वास्थ्य व परिवहन के निजीकरण पर रोक लगाने, बिजली संशोधन बिल व ट्रांसपोर्ट रोड सेफ्टी बिल रद्द करने, तीनों कृषि कानूनों व चारों लेबर कोड्स को रद्द करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रद्द करने, हरियाणा में बनाया गया संपत्ति क्षतिपूर्ति बिल रद्द करने, पीएफआरडीए को खत्म कर पुरानी पेंशन बहाल करने, जन सेवाओं के महकमों का विस्तार कर नए पद सृजित करने, पहले से काम कर रहे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, नियमित भर्ती करने, राष्ट्रीय मुद्रीकरण, पाइपलाइन नीति को रद् करने की मांग दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक ज्ञापन पहुंचाने की अपील की। बल्लभगढ़ के प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार व वरिष्ठ उप प्रधान अतर सिंह केशवाल ने किया तथा एनआईटी में बीके चौक से नीलम चौक तक किए गए प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ उप प्रधान युद्धवीर सिंह खत्री, दिगंबर डागर, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, उप प्रधान कमला, बिजली यूनियन के नेता शब्बीर खान, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, ब्लॉक प्रधान करतार सिंह, म्युनिसिपल फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान, शाहवीर खान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नेता यूएम खान, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गुरचरण खाण्डिया आदि नेता कर रहे थे। इस प्रदर्शन में किसान नेता सतपाल नरवत तथा नवल सिंह भी मौजूद रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री को उत्पीडिन करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# समावेशी विकास में पर्यटन का योगदान अहम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद के पर्यटन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें माई विंगस ट्रैवल्स के सीईओ एवं संस्थापक संदीप मेहता ने छात्राओं को पर्यटन विभाग में रोजगार के अवसरों से अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के समावेशी विकास के लिए वहां के पर्यटन का अहम योगदान होता है। अगर भारत की बात करें तो यहां पर पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 40 विश्व विरासत धरोहर है तथा 7516 किलोमीटर की तटीय रेखा हैं। इसके अलावा भारत में साहसिक पयर्टन एवं धार्मिक तथा मैडिकल पर्यटन के पर्याप्त स्त्रोत उपलब्ध हैं। जो घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का मुख्य केंद्र बन सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक करोना महामारी के पश्चात भारत विश्व स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा करेगा।

प्राचार्या डा. सुनिधि ने छात्राओं को विश्व पर्यटन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि टूरिज्म के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कोई कमी नही है । वर्तमान में तकनीक के साथ पर्यटन क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। यदि छात्राएं इस क्षेत्र में आगे बढना चाहती हैं तो उन्हें तकनीकी रूप से कुशल होने का प्रयास करना होगा।

**विकास डब्ल्यूएसपी. लिमिटेड**
CIN: L24139HR1988PLC030300
Registered Office: Railway Road, Siwani, Haryana -127046 India
Corporate Office: B-86/87, Udyog Vihar, RIICO, Industrial Area, Sri Ganganagar, Rajasthan-335002
Website: www.vikaswspltd.in;
E-mail ID: csgunjanvikaswspltd1984@gmail.com
Tel: 91(154) 2494512/2494552; Fax: 91(154) 2494361/2475376

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम 2015 ("सूचीयन विनियमन") के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 01 अक्टूबर, 2021 को 11:30 में कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय बी-86/87, उद्योग विहार, रिको, श्रीगंगानगर -335002 में आयोजित की जायेगी, जिसमें अन्य विषयों के अतिरिक्त 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही (Q-1) के लिए कम्पनी के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जायेगें।

विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड
हस्ता./-
(बिमला देवी जिंदल)
निर्देशक
DIN: 00034997

स्थान:- श्रीगंगानगर
तिथि:- 27.09.2021

1947 के विभाजन का दर्द–बुजुर्गों की जुबानी

# बंटवारे के समय ठाकुर दास के कस्बे में 32 हिन्दुओं का हुआ था कत्ल

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## बंटवारे के समय चौथी कक्षा में थे ठाकुर दास आहुजा

**भारत**–पाकिस्तान का बंटवारा हुआ तो दो धर्मों के बीच एक तरह से जंग छिड़ गई थी। यह अलग बात है कि मारने वालों के पास हथियार थे, वे अपना काम कर रहे थे। पीड़ितों को तो किसी भागकर, छिपकर अपनी जान बचाने की चिंता थी।

उस समय के प्रत्यक्षदर्शी ठाकुर दास की मानें तो अकेले उनके कस्बे में ही 32 हिन्दुओं की नृशंस हत्या कर दी गई। ठाकुर दास आहूजा के मुताबिक उनका जन्म 20 फरवरी 1937 को वर्तमान में पाकिस्तान के हजरत सखी सरोवर क्षेत्र में हुआ था। बंटवारे के समय वे चौथी कक्षा में पढ़ते थे। उनका कहना है कि सखी सरोवर सुलेमान के पहाड़ में बसी एक छोटी सी रियासत थी। जिसके नवाब थे जमाल खान लंगारी। वहां सैराकी व बलूची



ठाकुरदास।

जबान बोली जाती थी। लांगरी, खोसे मजारी, वीरानी, गुरचानी, हेतराम बुजदार, केसरानी वहां के जागीरदार थे। सखी सरोवर छोटी–सी रियासत डेरा गाजी खान से कोई 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सखी सरोवर के आगे चढ़ाई शुरू होती है। थोड़ी दूरी पर चोटी जरीन व चोटीवाला के छोटे कस्बे हैं, वहां ऊंटों की सहायता से पहुंचा जा सकता है। कबाइली सरदार बलोच कबीलों का विभाजन भी अंग्रेजों ने किया था। ठाकुर दास बताते हैं कि सिखों के पहले गुरू नानक देवजी वहां पधारे थे। इसलिए वहां हर साल बैसाखी के त्योहार पर सिख श्रद्धालु पहुंचे थे। उनको लोग पीर भाई कहकर पुकारते थे।

### दंगाइयों ने चलती ट्रेन पर चलाई थीं गोलियां

**ठाकुर** दास बताते हैं कि बंटवारे के बाद वे अपने परिवार के साथ सिन्धु नदी को पार करके मिलिट्री ट्रक तक पहुंचे। वहां से ट्रक में मुजफ्फरगढ़ पहुंचे, फिर रेलगाड़ी में सवार होकर हिंदुस्तान की तरफ चल पड़े। खानेवाल से जब ट्रेन रवाना हुई तो कुछ मुसलमानों ने चलती ट्रेन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। लोगों ने तुरंत ट्रेन की खिड़कियां, दरवाजे बंद करके अपने आप को बचाया। वे बताते हैं कि बंटवारे के समय उनके कस्बे में 32 हिन्दुओं को बलोच कबीले के लोगों ने कत्ल किया था। उन्होंने स्वयं अपने दो भाईयों के साथ जानकार मुसलमान के घर में शरण लेकर अपनी जान बचाई थी।

### दिल्ली में टीचर की नौकरी मिली

**पाकिस्तान** से भारत में वे सबसे पहले अपने परिवार के साथ अटारी बॉर्डर पर पहुंचे। वहां उन्हें टैंटों में जगह मिली। वहां से सब जालंधर आ गये। इसके बाद फरीदाबाद पहुंचे। फरीदाबाद से दसवीं कक्षा पास करके टीचर की ट्रेनिंग ली। एक साल बाद उनकी दिल्ली में क्लर्क की नौकरी लगी। इसके बाद टीचर बने। आखिर में 28 फरवरी 1997 को वे सेवानिवृत हो गये।

# भारत बंद: गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर पर लगा लंबा जाम



गुरुग्राम-दिल्ली सरहोल बॉर्डर पर भारत बंद के दौरान लगा जाम।




गुरुग्राम में भारत बंद के दौरान बाजारों में जुलूस निकालते किसान, श्रमिक संगठन व राजनीति क्षेत्र के लोग।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## शहर में भी कर्मचारी संगठनों ने किया प्रदर्शन

### तीन कृषि कानूनों के विरोध में किसान संगठनों ने किया है भारत बंद का आह्वान

**तीन** कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को किसानों का भारत बंद रहा। इसका गुरुग्राम में अधिक असर नजर नहीं आया, लेकिन शहर में कर्मचारी संगठनों ने किसानों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं गुरुग्राम से दिल्ली की तरफ जाने के लिए हजारों वाहन जाम में फंसे रहे। सप्ताह का पहला दिन होने के चलते लोग अपने काम–धंधों, नौकरी पर जाने के लिए निकले थे। दिल्ली जाने वालों को सबसे अधिक परेशानी रही।

गुरुग्राम से दिल्ली में प्रवेश के सरहोल बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस जाम में सबसे अधिक गाड़ियां ही नजर आई। लोग घंटों तक जाम में फंसे खड़े रहे, क्योंकि दिल्ली में प्रवेश के समय उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली पुलिस की ओर से बॉर्डर पर बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका गया। उनकी गति पर ब्रेक लगाए।

वहीं, कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर सड़कों पर आए किसानों, किसान संगठनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस भारत बंद में शामिल होने वाले सामाजिक संगठनों और ट्रेड यूनियन में जनवादी महिला समिति, एआईटीयूसी, सीआईटीयू, एआईयूटीयूसीआई, एनटीयूसी, रिको यूनियन, पावर ट्रेन यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, मुंजाल यूनियन, हीरो यूनियन, आशा वर्कर यूनियन, मिड–डे मील वर्कर यूनियन, ग्रामीण चौकीदार यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन, भवन निर्माण यूनियन तथा अन्य संगठन शामिल हैं।

### देश बचाने को किसानों का सहयोग जरूरी

**संतोख** सिंह एडवोकेट ने दुकानदारों से कहा कि देश को बचाने के लिए किसानों का सहयोग करें। यह जरूरी है। सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। इतना कुछ सहने के बाद भी आज किसान मैदान में डटे हैं। उन्होंने कहा कि हर किसी का काम, कारोबार किसानों से जुड़ा है। उनके द्वारा पैदा की गई फसलों से हम सबका घर चलता है। हमें किसानों को बचाना होगा। इसलिए शाम चार बजे तक दुकानें बंद रख कर बंद का समर्थन करें। आम आदमी पार्टी की दक्षिण हरियाणा प्रवक्ता डा. सारिका वर्मा ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि तीन अध्यादेश के विरोध में साढ़े 650 किसान शहीद हो चुके हैं, फिर भी सरकार की नींद नहीं टूट रही। इसलिए सरकार को जगाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंद करवाकर हम नहीं चाहते किसी का व्यापार प्रभावित हो, फिर भी इस मांग में हम सबको साथ देना चाहिए। किसान का पूरा परिवार मिट्टी से मिट्टी होकर काम करता है। तब जाकर फसलें हम तक पहुंचती हैं। तीन कृषि किसानों को खत्म कर देगा। यह हर हाल में निरस्त होना चाहिए।

### हाथ जोड़ दुकानें बंद करने का किया अनुरोध

**जुलूस** के दौरान किसानों के साथ मिलकर शहर में प्रदर्शन करते हुए दुकानदारों से चार बजे तक दुकानें बंद रखने का आह्वान किया। संयुक्त किसान मोर्चा के गुरुग्राम अध्यक्ष संतोख सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में शहर में प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रदर्शन के आगे चलते–चलते उन दुकानदारों से दुकानें बंद करने की अपील की, जिन्होंने अपनी दुकानें खोल रखी थी। हालांकि उस दौरान काफी दुकानें बंद थी। दुकानें बंद कराने के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना ना घटे, इसलिए दुकानों के आगे दोनों ओर प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस चलती रही। पुलिस का यहां कड़ा पहरा रहा। प्रदर्शनकारियों को दुकानदारों के निकट जाने की अनुमति नहीं दी गई। जब भी कोई प्रदर्शनकारी दुकानदारों की तरफ जाने का प्रयास करता तो पुलिसकर्मी उसे वापस भेज रहे थे। पुलिस को सख्त आदेश थे कि प्रदर्शनकारी दुकानों को जबरदस्ती बंद कराने का प्रयास ना करें।

### शहर में चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस



गुरुग्राम में भारत बंद के दौरान तैनात पुलिस फोर्स।

**गुरुग्राम** के रास्ते दिल्ली–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–48 समेत एमजी रोड, द्वारका रोड, पालम विहार से बजघेड़ा रोड आदि स्थानों पर पुलिस ने सतर्कता दिखाई। बेशक भारत बंद के आह्वान पर बाजार बंद नहीं करवा पाए, लेकिन ऐहतियात के तौर पर पुलिस की पूरे शहर में, हाइवे किनारे, जिले की सीमाओं पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। पुलिस ने वाहनों की जांच भी की, ताकि कोई शरारती तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम ना दे पाए। जिला प्रशासन की ओर से भारत बंद को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गये।

### बाजार जबरदस्ती बंद नहीं करने दिए: पुलिस आयुक्त




गुरुग्राम में भारत बंद के दौरान सदर बाजार में तैनात पुलिस। सभी फोटो: संजय कुमार मेहरा

**गुरुग्राम** के पुलिस आयुक्त केके राव ने भारत बंद पर कहा कि पुलिस की ओर से सुरक्षा की पूरी तैयारियां हैं। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। बाजारों को जबरदस्ती बंद नहीं कराने दिया जाएगा। सभी पुलिस अधिकारियों की अपने क्षेत्रों में तैनाती कर दी गई। शहर में पुलिस चौकस है। वाहनों का जाम नहीं लगने देने के पूरे प्रयास हैं। जहां कहीं थोड़ा जाम लगा है, वहां पर पुलिस सक्रियता से काम कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम चौटाला के हरिजन शब्द के इस्तेमाल पर हुआ विवाद



**गुरुग्राम।** पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला द्वारा जींद में सम्मान दिवस रैली में अपने भाषण में अनुसूचित जाति के लिए हरिजन शब्द का इस्तेमाल करने पर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर कहीं अदालत में याचिका दायर की जा रही है तो कहीं अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की जा रही है। गुरुग्राम में भी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्त और पुलिस आयुक्त को शिकायत पत्र दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता जलजीत थुराना ने कहा कि हरिजन शब्द प्रतिबंधित है। इसको इस तरह से नहीं बोला जा सकता। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हरिजन शब्द को 24 मार्च 2017 को दिए जजमेंट में माना था कि हरिजन शब्द अपमानित और अपराधिक है। फिर भी चौटाला ने अनुसूचित समाज को हरिजन कहकर संबोधित करने का काम किया। यह पूरे समाज की तौहीन है। एक तरफ तो वे मंच पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाते हैं और दूसरी तरफ अनुसूचित जाति समाज को लेकर इस तरह से बोलते हैं। ज्ञापन देने वालों में मोतीलाल चकरपुर, रोहित जाटव, अर्जुन जाटव, मनीष, धीरज, राजेंद्र, भजनलाल, सुरेंद्र आदि शामिल रहे।

### इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ प्रिया का नाम



**गुरुग्राम।** हरियाणा की बेटी प्रिया ने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करवाकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने लिंक्डइन ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक दिन में सबसे ज्यादा पोस्ट करके यह रिकार्ड अपने नाम किया है। गुरुग्राम की एक निजी सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत मूल रूप से हरियाणा के झज्जर जिले के गांव निलाहेड़ी की रहने वाली प्रिया ने 9 जुलाई को पशु क्रूरता विषय पर एक दिन में 204 पोस्ट किए। जिसकी पुष्टि 10 जुलाई को की गई। इंडिया बुक ऑफरिकाड्र्स 2022 के तहत एक दिन में एक व्यक्ति द्वारा अधिकतम लिंक्डइन पोस्ट शीर्षक वाले रिकॉर्ड के रूप में उनके दावे को अंतिम रूप दिया गया। इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स की तरफसे उनके द्वारा दिखाए गए प्रयास और धैर्य की सराहना की गई। साथ ही उनके कौशल को स्वीकार करते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स के संपादकीय बोर्ड द्वारा किए गए सत्यापन के अनुसार उन्हें सर्वश्रेष्ठ चुना और अनुमोदित किया गया।

### घर में घुसकर कर मारपीट करने पर केस दर्ज

**सोहना।** पुलिस ने हरिनगर वार्ड–4 के निवासी की शिकायत पर तीन महिलाओं समेत 11 नामजद तथा 10–12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लाठी, डंडे, सरिया और लातघूसों से मां–बेटा की पिटाई करने का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने दबंगों पर जाति सूचक शब्दों में गालियां देने का आरोप भी लगाया है। मामले की जांच एसीपी को सौंप दी गई है। 19 सितम्बर की सुबह साढे नौ बजे दंबगों ने बच्चों की मामूली सी लड़ाई को लेकर शहर के वार्ड–4 हरिनगर में रहने वाले देविन्द्र व उसकी मां ओमवती को पहले सड़क पर फिर घर में जाकर मारा था। सोहना सिटी थाना पुलिस ने पीड़ित देवेन्द्र की शिकायत पर सुन्दर चौहान, हिमांशु, सौरव, एकांश, सतबीर, धर्मबीर, प्रिंस, सुभाष, कौशल, सरोज व विमला समेत 10–12 अन्य के खिलाफ मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्दों में गालियां देकर अपमानित करने का मामला दर्ज किया है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच सोहना एसीपी को दी गई है। पुलिस अभी किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### रोहताश बिश्नोई एवं सुमित को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए एडीशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर रोहताश बिश्नोई तथा संयुक्त आयुक्त –4 सुमित कुमार को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी हैं। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशों के अनुसार रोहताश बिश्नोई अपने कार्य के अतिरिक्त अतिरिक्त निगमायुक्त –4 जसप्रीत कौर को पूर्व में सौंपे गए कार्यों का भी निर्वहन करेंगे। कौर का तबादला हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण गुरुग्राम में हो गया है। वे नगर निगम गुरूग्राम में अतिरिक्त निगमायुक्त के पद पर कार्यरत थी। इसके अलावा संयुक्त आयुक्त –1 प्रदीप अहलावत का तबादला होने के चलते निगमायुक्त ने जोन–1 की अतिरिक्त जिम्मेदारी संयुक्त आयुक्त–4 सुमित कुमार को सौंपी हैं।

## पोषण माह पर पौष्टिक और स्वादिष्ट क्षेत्रीय थाली–हमारी प्रोटीन थाली

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** में सितंबर महीने में पोषण माह (न्यूट्रीशन मंथ) मनाया जा रहा है। ऐसे में हमने स्वाद, सुगंध (फ्लेवर) और पोषण में नवीन प्रयोगों के साथ विविधतापूर्ण और स्वादिष्ट भारतीय क्षेत्रीय व्यंरजन तैयार किये हैं। और हमारा मुख्या फोकस प्रोटीन पर है जोकि हमारी रोजाना की डाइट में एक दमदार आवश्यकक पोषक तत्वे है।




पॉल्ट्री ढाबा द्वारा संचालित और यूएसएसईसी (यूएस सोयाबीन एक्सपोर्ट काउंसिल) द्वारा समर्थित इस पहल में भारत के हर राज्यख से 28 स्वारदिष्टा और संपूर्ण पोषण देने वाली क्षेत्रीय थालियों का एक बेहतरीन संकलन प्रस्तुत किया गया। हर थाली बैलेंस्ड् डाइट की पूरक है। इन थालियों ने बैलेंस्ड डाइट के महत्व को सामने लाने में मदद की। यह एक ऐसी डाइट है जिसमें पर्याप्ता मात्रा में पोषक तत्वस होते हैं, खासतौर से प्रोटीन जोकि इम्युमनिटी और सेहत बनाने में मदद करता है और हमें तंदुरुस्तप बनाता है। एक ठेठ थाली थाली शाकाहारी और मांसाहारी दोनों हो सकती है जिसमें तरह–तरह के खाद्य पदार्थ होते हैं और ये कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, फैट्स और हाँ, सबसे महत्व पूर्ण प्रोटीन से युक्तो होती हैं। इस अनूठी पहल के बारे में सुश्री रितिका समद्दार, चीफ डाईटीशियन, मैक्सा हेल्थाकेयर साकेत ने कहा कि, "भारतीय होने के नाते हमें मात्रा एवं गुणवत्ता दोनों के लिहाज से प्रोटीन पर ध्यौन देने की जरूरत है। हमारे देश में प्रोटीन का सेवन आमतौर पर कम है। इस महामारी ने हमें अच्छी डाइट के महत्व का अहसास कराया है। हमारी डाइट में प्रोटीन शामिल करने से हम सेहतमंद होते हैं और हमारी इम्यु निटी बेहतर होती है। हमें प्रति किलोग्राम शरीर के वजन के अनुसार 0.8 से 1 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है जोकि अमूमन एक स्विस्थज वयस्क के लिए 50–60 ग्राम प्रतिदिन होती है। सोयाबीन, पोल्ट्री , अंडों, डेरी प्रोडक्ट्सथ और नट्स जैसे प्रोटीन्सि का अच्छीन मात्रा में सेवन करने से आपका स्वारस्य् ह बेहत रहेगा और कुल मिलाकर हमें एक स्वोस्थ, राष्ट्रड मिलेगा। थाली का कॉन्सेप्ट खान–पान की पोषक पद्धति को सामने लाने के लिये था। पूरी दुनिया में लोग फ्राइज और कुकीज और पता नहीं क्या–क्या खाते रहते हैं। हालांकि भारतीय होने के नाते हमें थाली के कॉन्सेप्ट को सम्मा न देना चाहिये, क्यों कि हमारी बाल पीढ़ी को भोजन के इस तरीके का महत्व बताना जरूरी है। उनका सामना कई तरह के जंक और फास्ट, फूड से होता है, जिनसे मेटाबॉलिज्म की बीमारियां और गैर–संक्रामक रोग हो सकते हैं। इसके पीछे प्रयास स्थाटयी और पारंपरिक भोजन प्रणाली को अपनाने का है, जिससे हर कोई पोषित हो सकता है।

## अदालत में जाने की तैयारी कर रहे हैं किसान

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगरवासियों** को स्थानीय लोगों को जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते लोगों के घर व खेतों में गंदा पानी जमा हो रहा है। जिसके चलते घर व खेत में जमा गंदा पानी की निकासी न होने से लोग अदालत में जाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

एनजीटी के आदेश पर नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर से निकलने वाला सीवर, नाली व बरसाती पानी को सीवरेज के माध्यम से ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने की कवायद तो शुरू कर दी, लेकिन बरसाती नालों में कचरा भरा होने से तथा सीवर लाइन जमा होने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। नालों का पानी वापस आबादी क्षेत्र के आम रास्ते या खेतों में जमा होने से लोगों का जीवन नरकीय बना हुआ है। आम रास्तों में जमा गंदा पानी में से स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर आम लोग निकलने को मजबूर हो रहे है। वार्ड-19 के निवासी नेमसिंह सैनी ने बताया कि उसके मकानों में नाली व सीवर का पानी जमा हो रहा है। सबमर्सिबल पंप लगाकर पानी का घरों से बाहर किया जा रहा है। मंगलनगर के 50 से 60 परिवार नालों का गंदा पानी आम रास्तों जमा होने से परेशान हैं।



नगर परिषद के वार्ड सं-19 के आम रास्ते में भरे गंदे पानी से बच कर निकलता एक नागरिक।

### नागरिक अस्पताल में कोविड की तीसरी लहर को लेकर तैयारियां जारी

**सोहना।** सोहना का स्वास्थ्य विभाग संभावित कोरोना महामारी की तीसरी लहर से बचाव की तैयारी में जुट गया है। महामारी से पीड़ित होने वालों की जान जाने की आशंकाओं पर समय पर काबू पाने की योजना को तैयारी कर रहा है। जिसके तहत विभाग ने अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर दिया है। नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट चालू हो गया है। जिसकी क्षमता 500 लीटर प्रति मिनट आक्सीजन देने की है। इस ऑक्सीजन प्लांट को मारुति कंपनी द्वारा लगाया गया है।

## आरडब्ल्यूएज ने किया विधायक का धन्यवाद

### विधायक के कार्यालय में पहुंचे शहर की सभी आरडब्ल्यूए के मुख्य लोग

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद करते शहर की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी।

**शहर** में आरडब्ल्यूए को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए विधायक सुधीर सिंगला द्वारा उठाए गए कदम पर सोमवार को यूनाइटेड गुरुग्राम आरडब्ल्यूएज (शहर की सभी आरडब्ल्यू) के बैनर तले आरडब्ल्यूए के मुख्य सदस्यों ने विधायक का धन्यवाद किया। विधायक के कार्यालय में ये सदस्य पहुंचे। विधायक को बुके देकर व मिठाई खिलाकर धन्यवाद करते हुए शहर के विकास में पूरा सहयोग देने का आश्वासन आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने दिया।

विधायक कार्यालय में पहुंचे आरडब्ल्यूए सदस्य प्रवीन यादव, कमांडर उदयवीर यादव, प्रशांत चौहान, सूरज भोला, नीरू यादव, चैताली मंधोत्रा, हरीश यादव, कल्याण सिंह शर्मा, योगिता कटारिया, टिंकू वर्माद्व नरेश कुमार बतरा, केके आहुजा, ओपी कुकरेजा, सचिन कालरा, महेश माथुर, वीरेंद्र मित्तल, एएन अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में भी वे अपनी मांगों को लेकर विधायक सुधीर सिंगला से मिले थे। इस अवसर पर सेक्टर–15 पार्ट–2 आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान अमित गोयल भी उपस्थित रहे। आरडब्ल्यूए के दो ही मुख्य मांगें हैं, जिनमें संतुष्टि प्रमाण पत्र वार्ड कमेटी से ना लेकर आरडब्ल्यूए से लिया जाए और सेक्टर्स में पार्क एवं कम्युनिटी सेंटर के रखरखाव की जिम्मेदारी आरडब्ल्यूए को सौंपी जाए।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनहित में जो भी निर्णय लिया जाए, वे लेंगे। जल्द ही सभी आरडब्ल्यूए के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वे बैठक आयोजित करवाएंगे। सभी मुद्दों पर वहां चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर शहर के विकास के लिए काम करना है। इसलिए सभी की भागीदारी जनहित कार्यों में जरूरी है।

## आरजीसीआईआरसी के विशेषज्ञों ने भारत में कैंसर केयर के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**दिल्ली** के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के दो सर्वोत्कृष्ट विशेषज्ञों ने गंगटोक में शहर के चिकित्सकों के लिए आयोजित कॉन्क्लेव में कैंसर की जांच एवं इलाज के नए तरीकों, इनोवेशन और थेरेपी के बारे में चर्चा की। इस कॉन्क्लेव का आयोजन एसटीएनएम हॉस्पिटल गंगटोक के सहयोग से किया गया।

इस दौरान आरजीसीआईआरसी के मेडिकल डायरेक्टर एवं चीफ ऑफ जेनिटो यूरो ओंकोलॉजी डॉ. सुधीर के. रावल ने यूरो ओंकोलॉजी के क्षेत्र में रोबोटिक्स की नई संभावनाओं पर विचार साझा किए। वहीं, आरजीसीआईआरसी में मेडिकल ओंकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. विनीत तलवार ने पर्यावरण एवं कैंसर पर शोधपरक परिचर्चा की। डॉ. रावल ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी ने विशेषतौर पर प्रोस्टेट एवं यूरीनरी ब्लेडर के कैंसर के इलाज की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव किया है। आरजीसीआईआरसी ने दक्षिण एशिया में रोबोटिक्स के जरिये कैंसर की सर्वाधिक सर्जरी की है।

उन्होंने आगे कहा कि पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के कई लाभ हैं, जैसे इसमें चीरा बहुत छोटा लगाना पड़ता है, जिससे खून कम निकलता है। इसमें दर्द कम होता है, जल्दी रिकवरी होती है, अस्पताल में कम समय रुकना पड़ता है और ऑपरेशन के बाद दर्द निवारक दवाओं का इस्तेमाल बहुत कम करना पड़ता है। डॉ. रावल ने बताया कि



गायनेकोलॉजी में रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल यूटरीन कैंसर और सर्विक्स कैंसर के मामले में होता है। ज्यादा खर्च कैंसर सर्जरी में रोबोटिक्स के इस्तेमाल की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। हालांकि यह टेक्नोलॉजी लगातार सस्ती हो रही है। कई नई कंपनियां इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

परिचर्चा के दौरान डॉ. विनीत तलवार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने और गलत जीवनशैली के कारण देश में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पर्यावरण की सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली की मदद से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। डॉ. तलवार ने आगे कहा कि धूम्रपान, वायु प्रदूषण, डीजल का धुआं फेफड़े के कैंसर के मामले बढ़ने का अहम कारण हैं। प्लास्टिक के कारखानों में काम करने वाले लोग, जहां बेंजीन का इस्तेमाल होता है, उनमें यूरीनरी ब्लेडर के कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। इसी तरह से फंगल टॉक्सिंस के संपर्क में आने वालों में लिवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। आधुनिक जीवन की सच्चाइओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए लोगों को खुद की सतर्क रहना होगा। डॉ. तलवार ने कहा कि एक स्वस्थ जीवनशैली कैंसर के खिलाफ कवच है।

Good Morning!
# मेवात पायनियर पलवल
5
हरियाणा, मंगलवार, 28 सितंबर, 2021
• नूंह • नगीना • फिरोजपुर-झिरका • तावडू • पिनगवां • पुन्हाना • पृथला • होडल • हसनपुर • हथीन
ई-पेपर www.pioneerhindi.com

## आकस्मिक मृत्यु पर योजना में किसान पाएं वित्तीय सहायता

### किसान व खेतीहर मजदूरों के लिए योजना लागू: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि किसान एवं खेतीहर मजदूरों को दिन-रात खेत-खलिहानों में काम करना पड़ता है और उन्हें 24 घंटे कई तरह की दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ऐसे में अगर परिवार के कमाऊ सदस्य की अकाल मौत हो जाए तो पूरे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाता है।

कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर जीवन सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए लागू कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए है ताकि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले और कोई भी इससे वंचित ना रहे। इस योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अगर कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्केट यार्ड तथा ऐसे स्थानों से आते-जाते समय कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इस योजना के तहत मार्केट कमेटी द्वारा पीड़ितों को वित्तीय सहायता दी जाती है।


डीसी कैप्टेन शक्ति सिंह।

योजना के तहत दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने या स्थायी अशक्तता होने पर ढाई लाख रुपये, दो अंग भंग होने पर या स्थायी गंभीर चोट होने पर 1,87,500 रुपये की सहायता दी जाती है। इसी प्रकार, एक अंग भंग होने या स्थायी चोट लगने पर सवा लाख रुपये, पूरी उंगली कटने पर 75 हजार रुपये, आंशिक उंगली भंग होने पर 37 हजार रुपये की राशि मार्केट कमेटी के माध्यम से दी जाती है।

उन्होंने बताया कि मृत्यु के मामले में आर्थिक सहायता के लिए दावा करने के लिए पुलिस रिपोर्ट व पोस्टमार्टम का होना जरूरी है। अशक्तता की स्थिति में प्रमाण पत्र व अंग हानि होने की स्थिति में शेष बचे हुए अंग की फोटो दावे के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। इसके अलावा, आवेदक को दुर्घटना के दो महीने के अन्दर संबंधित मार्केट कमेटी के सचिव के पास आवेदन करना होगा।

## कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में उठाई कई मांगें

कैलाश मंगला। होडल

**अखिल** भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर केंद्र व प्रदेश सरकार की नव उदारीकरण की नीतियों के चलते हुए अंधाधुंध सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण के विरोध में विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिका, विश्वविद्यालय, पंचायती राज, सोसाइटी व केंद्र तथा प्रदेश सरकार की परियोजनाओं में काम करने वाले अनियमित नियमित कर्मचारियों ने सोमवार को निजीकरण विरोध दिवस मनाते हुए खंड स्तर पर होडल रेस्ट हाउस प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।


अपनी मांगों को लेकर होडल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक उपप्रधान वीर सिंह ने की तथा मंच संचालन देवेंद्र नंबरदार ने किया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्करज यूनियन यूनिट प्रधान नरेंद्र सौरोत ने बताया कि सरकार की नव उदारीकरण की नीतियों के चलते जहां जनता को मिलने वाली सुविधाएं या तो समाप्त हो रही हैं या महंगी होती जा रही हैं।

इसी के साथ रोजगार के अवसर भी सिकुड़ते जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने खुली घोषणा के साथ मुद्रीकरण की नीति के तहत सार्वजनिक सेवाओं को पूंजी पतियों के हवाले करना शुरू कर दिया है। जिस कारण हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी में नंबर एक पर पहुंच गया है। ऊपर से सरकार ने ठेके पर भर्ती करने के लिए बाकायदा हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड कंपनी बनाकर स्थाई भर्ती को बिल्कुल बंद करने की योजना बना ली है।

ब्लॉक सचिव देवेंद्र सिंह नंबरदार व प्रधान नरेंद्र सौरोत ने संयुक्त बयान में बताया की ज्ञापन के मार्फत शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, जन स्वास्थ्य, परिवहन सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, बिजली संशोधन बिल व ट्रांसपोर्ट रोड सेफ्टी बिल रद् करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को रद्द करने, तीनो असंवैधानिक कृषि कानूनों व चारों लेबर कोड को रद्द करने, हरियाणा में बनाया गया संपत्ति क्षति प्रतिपूर्ति बिल रद्द करने, पीएफआरडीए को खत्म कर पुरानी पेंशन बहाल करने, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन नीति को रद्द करने, तथा जन सेवाओं के महकमो का विस्तार कर नए पद सृजित किए जाएं तथा पहले से काम कर रहे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के बाद नियमित भर्ती कर बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की गई है। होडल एसडीएम के अनुपस्थित होने के कारण उनके स्थान पर तहसीलदार होडल को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन देने वालों में टूरिज्म विभाग से महावीर सिंह, मुरलीधर, गंगाराम, नगर पालिका से राज, महावीर, स्वास्थ्य विभाग से सुधीर, गोपाल, भूपराम, जन स्वास्थ्य विभाग से प्रधान सुरेश, महेंद्र सिंह, विजेंद्र चौहान, बिजली विभाग से भगवान सिंह, लख्मीचंद रावत, हरि सिंह, सुरेंद्र सिंह, पूरन सिंह, नरेश कुमार, शेर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## क्षेत्र में किसानों का भारत बंद रहा बेअसर

**होडल।** किसानों के सोमवार के भारत बंद का होडल शहर व आसपास के क्षेत्र में कोई भी असर देखने को नहीं मिला। शहर के बाजार व वाहन रोजाना की तरह सुचारू रूप से खुले व चलते देख गए। भारत बंद को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट था।

पुलिस प्रशासन ने शहर, गांवों व हाइवे पर नाके लगाकर पुलिस बल तैनात किया हुआ था। किसानों का सोमवार को भारत बंद होडल व आसपास के क्षेत्र में पूरी तरह से बेअसर रहा। बाजार के दुकानदारों ने रोजना की तरह अपनी दुकानों को खोला। इसके अलावा हाइवे पर वाहन भी सुचारू रूप से चल रहे थे। होडल थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि किसानों के भारत बंद को लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हुए है। उन्होंने बताया कि पुन्हाना मोड, बावरी मोड, करमन बॉर्डर, हसनपुर चौक, गढी रोड व जगजीवन राम चौक पर पुलिस नाके लगाए गए हैं।

## मेवात में वायरल बुखार से अब तक हुई आठ मौतें

कासिम खान। नूंह

**नूंह** जिले में बरसात व जलभराव के बढ़ते प्रभाव से जिले में इस बार पांच साल बाद अभी तक 48 डेंगू के नए मरीज सामने आए है। डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में अपनी सक्रियता को बढ़ा दिया है। साथ ही साथ वायरल बुखार से लोग दहशत में है स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक 8 लोगों की मौत बुखार से हो चुकी है, हालांकि अभी जिले में कोई डेंगू से मौत का मामला सामने नहीं आया है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की 27 टीमों को गांवों में स्प्रे के लिए लगा दिया है। एक टीम में 6 लोग हैं, जोकि गांवों में जाकर स्प्रे के कार्य में जुट गए है। लोगों को मच्छरों के बचाव के प्रति जागरूक कर रहे हैं। 75 लोगों की टीम घर-घर जाकर कर रही जांच

डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 75 लोगों की टीम को मैदान में उतारा है, जोकि घर घर जाकर लोगों की जांच करने में जुटी हुई है। सबसे पहले प्राथमिकता जिन जगहों पर डेंगू के केस आए है, वहां पर दी जा रही है। किसी भी तरह के बुखार से ग्रस्त व्यक्ति की तुरंत जांच की जा रही है। विभाग का मकसद बढ़ते डेंगू के प्रभाव को कम करना है इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिन रात टीम गांवों में जुटी हुई है।

**जिले में मलेरिया के केसों पर एक नजर**

| वर्ष | केस |
|---|---|
| 2017 | - 3643 |
| 2018 | - 1968 |
| 2019 | - 942 |
| 2020 | - 24 |

**10 लोगों की टीम जुटी मच्छरों के लार्वा की जांच में :** डेंगू व मलेरिया के बढ़ते केसों को देखते हुए इन गांवों में स्पेशल 10 लोगों की एक टीम कार्य कर रही है। टीम द्वारा गांवों में मच्छरों के लारवा की जांच की जा रही है। लोगों को घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने के साथ अन्य सभी प्रकार से जागरूक किया जा रहा है।

**ऐसा कहते हैं जिला मलेरिया अधिकारी :** इस बारे में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ विक्रम ने बताया कि जिले में बीते कुछ दिनों से डेंगू के 48 नए केस आए हैं। ये केस जिले में 2015 के बाद पहली बार आए हैं। इसके अलावा अब तक वायरल बुखार की चपेट में है। अब तक 8 लोगों की मौत वायरल बुखार से हो चुकी है ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह मच्छरों के बचने के लिए जरूरी उपाय करें। गांवों में पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम का भी सहयोग करें।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव से तीन युवकों द्वारा एक 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है।

सदर थाना पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि वह और उनकी पत्नी एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। बीती 9 सितंबर को उनकी 13 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन की तो उन्हें पता चला कि घटाल फूलबाग भिवाड़ी निवासी करण व खोरी कला निवासी उसका साथी जिसका नाम भी करण है।

## निजीकरण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

### तावडू में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई ने की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई तावडू ने सोमवार को एसडीएम तावडू के मार्फत प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पूर्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने हाथों में तख्ती व बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के संबद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने के साथ ही बेरोजगारों को स्थाई नौकरी देने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार नव उदारीकरण की नीतियों पर चलते हुए अंधाधुंध सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण कर रही है। जिसके चलते जनता को मिलने वाली सुविधाएं या तो समाप्त हो रही हैं या महंगी होती जा रही हैं। जिसके साथ रोजगार के अवसर भी सिकुड़ते जा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, जन स्वास्थ्य व परिवहन सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। तीनों असंवैधानिक कृषि कानूनों व चारों लेबर कोड्स को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। बिजली संशोधन बिल व ट्रांसपोर्ट रोड सेफ्टी बिल रद्द किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति रद्द हो,हरियाणा में बनाया गया संपत्ति क्षति प्रतिपूर्ति बिल रद् किया जाए। जन सेवाओं के महकमों का विस्तार कर नए पद सृजित किए जाएं।


तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

## स्कूल न जाने वाले मंदबुद्धि बच्चे पाएं वित्तीय मदद

### 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे लाभ के पात्र, प्रति माह मिलेंगे 1900 रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** के ऐसे बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है और अपनी मंदबुद्धि (आईक्यू 50 से कम हैं) अथवा 70 प्रतिशत शारीरिक नि:शक्तता के कारण स्कूल जाने में असमर्थ हैं। उनके माता-पिता को रुपये 1900 प्रति माह की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा मंदबुद्धि बच्चों (आईक्यू 50 से कम या विकलांगता 70 प्रतिशत से अधिक हो) को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रति माह रुपये 1900 की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

**ये लोग ले सकते हैं लाभ :** उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा का स्थाई निवासी व जिला नूंह से संबंध रखने वाले बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष के बीच है, वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा लाभ लेने के इच्छुक बच्चों के माता-पिता या अभिभावक की आमदनी न्यूनतम मजदूरी वेतन से अधिक नहीं होनी चाहिए व साथ ही लाभार्थी बच्चा किसी सरकारी, अर्ध सरकारी, निजी स्कूल व संस्था द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल में फॉर्मल शिक्षा ग्रहण नहीं कर रहा हो।

**ऐसे करें आवेदन :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि लाभ लेने के इच्छुक नागरिक बच्चे की मंदबुद्धि विकलांगता का प्रमाण पत्र जोकि सिविल सर्जन या मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। इसके साथ ही बच्चे के जन्म प्रमाण की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी, माता-पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाण पत्र जोकि तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा प्रमाणित किया गया हो। साथ ही सरकारी व गैर सरकारी सेवाओं में नियुक्त माता-पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा जारी किया गया होना आवश्यक है।

## स्टार ऑफ द मंथ अवार्ड: हर स्कूल की जरूरत

### एबीएस फाउंडेशन तीन और स्कूलों में स्टार ऑफ द मंथ कार्यक्रम शुरू करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**पिछले** दो वर्षों में कोरोना महामारी के चलते देश का सबसे अधिक नुकसान शिक्षा के क्षेत्र में हुआ है। जिसमें मुख्यत: प्रभावित होने वाले सरकारी विद्यालय रहे हैं। मेवात जैसे क्षेत्र में जिसमें पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी है, अचानक से आई इस महामारी के कारण विद्यालय बन्द हो गए। जिसकी वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति तथा अभिभावकों का विद्यालय के प्रति रुझान लगातार कम होता जा रहा है।

एबीएस फाउंडेशन जिले में लगातार शिक्षा के प्रति सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक स्तर के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में इस प्रोग्राम को पिछले काफी समय से राजकीय माध्यमिक विद्यालय बीवां में चला रहे हैं। अब संस्था ने यह फैसला किया कि इस कार्यक्रम को और स्थानीय स्कूलों में जैसे राजकीय माध्यमिक विद्यालय सोंख, रहना, व राजकीय माध्यमिक विद्यालय टपकन में भी शुरू किया जाए।


मेवात के एक स्कूल में बैठे बड़ी संख्या में बच्चे और स्टाफ।

रहिस खान हेडमास्टर रहना ने बताया कि जब हमने इस प्रोग्राम को बीवां स्कूल में अनुभव किया है जिसका परिणाम काफी सफल रहा है, इस प्रोग्राम की बात करें तो वास्तव में इसके अविश्वसनीय परिणाम देखने को मिले हैं। इस प्रोग्राम के फलस्वरूप बच्चों में उपस्थिति तथा शैक्षणिक स्तर पर काफी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिलती है, जिसके कारण स्कूल में बच्चों के हाजिरी तथा शैक्षिक स्तर में काफी हद तक सुधार आता है। इसी को देखते हुए हमने इस प्रोग्राम को लागू करने के लिए हमने अपने स्कूल में एक रूपरेखा तैयार की है, जिसमें हम प्रत्येक महीने एक स्टार शिक्षक का भी चयन करेंगे।

प्रिंसीपल फरियाद अहमद राजकीय माध्यमिक विद्यालय टपकन का कहना है, कि स्टार ऑफ द मंथ अवार्ड प्रोग्राम बच्चो में शिक्षा के प्रति एक ऊर्जा पैदा करेगा व साथ ही अभिभावकों का भी विद्यालय के प्रति जागरूक करेगा। इस प्रोग्राम की खूबसूरती यह है हर महीने हमें प्रत्येक क्लास से नया स्टार देखने को मिलेगा, जिससे कि बच्चों में आपसी प्रतिस्पर्धा की भावना आएगी। वो ज्यादा से ज्यादा मेहनत करेंगे। स्टार को चुनने का कार्य प्रत्येक क्लास के इंचार्ज का होगा। जो बच्चा शैक्षणिक व उपस्तिथि के आधार पर अव्वल होगा उसी को सम्मानित किया जाएगा। एबीएस फाउंडेशन तीन और स्कूलों में स्टार ऑफ द मंथ कार्यक्रम का आयोजन शुरू करेगा।

यह कार्यक्रम विद्यालय में हर माह किया जायेगा। जिसमें हर कक्षा से एक बच्चे को एक महीने के लिए स्टार ऑफ द मंथ से नवाजा जाता है। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड है। इसलिए इस मुहिम को कई स्कूलों में चलाने के लिए रणनीति बनाई है।जो अगले माह से चालू हो जायेगी। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपकन, राजकीय माध्यमिक विद्यालय रेहना, राजकीय माध्यमिक विद्यालय शोंख को शामिल किया गया है। जिससे बच्चों में पढाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और उपस्थिति में इजाफा होगा। एबीएस फाउंडेशन के प्रोग्राम डायरेक्टर नवीन लाठर ने भी बताया के स्टार ऑफ द मंथ से बच्चों में पढ़ाई के प्रति जूनून पैदा होगा। जिसकी मेवात जैसे इलाके को ज्यादा जरूरत है।

## दो दर्जन संगीन वारदातों में वांछित आरोपी मन्नान गिरफ्तार

### आरोपी के चंगुल से गोकशी को ले जाए जा रहे 22 गोधनों को मुक्त कराया

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** नूंह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। करीब दो दर्जन धोखाधड़ी, गोकशी, चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास, अपरहण, लूट, फिरौती व अन्य प्रकार की संगीन वारदातों में वांछित आरोपी व गो तस्कर मन्नान निवासी घाटमिका (राजस्थान) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

फिरोजपुर झिरका सीएस स्टाफ प्रभारी कंवरपाल के नेतृत्व में गठित टीम ने गो तस्करों पर कार्यवाही करते हुए एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके चंगुल से गोकशी करने के लिए ले जा रहे 22 गोधनों को छुड़ाकर कैंटरा गाड़ी को कब्जे में लिया। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि रविवार को फिरोजपुर झिरका सीएस स्टाफ की टीम घाटा पुल झिरका-बीवां रोड पर मौजूद थी मौजूद था। इस दौरान सूचना मिली मन्नान पुत्र अरजन निवासी घाटमिका व शौकीन पुत्र सकुर निवासी पिनंगवां मिलकर गोकशी का धंधा करते हैं। कैंटरा गाड़ी (एचआर-46-ई-3527) पर नकली नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी मालिक के शह से कहीं से गो धन इकट्ठा करके गाड़ी में भरकर गो कशी करने के लिए ला रहे हैं। गोकशी करने के लिए राजस्थान जाएंगे। सूचना पर नाकाबंदी करके गोतस्करों के चंगुल से कैंटरा गाड़ी में मुंह-पैर को रस्सियों से बांधकर भर रखे 22 गो धनों को मुक्त कराया। साथ ही एक गौतस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान मन्नान पुत्र अरजन निवासी घाटमिका के रूप में हुई तथा दूसरा गौतस्कर मौका से भागने में कामयाब रहा जिसकी पहचान कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना फिरोजपुर झिरका में मुकदमा दर्ज कर लिया और सभी गोधनों को गोशाला में भिजवा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पल्स पोलियो अभियान के लिए बनाए 1089 बूथ



**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह बताया कि जिला में 28 सितंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जिले के 3 लाख 9 हजार 354 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए 1089 बूथ बनाए गए हैं। 3680 कर्मचारियों की डयूटी पोलियो अभियान में लगाई गई है। इसके अतिरिक्त 124 मोबाईल टीमें बनाई गई जो जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने का कार्य कर रही है। उपायुक्त ने बताया कि नागरिक अस्पताल से इसका शुभारंभ बच्चों को पोलियो की खुराक देकर इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उपायुक्त ने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाना हमारी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजनाबद्ध तरीके से काम करते हुए इस पुनीत कार्य के अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने जिलावासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक इस तीन दिवसीय अभियान में अपने पांच साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा अवश्य पिलवाएं।

### तावडू शहर में शांति भंग के आरोप में चार पकड़े

**तावडू ।** शहर के ढ़ीढारा बाईपास पर सरेआम झगड़ा कर शांति भंग कर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों के खिलाफ शहर थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शहर थाना प्रभारी चंद्रभान भारद्वाज ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस टीम गश्त के दौरान ढ़ीढारा बाईपास की ओर जा रही थी। तभी देखा कि ढाबा के पास रोड पर जाम लगा हुआ था। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा कि चार युवक बीच रोड के सार्वजनिक स्थान पर आपस मे झगड़ कर आम जन की शांति भंग कर रहे थे। पुलिस जवानों ने सभी को काबू कर जाम खुलवाया। वहीं पकड़े गए चारों युवकों से नाम पता पूछा गया जिन्होंने अपनी पहचान सुखबीर निवासी ढिडारा, दूसरे ने अशोक कुमार निवासी नई दिल्ली तथा तीसरे ने सतपाल सिंह निवासी गोयला व चौथे ने ओमबीर निवासी ढिडारा बताई। इन चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### टेंपो की चपेट में आने से भाई-बहन गंभीर रूप से घायल

**तावडू ।** उपमंडल के बिलासपुर रोड शेखपुर बस स्टैंड पर सवारी के इंतजार में खड़े भाई बहन एक तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोकलवास मानेसर गुरूग्राम निवासी समीना ने बताया कि बीती 29 अगस्त वह अपने भाई रफीक के साथ तावडू कपड़े खरीदने के लिए आ रही थी। सुबह लगभग 9 बजे वह सवारी के इन्तजार में शेखपुर बस स्टैंड पर खड़े हुए थे। तभी अचानक बड़ी तेज गति लापरवाही से आ रहे टेंपो ने दोनों को सीधी टक्कर मार दी। चालक टैम्पो को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। समीना ने बताया कि इस दौरान उन्हें हल्की चोट लगी लेकिन उनका भाई रफीक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका पैर तीन जगह से फ्रैक्चर हो गया था। स्थानीय व राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसके भाई की गंभीर हालत को देखते हुए शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नूंह के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उन्होंने रफीक को उपचार के लिए रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनके कई ऑपरेशन हुए। उन्होंने बताया कि वह और उसके परिजन अब तक घायल रफीक का उपचार कराने में व्यस्त थे। मामले में सदर थाना पुलिस ने बीते रविवार देर शाम अज्ञात टेम्पो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया।

### लगातार तीसरे दिन यमुना से बरामद हुआ शव

**होडल।** हसनपुर थाना पुलिस ने लगातार तीसरे दिन जमुना नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पलवल की मोरचरी में पहचान के लिए रखवा दिया है। हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि उन्हें सूचना मिली की गांव कुशक के निकट जमुना में किनारे पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने व्यक्ति के शव को बाहर निकाला और आसपास के ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त करने के लिए कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि जमुना नदी से बरामद हुए व्यक्ति की आयु लगभग 35 वर्ष है और उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं है। थाना प्रभारी ने व्यक्ति के शव को पहचान के लिए पलवल स्थित मोरचरी में रखवा दिया।

### मैनहॉल में गिरे कर्मचारियों के लिए देवदूत बने पुलिस कर्मी

**होडल।** सीवरेज के मैनहॉल में गिरे दो कर्मचारियों के लिए हसनपुर थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारी देवदूत बनाकर पहुंच गए। थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने कडी मशक्कत कर उन दोनों कर्मचारियों को सीवरेज के मैनहॉल से सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस कर्मियों के इस साहस की गांव खम्बी के लोगों ने सराहना की है। हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि वह पुलिस कर्मी पीएसआई सचिन, सिपाही हनीफा, हवलदार प्रदीव के साथ गाडी में हसनपुर से पलवल के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वह गांव खाम्बी में पहुंचे तो उन्होंने वहां लोगों की भीड़ लगी देखा।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Uravashee Kumar Dasgupta W/o Saikat Dasgupta R/o 239, Sec-21B, Faridabad have changed my name to Uravashee Kumar

I, Gupta Divakar Ashok S/o Ashok Gupta R/o 135, Sec-19, Faridabad have changed my name to Divakar Gupta

**सर्वधारण** को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करनाल में मकान संख्या 1621/एमआईजी/जीएफ सेक्टर 6 राज लक्ष्मी पत्नी अशोक चड्ढा के नाम पर है। रिकॉर्ड के अनुसार राजलक्ष्मी की मृत्यु 28 अगस्त 2021 को होने के कारण सुश्री श्रुति चड्ढा बेटी अशोक चड्ढा निवासी मकान क्रमांक 1621 जीएफ, सेक्टर 6, यू.ई. करनाल ने संपत्ति को अपने पक्ष में स्थानांतरित करने के लिए दस्तावेज जमा किए हैं। इस नोटिस के माध्यम से इस कार्यालय के पास इस नोटिस के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर दस्तावेजी प्रमाण के साथ घर के स्वामित्व के हस्तांतरण के संबंध में आपत्ति दर्ज करने का अवसर दिया जाता है अन्यथा यह आवास अशोक चड्ढा की पुत्री श्रुति चड्ढा के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और आगे किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
एस्टेट मैनेजर हाउसिंग बोर्ड हरियाणा करनाल

मनके भूप सिंह पुत्र श्री कालू राम निवासी वार्ड न. 10 अम्बेडकर नगर, दादरी गेट जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र पवन व पुत्रवधु निधी आये दिन हमसे लड़ाई झगड़ा व गाली गलोच करते है व झूठे मामलों में फसाने की धमकी देते है इसलिए मैं इन दोनो को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# प्रभावशाली व्यक्तित्व

## मोदी की अमेरिका यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा समाप्त कर अब भारत वापस आ गए हैं। अमेरिका में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पहली बार क्वाड बैठक में हिस्सा लिया, अन्य विश्व नेताओं से मुलाकात की तथा प्रथम वक्ता के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। यह यात्रा पहले की यात्राओं के एकदम उलट है जिनमें काफी शोर-शराबा, उत्सवी माहौल तथा तड़क-भड़क होती थी। इस बार अमेरिका की राजनीतिक अवस्थापना बदल गई है, जबकि ट्रंप प्रशासन से उनकी मैत्री ज्यादा थी। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति कमला हैरिस, आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मोरीसन, जापानी प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा तथा पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। आस्ट्रेलिया व जापान के प्रधानमंत्री क्वाड शिखर बैठक के लिए अमेरिका में थे जिसका वर्चुअल सम्मेलन इस साल मार्च में हुआ था। इस राजनयिक व सैनिक गठजोड़ को मुख्यत: चीन की उभरती आर्थिक व सैनिक शक्ति की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि क्वाड 'वैश्विक भलाई की शक्ति' के रूप में काम करेगा तथा 'दुनिया में शांति व समृद्धि स्थापित करेगा।' यात्रा की समाप्ति प्रधानमंत्री के संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधन से हुई जो काफी बड़बोलेपन से भरा था, पर उसमें चीन और पाकिस्तान पर सटीक निशाना लगाया गया था। मोदी ने अफगानिस्तान की स्थिति पर बात की और बिना पाकिस्तान का नाम लिए उसे अफगानिस्तान में मुसीबत पैदा करने के खिलाफचेतावनी दी। मोदी ने कहा, 'प्रतिगामी सोच



आतंकवाद को राजनीतिक अर्थ प्रदान कर रही है।' इस बयान को इस तरह समझा जा सकता है कि 'आतंकवाद का प्रयोग राजनय के उपकरण तथा क्षेत्र की भू-राजनीति बदलने के लिए न करें।' अच्छे असर के लिए उन्होंने रेखांकित किया कि किसी ऐसे देश से सावधान रहने की आवश्यकता है जो अफगानिस्तान की संकटपूर्ण स्थिति का प्रयोग 'स्वार्थी हितों' के लिए कर सकता है।

यह संदर्भ सीधे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए था जिन्होंने सीधे-सीधे भारत पर करारा हमला बोलते हुए जोर दिया था कि दो नाभिकीय शक्तियों को 'जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए, नहीं तो नतीजे गंभीर होंगे।' मोदी ने बिना चीन या पाकिस्तान का नाम लिए संकेत दिया कि राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का प्रयोग अच्छा विचार नहीं है ओर देशों को ऐसा करने से बचना चाहिए। उन्होंने पिछले महीने संरा. सुरक्षा परिषद की भारत द्वारा अध्यक्षता की उपलब्धियों का उल्लेख भी किया। मोदी ने 'कोविड वायरस के जन्म' का मामला उठाते हुए विश्व बैंक की 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' रद्द करने की घोषणा की बात कही। इन दोनों मुद्दों से विश्व संस्थाओं में पारदर्शिता की कमी से चीन पर निशाना लगाया गया है। उन्होंने यह कहते हुए सहयोग पर जोर दिया कि भारत 'सभी लोकतंत्रों की माता' है। पहले कमला हैरिस के साथ बैठक में दोनों पक्षों ने संबंधित देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों व मानवाधिकारों को महत्व देने पर जोर दिया था। मोदी ने वैश्विक महामारी में मारे गए लोगों के प्रति शोक भी प्रकट किया। कुल मिला कर यह भाषण बहुत अच्छी तरह तैयार किया गया था, हालांकि उनके 'चायवाला' संदर्भ से बचना ज्यादा अच्छा होता। हालांकि, मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात की, पर इसका संबंध किसी अन्य चीज की तुलना में प्रोटोकाल से अधिक था। दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत केमेस्ट्री स्पष्ट रूप से गायब थी।

# क्वाड पर पड़ेगी आकुस की छाया

चीन के खिलाफ प्रतिरोध पैदा करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्रों में स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वाले आकुस की छाया निसंदेह क्वाड पर पड़ेगी।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के दो सप्ताह बाद आकुस गठित करने का फैसला किया गया। इससे अमेरिका की भू-राजनीतिक प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी खतरे का सामना करना चाहता है जो हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है। आकुस रणनीतिक और टैक्टिकल रूप से क्वाड को हाशिए पर धकेल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। हालांकि, दोनों का घोषित या अघोषित उद्देश्य समान है। चीनी विस्तारवाद ने इस अधपकेसैनिक गठजोड़ को जन्म दिया है, पर रणनीतिक रूप से देखने पर क्वाड और आकुस एक दूसरे केपूरक लगते हैं। भारत और जापान केशामिल होने केकारण चीनी खतरे का मुकाबला करने में कठिनाई हो रही है। इसकेसाथ ही चीन केसाथ भौगोलिक निकटता को देखते हुए दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद केस्थाई सदस्य बनने केइच्छुक हैं।

इस कारण चीन से प्रत्यक्ष सैनिक टकराव से उनकी उम्मीदों को झटका लग सकता है। इसकेसाथ ही भारत को चीन, पाकिस्तान व तालिबान केअपवित्र गठजोड़ से भी निपटना है। इसकेसाथ ही उसे रूसी विदेश नीति में चीन-पाक गठजोड़ को मिलने वाली प्राथमिकता से भी चिन्ता है। दूसरी ओर जापान को कच्चे माल व खाद्य सप्लाई की निर्भरता केसाथ ही बुढ़ाते कामगारों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसकेसाथ ही अनुच्छेद 9 टोकियो केपुन: सैन्यीकरण का निषेध करता है। यह उभरती व्यवस्था दुनिया केसमक्ष एक रक्षा चक्र पेश करती है तथा चीनी विस्तारवाद केखिलाफ भावी बहुपक्षीय गठबंधनों का रास्ता खोलती है। समुद्रों केमानचित्र पर नजर डालने से स्पष्ट है कि दक्षिण चीन सागर-एससीएस, प्रशांत महासागर तथा हिंद महासागर केबारे में साझा समझदारी विकसित करना दोनों शक्तियों केलिए कठिन है। इस कारण मजबूत रक्षा केलिए अनेक सुरक्षा व्यवस्थायें बनानी होंगी। वर्तमान स्थितियों में यदि भारत और जापान अमेरिका केसाथ सैनिक गठबंधन बनाना चाहें तो बीजिंग एससीएस या भारत-चीन सीमा पर आक्रामकता बढ़ा देगा जिससे यह उद्देश्य विफल हो जाएगा।

अत: रणनीतिक लचीलेपन को देखते हुए यह एक समाधान है। भारत व जापान चीन को किसी अन्य सैनिक गठबंधन से मिल कर भी पीछे धकेल सकते हैं और वह उसकी वर्चस्ववादी राजनय पर भी लगाम लगा सकता है। इसी कारण भारत की संयुक्त युद्धक कमानों को जल्द ही सक्रिय किया जाना चाहिए। संस्थाबद्धता की अनुपस्थिति में भारत और जापान को अपनी सैनिक शक्ति केआधुनिकीकरण का भी अवसर मिलेगा। भारत को खासकर अपने बलों केबीच समन्वय बढ़ाना होगा। ऐसी स्थिति में अन्य यूरोपीय देशों केसाथ ही फ्रांस और इस्राइल भारत व जापान केलिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जापान धीरे-धीरे उस स्थिति से निकल रहा है जिसने टोकियो को 'शांति संविधान' स्वीकारने पर मजबूर किया था। बीजिंग से प्रभावी रूप से निपटने केलिए अब 'आत्मरक्षा' केबजाय उसे 'समुद्री रक्षा' की रणनीति अपनानी पड़ेगी। हालांकि, इस कदम से दक्षिण कोरिया जैसी कुछ शक्तियों को टोकियो-विरोधी दृष्टिकोण अपनाना पड़ सकता है। बदलते समय की मांग को देखते हुए परस्पर विरोधी देश भी रणनीतिक मतभेद दूर कर साझा उद्देश्यों केलिए काम कर सकते हैं, खासकर यदि उनकेअस्तित्व पर खतरा हो और उनको अमेरिकी सुरक्षा छतरी मिल जाए। इस प्रकार विस्तारवादी चीन उनको अपने मतभेद दूर करने तथा साझा लक्ष्य केलिए काम करने पर मजबूर करेगा।

ब्रिटिश व अमेरिकी पनडुब्बियां, पोत-रोधी मिसाइल तथा अन्य आक्रामक क्षमतायें चीन को इन देशों को धमकी देने से रोकेंगी। गंभीर उकसावे तथा खुले संघर्ष की स्थिति में आकुस की दूसरी सुरक्षा सतह एक प्रतिरोधक तथा रक्षात्मक काम कर सकती है। इससे प्रशांत महासागर व दक्षिण चीन सागर से होकर दक्षिणी व पूर्वी हिंद महासागर केआवश्यक समुद्री मार्गों को सुरक्षा मिलेगी। यह मलक्का खाड़ी में भारत या जापान केखिलाफआक्रामकता को जन्म दे सकता है, लेकिन वहां भारतीय नौसेना की मजबूत उपस्थिति है और 'मलक्का विरोधाभास' यथार्थ में नहीं बदल पाएगा। इसकेसाथ ही 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना साझा व्यवस्था भी चीन की चिन्ता बढ़ाएगी। लेकिन बिना किसी संस्थागत ध्रुवीकरण व्यवस्था केचीन भारत और जापान जैसे देशों के'गैर-सैनिक ध्रुवीकरण' केखिलाफ पहला कदम नहीं उठा सकेगा क्योंकि इससे और जटिलतायें पैदा होंगी। गंभीर खतरों तथा संभावित हमलों की स्थिति में दोनों देश औपचारिक रूप से आकुस में शामिल होने से नहीं हिचकेंगे।

आने वाली बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में संयुक्त समुद्री प्रतिरोधक रणनीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस प्रकार पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्तियों केध्रुवीकरण की नई व्यवस्था बनेगी जिसमें प्रत्येक पक्ष अपनी भूमिका व जिम्मेदारी भलीभांति समझेगा। इसी कारण भारत और जापान ने आकुस केनए गठबंधन का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि 2010 में चीन केतत्कालीन विदेश मंत्री यांग जिची ने हनोई में एशियान शिखर सम्मेलन में कहा था, 'चीन एक बड़ा देश है और तुम छोटे देश हो, यह एक तथ्य है।' आज समय आ गया है कि 'बड़ी मछली बनाम छोटी मछली' की अवधारणा उलट दी जाए। चीन ने जोर दिया है कि क्वाड को एशिया प्रशांत देशों से कोई समर्थन नहीं मिलेगा। बीजिंग को शायद भय है कि क्वाड में अन्य लोकतांत्रिक तथा 'समान सोच वाले देश', जैसे वियतनाम, फिलीपीन्स, दक्षिण कोरिया और ताइवान शामिल हो सकते हैं। ये सभी तटीय क्षेत्र वाले देश हैं और चीन लंबे समय से उनको परेशान कर रहा है। अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे चीन द्वारा अवैध मछली पकड़ना, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक आपदायें हैं जो अन्य देशों की सुरक्षा चिन्ताओं में शामिल हैं। इस प्रकार क्वाड प्लस फोर की कल्पना की जा सकती है। विभिन्न क्षेत्रेत्तर शक्तियों केसमर्थन से छोटे देश अलिखित बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में शामिल हो सकते हैं।

विस्तारित क्वाड की संभावना में संयुक्त तकनीकी सहयोग तथा सैनिक अभ्यास शामिल हैं जिनसे शक्तियों केबीच समन्वय स्थापित होगा और वे सैनिक चुनौतियों का सामना करने केलिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। राज्यों केबीच सुरक्षा व आर्थिक समन्वय बढ़ने से चीन को 'रणनीतिक घेरे' में लेने की समझदारी विकसित हो कर उसे अनेक मोर्चों पर घेर सकती है। ऐसी स्थिति में क्वाड समुद्री स्वतंत्रता का रणनीतिक केन्द्र बन जाएगा तथा 'खुले, मुक्त, पारदर्शी व समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र' को सुनिश्चित करेगा। इसकेसाथ ही जलवायु परिवर्तन व कृत्रिम बुद्धि-एआई जैसे क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार भारत और जापान भविष्य में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। अफगानिस्तान केघटनाक्रम, चीन-पाकिस्तान द्वारा तालिबान को बिना शर्त समर्थन तथा एशियान क्षेत्र में बदलते गठजोड़ संकेत करते हैं कि आने वाला समय बहुआयामी पुन:-ध्रुवीकरणों तथा नया यथार्थ स्वीकारने का होगा। आकुस इसमें अपनी भूमिका निभाएगा तथा औपचारिक संधि वाले 'संस्थाबद्ध सुरक्षा गठजोड़' का स्थान लेगा जो स्थितियों केअनुसार प्रतिरोधक या इससे अधिक भूमिका निभाने केलिए तैयार होगा। 'मित्र' नाभिकीय पनडुब्बियां चीनी नाभिकीय पनडुब्बियों का पता लगा कर हिंद-प्रशांत समुद्र में आवश्यक डेटा एकत्र करेंगी। इस दिशा में क्वाड व आकुस पूरी तरह एक दूसरे केसहयोगी हैं। समुद्रों की स्वतंत्रता तथा चीनी चुनौती केखिलाफ साझा प्रतिरोध की समझ केकारण कोई संदेह नहीं है कि आकुस की क्वाड पर छाया पड़ेगी। इस नए दृष्टिकोण केबारे में चीनी चश्मे से आशंकायें पैदा की जाएंगी। लेकिन इसे एक समग्र राजनय केरूप में देखा जाना चाहिए जो न केवल चीन की आक्रामक 'कैबेज पालिसी' का विरोध करेगी, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा इसकेबाहर भी शांति सुनिश्चित करेगी।

# सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत तक

> जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात कर चुकी है।

**हरीश चंद्र श्रीवास्तव**
(लेखक भाजपा प्रवक्ता हैं)



भारत का उत्थान, भारत के लोगों का कल्याण और भारत राष्ट्र का हित, यही और केवल यही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र दामोदर दास मोदी का दर्शन व मंत्र है। यही दर्शन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राजनीति का आधार भी है। मोदी व भाजपा ने अपने रचनात्मक व प्रगतिमूलक राजनीति से संसार में स्थापित किया कि राजनीति भोग का साधन नहीं, अपितु जनता की सेवा व कल्याण एवं देश की प्रगति का माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर भारत ने एक दिन में ढाई करोड़ कोविड लगाकर जो नया विश्व रिकार्ड बनाया, वह प्रमाण है कि भारत की जनता अब देश की प्रगति, विकास व जनकल्याण के संकल्प में मोदी जी के साथ है और सहभागी की भूमिका निभाने हुए मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारत के निर्माण की ओर चल पड़ी है। मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में गांव-गांव, घर-घर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचकर संपर्क व संवाद में अपार जनभागीदारी और जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात् कर चुकी है।

सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा देशभर में किसान सम्मान दिवस आयोजन कर किसानों और जवानों को सम्मानित किये जाने का जो कार्यक्रम किया जा रहा है, वह देश की सुरक्षा व विकास की रीढ़ को सशक्त करने की भाजपा व मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान में महिला मोर्चा द्वारा कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली देश भर की महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य नये भारत में नारी सम्मान व सशक्तिकरण के मिशन को अग्रसर करने वाला है। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को देश में अंत्योदय दिवस मनाकर गरीब कल्याण के प्रति समर्पित मोदी सरकार की नीतियों व कार्यक्रम को और तीव्रता से जन-जन तक पहुंचाकर लोक सशक्तिकरण की गति को और



सुदृढ़ करने का परिचायक है। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित करके स्वच्छ भारत अभियान के जनांदोलन को और धार देने का श्रेष्ठ प्रयास है। मोदी सरकार देश की 135 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सुरक्षित, समृद्ध, सशक्त, समुन्नत व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए जिस प्रकार नये भारत का निर्माण हो रहा है, वह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। 'लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय और पथ अंत्योदय' के लक्ष्य को साधते हुए आपदा को अवसर में परिवर्तित कर भारत के उत्थान को जो प्रयास मोदी सरकार ने किया है, वह भारत और भारत के लोगों की सफलता की कथा का अप्रतिम उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' मंत्र के साथ आगे बढ़े और आज उनकी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि विश्व में भारत आज निवेशकों का दूसरा सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 112 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल-जुलाई 2021 के बीच देश में 20.42 अरब डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आया। जब विश्व के विकसित देश कोरोना के कारण आर्थिक मोर्चे पर धराशायी होने की स्थिति में पहुंज गये हैं और चीन की आर्थिक विकास दर नीचे चली गई है, तो ऐसे में भारत के आर्थिक विकास का चमकता चित्र मोदी सरकार की नीतियों की सफलता का वर्णन कर रहा है। इन चार महीनों में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश 27.37 बिलियन डॉलर हो गया।

1 से 17 सितंबर तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 11,287 करोड़ रूपये शेयर तथा 5,018 करोड़ रूपये ऋण या बंधपत्र बाजार में डाला है। इससे पहले अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 16,459 करोड़ रूपये का निवेश किया। देश ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में ऊंची छलांग लगाई है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने न केवब स्वदेशी कोविड टीका का सफलतापूर्वक विकसित किया और 26 सितम्बर तक देश में 86 करोड़ से अधिक टीके की डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना से निपटने के लिये भारत प्रदेश की रणनीति की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रशंसा की। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में जिस प्रकार वैश्विक राजनीति में भारत की धमक और नेतृत्व का प्रभाव दिखा, वह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी सरकार की सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्धि का प्रभाव दिख रहा है और देश विश्व का अग्रणी देश बना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका में विश्व की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से भेंट की। मोदी सरकार जिस सफलता से भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है, वह भाजपा के राजनीतिक दर्शन का परिणाम है। लोकसशक्तिकरण के लिये राजनीति की भाजपा की परंपरा समर्थ भारत और आत्मनिर्भर भारत की स्थापना करेगी, यह जन विश्वास बन चुका है।

यही जन विश्वास जनता के राष्ट्र निर्माण में सहभागी बना रही है, और यह प्रेरणा और आगे ले जायी जानी चाहिए।

## आप की बात

### अनैतिक रास्ता

**किसी** मुकाम को हासिल करने हेतु अनैतिक रास्ता अपनाना बेहद गलत है। हमारी कोशिशो मे मेहनत झलकनी चाहिए न कि नकल और जालसाज़ी; सुखमय जीवन व्यतीत करने हेतु हमे इन बातो का इल्म होना जरुरी है। बीते कुछ दिनों में कई खबरे समाने आई है जहां नकल और जालसाजी के सहारे परीक्षाओ को अंजाम दिया गया है। जहां एक ओर कुछ परीक्षार्थी अपना सब कुछ झोक परीक्षाओ में मेहनत से पास होना चाहते हैं वही दूसरी ओर कुछ परीक्षार्थी पैसो की ताकत से परीक्षा में किसी भी तरह से पास होना चाहते हैं। उदाहरण के रुप मे अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा (नीट) जो इस साल विवादों का विषय रहा क्योंकि परीक्षा होने से पहले ही, रिपोर्टों में दावा किया गया था कि परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। ऐसे ही कई वाकया इन दिनो सुनने में आए है, लेकिन ये कोई नई बात भी नहीं है। बीते सालो में पेपर लीक, नकल व्यवस्था जैसी वारदाते खूब उभर कर सामने आई है। क्या इसे रोका नहीं जा सकता? प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाने की जरूरत है, आज के आधुनिक युग में कई उपकरण मौजूद है जिससे पेपर लीक और नकल जैसी परेशानियां रोकी जा सकती है अत: यही पथ कारगर है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### आतंक के धन का स्त्रोत

**गुजरात** के मुद्रा पोर्ट से 3000किग्रा हेरोइन जो टेलकम पाउडर के नाम से थी, जब्त करने से पहले भी बड़ी मात्रा में हेरोइन तस्करी के संकेत मिल रहे है। टेलकम पाउडर के नाम से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जिले की एक कम्पनी को अफगानिस्तान से पूर्व में भी 25 हजार किग्रा टेलकम पाउडर का आयात किया था जिसे हेरोइन ही माना जा रहा है। जिसकी कीमत 25 हजार करोड़ से अधिक थी। ड्रग्स तस्करी के पर्दाफाश से देश की खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। ड्रग्स का कारोबार युवाओं और उनके परिवार को तबाह ही नहीं कर रहा बल्कि देश के अलगाववादियों और आतंकवादियों को फंडिंग का भी मुख्य स्त्रोत है। नशे के कारोबारियों का रैकेट सारे देश मे फैला हुआ है। पाकिस्तान के रास्ते पंजाब, कश्मीर के रास्ते मादक पदार्थो की तस्करी पहले सड़क मार्ग से अब ड्रोन द्वारा हो रही है। जिसे सजग सीमा प्रहरियों द्वारा पकड़ा गया। पाक गुप्तचर एजेंसी भारत देश को तबाह करने के लिये हर खेल खेल रही है। लेकिन उसे तीन बार मिली हार और हर जगह असफलता के बावजूद भी वह नीच कृत्यों से बाज नही आ रहा है। हमारे देश की सरकार को जल थल और वायु सीमा की निगरानी में आधुनिक तकनीक का उपयोग करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गुजरात में बदलाव

**यह** पत्र गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया के संदर्भ मे है। गुजरात की छवि एक प्रगती प्रधान विकास की राह मे अग्रसर प्रदेश की रही है तो ऐसे मे जिस तरह से पहली बार के एमएलए भूपेंद्र पटेल को नया मुख्यमंत्री चुना गया वह निश्चित रूप से चौंकाने वाला था। उससे ज़्यादा चौंकाने वाला यह रहा कि मंत्रिमंडल मे भी थोक में बदलाव देखने को मिला। पाटीदार समुदाय भाजपा से नाराज चल रहा था तो मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक इस समुदाय के काफी लोगों का चुना जाना इस समुदाय को साधने की ओर निशाना है। इस से संकेत ज़रूर कुछ अलग मिलते हैं लेकिन भाजपा के लिए यह प्रदेश सबसे बड़ी प्रतिष्ठा वाला प्रदेश है और उसने जातिगत समीकरणों का सहारा लेकर एक बड़ा दांव खेला है जिससे एस राज्य की बागडोर उनके पास ही रहे। लेकिन यह तय है की भूपेंद्र पटेल और उनके अनुभवहीन मंत्रियों की राह कॅंटो भारी होने वाली है और उन्हे काफी संघर्ष करना पड़ेगा भाजपा को दोबारा इस चुनाव मे विजयी बनवाने के लिए और अपने आपको राज्य की जनता की कसौटी पर खरे उतरने के लिए।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमें** अपनी बैंकिंग का आकार बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें एसबीआई के आकार के चार-पांच और बैंकों की आवश्यकता है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री



**हमारे** पास जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों को रोकने का अवसर है, लेकिन हमें अभी कार्रवाई करनी होगी। हमें अपना बिल्ड बैक बेटर एजेंडा त्यागना होगा।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**भाजपा** सरकार के पास बताने को इसका एक भी तर्कसंगत कारण नहीं है कि वह जाति आधारित जनगणना के खिलाफ क्यों है?

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता

# हरियाणों के कई जिलों में बाजार रहे बंद, थमे ट्रेनों के पहिए

## करनाल में किसानों ने आठ से 10 स्थानों पर यातायात बाधित किया


पश्चिमी यमुना नहर के पुल पर जाम लगाए बैठे किसान।


करनाल में भारत बंद के दौरान सूनसान पड़े बाजार।

### पुलिस का हरियाणा में छिटपुट घटना को छोड़कर भारत बंद शांतिपूर्वक रहने का दावा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**तीन** कृषि कानूनों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों द्वारा बुलाए गए भारत बंद का करनाल में व्यापक असर देखा गया। नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे जाम रहे, वहीं बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रहीं, बाजारों की सडकें सुनसान नजर आईं। किसानों द्वारा हाइवे जाम करने के चलते प्रशासन ने अन्य वैकिल्पक मार्ग से वाहनों को गंतव्य की ओर रवाना किया। कई जगह वाहन चालक जाम लगाए बैठे किसानों से रास्ता देने की अपील करते रहे। भारत बंद के दौरान रेलवे स्टेशन पर स्वराज एक्सप्रेस ट्रेन जो ब्रांदा से कटरा जाने वाली ट्रेन रेलवे स्टेशन पर ही एहतियात के तौर पर रेलवे ने रोक ली। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान गुरुद्वारा के सेवक लंगर लाकर स्टेशन पर पहुंचे, जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिली।

भारत बंद के दौरान किसान बाजारों में वाहनों में बैठकर दुकानदारों से हाथ जोड़कर भारत बंद को सफल बनाने की अपील करते दिखे। जिले में एकाध छिटपुट घटना को छोड़कर भारत बंद पूर्णतया शांतिपूर्वक रहा। करीब 8 से 10 जगहों पर किसानों ने सड़क मार्ग रोककर यातायात बाधित कर दिया। बंद के दौरान कई किसानों ने बीजेपी कार्यालय के शटर टाउन करवाया। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की करीब 10 टीमें शहर की सड़कों पर घुमकर शहरवासियों से भारत बंद में समर्थन की अपील कर रही हैं। किसान नेता जगदीप ओलख, जेपी शेखपुरा ने बताया कि भारत बंद शांतिपूर्वक तरीके से किया जा रहा हैं, वे लोग आमजन से हाथ जोड़कर समर्थन मांग रहे हैं। किसान ट्रैक्टरों पर बैठकर भारत बंद में शामिल होने के लिए अल सुबह से ही निर्धारित स्थानों पर पहुंचना शुरू हो चुके थे।

**प्रशासन का दावा.. सुरक्षात्मक दृष्टि से रही पूरी तैयारी**

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद की अपील को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षात्मक दृष्टिगत पूरी व्यवस्था की गई।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। एसपी, डीसी भारत बंद के दौरान पूरी तरह सक्रिय रहे। जिलेभर की हर स्थिति का अपडेट लेते रहे ओर सम्बधित अधिकारियों को निर्देशित करते रहे। वाहन चालक जाम में न फंसे, इसके लिए पुलिसकर्मी अन्य वैकल्पिक मार्गों से वाहन चालकों को गंतव्य की ओर रवाना करते रहे।

### गुरुद्वारा साहिब से लंगर लेकर पहुंचे सेवादार

**ट्रेन** के ठहराव की सूचना मिलते ही गुरुद्वारा साहिब से सेवादार लंगर लेकर स्टेशन पर पहुंचे। सेवादारों ने यात्रियों के लिए लंगर बांटा। जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिली। यात्री अनिल, दीपांशी आदि ने बताया कि भारत बंद के कारण रेलवे मार्ग बाधित होने के चलते ट्रेन को करनाल स्टेशन पर रोक लिया हैं, ट्रेन कब चलेंगी, कुछ नहीं पता, सुबह से ट्रेन चलने का इंतजार कर रहे हैं।

### रोडवेज ने रखी आवागमन सुविधा बंद

**किसानों** के भारत बंद को देखते हुए रोडवेज प्रशासन के साथ-साथ दी कॉआपरेटिव सोसायटी के संचालकों ने भी आवागमन सेवा बंद रखी। जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि भारत बंद के बारे में किसानों ने पहले ही आमजन से अपील की थी कि 27 सितम्बर को सुबह 6 से शाम चार बजे तक भारत बंद रहेगा। इसलिए आपको कोई असुविधा न हो, इसे देखते हुए आप चार बजे के बाद ही घर से बाहर निकलें हाइवे पर बैठे किसान, अन्य मार्गों से निकाले वाहन किसान लोकल सड़कें जैसे निसिंग, अंसध, जलमाना, बल्ला, कोहड़ रोड, जुड़ला, रम्बा आदि जगह पर बैठे हैं। इन मार्ग पर यातायात बाधित होने के चलते दोनों साइडों में वाहनों की लम्बी-लम्बी लाइनें लग गईं। बसताड़ा टोल के पास किसानों ने हाइवे जाम कर दिया। प्रशासन ने वाहन चालकों को अन्य वैकल्पिक मार्गों से गंतव्य की ओर रवाना किया।

### स्वराज एक्सप्रेस के थमे पहिए

**करीब** सात बजकर 47 मिनट पर करनाल स्टेशन पर मुम्बई से बांद्रा से चलकर कटरा जाने वाली ट्रेन के पहिए थम गए, क्योंकि किसानों ने शाहबाद रेलवे ट्रेक को बाधित कर दिया था। सूचना मिलते ही रेलवे द्वारा स्वराज एक्सप्रेस ट्रेन को एहतियातन के तौर पर करनाल स्टेशन पर ही रोक लिया। जिसके चलते यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा, यात्रियों का पूरा शेड्यूल ही बदल गया। ट्रैन कब चलेगी, कोई जानकारी नहीं मिलने पर बच्चों से लेकर महिलाएं परेशान दिखीं। वजह थी कि खाने के लिए ट्रेन में अच्छा खाना नहीं है । सभी यात्री ट्रेन चलने का इंतजार कर रहे हैं।


भारत बंद को समर्थन देने के लिए हाथ जोडक़र दुकानों से अपील करते किसान।


भारत बंद के दौरान बाजारों में तिरंगा यात्रा निकाल कर दुकानदारों से प्रतिष्ठा बंद करने की अपील करते पूर्व मंत्री कप्तान अजयसिंह यादव व विधायक चिरंजीव राव।

## रेवाड़ी जिले में रहा भारत बंद का मिलाजुला असर

### कप्तान व चिरंजीव ने की अगुवाई

### कांग्रेस ने निकाली बंद के समर्थन में तिरंगा यात्रा


पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**जिले** में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्ववान पर किए गए भारत बंद का मिला-जुला असर दिखाई दिया। रेवाड़ी में जहां कुछ दुकानदारों ने समर्थन में अपने प्रतिष्ठा बंद रखे, वहीं बावल में बंद का ज्यादा असर दिखाई दिया।

चूंकि कांग्रेस ने भारत बंद का समर्थन किया है, इसलिए जिले के कांग्रेसी बाजारों में उतरे तथा तिरंगा यात्रा निकालते हुए दुकानदारों से बंद का आग्रह किया। बहुत से दुकानदारों ने भी इनके आग्रह पर अपनी दुकानें बंद रखीं। बंद के समर्थन में मंगलवार को जिले में बंद का मिला-जुला असर दिखाई दिया। कांग्रेस ने देश भर में भारत बंद का समर्थन किया। यहां पूर्व मंत्री कप्तान अजयसिंह यादव, उनके विधायक बेटे चिरंजीव राव तथा पूर्व मंत्री डॉ. एमएल रंगा ने अपने समर्थकों के साथ बाजारों में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता विधायक चिरंजीव राव ने की। बाजारों में कप्तान अजयसिंह यादव ने दुकानदारों से हाथ जोड़कर दुकानें बंद कर भारत बंद का समर्थन करने की अपील की। ऑन लाइन मार्केट ने व्यापारियों का व्यवसाय बंद कर दिया है। विधायक चिरंजीव राव पूर्व मंत्री डॉ. एमएल रंगा ने भी कानून व्यवस्था, महंगाई तथा बेरोजगारी के मुद्दे पर अपना वतव्य दिया। इधर बावल में जहां बाजार पूरी तरह बंद रहे। यहां भी बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला।


भारत बंद के दौरान रेलवे स्टेशन पर खेलता एक रेलयात्री का बच्चा ।

## रेलवे ट्रैक पर जमे किसान, मालगाड़ी चालक ने रोककर टाला बड़ा हादसा


रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के आगे नारेबाजी करते किसान।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद के दौरान जब किसान सोनीपत के रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो अचानक ट्रेन आ गई। पुलिस ने किसानों को ट्रैक से हटाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन के ड्राइवर ने ट्रेन को रोककर बड़ा हादसा होने से टाल दिया। किसानों ने ट्रेन रुकने के बाद उसके सामने खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। आप तस्वीरों में देख सकते हैं कि हरियाणा के सोनीपत में रेलवे ट्रैक पर

### अंबाला की तरफ से अचानक आ गई एक माल रेलगाड़ी

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान रेलगाड़ियों को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो कुछ समय बाद अंबाला की तरफ से एक माल रेलगाड़ी आ गई। किसान ट्रेन को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक पर खड़े हो गए। ट्रेन तेज गति से आ रही थी। जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने भी मौके पर किसानों को बड़ा हादसा होने से बचाने के लिए उनको रेलवे ट्रैक से हटाने का काफी प्रयास किया, लेकिन किसान हट नहीं रहे थे। यह तस्वीर वाक्य ही डरा देने वाली थी और ट्रेन के ड्राइवर ने समझदारी से काम लेते हुए ट्रेन को रोक दिया। वरना यहां कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। मौके पर मौजूद किसान नेता श्रद्धानंद सोलंकी और हरि प्रकाश के साथ ईश्वर सिंह राठी ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोनीपत का रेलवे ट्रैक जाम किया गया है।

### स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित प्रदर्शनी आज से 30 सितम्बर तक

**करनाल।** भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की प्रदर्शनी शाखा द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान पर आधारित एक प्रदर्शनी तैयार की गई है।

जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दो सितम्बर, 2021 को चंडीगढ़ में किया था। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी सुनील बसताड़ा ने बताया कि यह प्रदर्शनी राज्य के सभी जिलों में दिखाई जा रही है। यह प्रदर्शनी करनाल जिले में 28 सितम्बर से 30 सितम्बर तक डा. मंगल सैन ऑडिटोरियम में लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन उपायुक्त निशांत कुमार यादव प्रात: 10 बजे करेंगे। यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में आजादी पर कुर्बान होने वाले वीरों की गाथा को प्रदर्शित किया गया है तथा इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के वीरों के योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगी।

## भारत बंद शहर में बेअसर तो गांवों में रोके गए रास्ते

### शहर के बाजार खुले, किसान बैठे रेल पटरियों पर, सड़कों पर लगाया जाम

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी





**संयुक्त** किसान मोर्चा के भारत बंद का भिवानी शहर में कोई असर नहीं दिखाई दिया। बाजार में दुकानें सामान्य दिनों की तरह ही खोली गई, लेकिन बाजार में ग्राहकी कम रही। परन्तु भिवानी के आस पड़ोस में लगते गांवों में बंद का असर रहा। शहर तक पहुंचने वाले रास्ते किसानों ने बंद कर दिए थे। भिवानी से लम्बी दूरी की बसें भी नहीं चलाई गई। सिरसा से भिवानी के रास्ते दिल्ली जाने वाली रेलगाड़ी को हिसार में ही रोक दिया गया।

सर्व जातिय जाटू खाप 84 व प्रेमनगर धरना कमेटी के मार्ग दर्शन में किसानों ने गांव प्रेमनगर में सीबीएलयू के सामने हांसी व गांव धनाना में जींद पर मार्ग पर प्रेमनगर, धनाना, घुसकानी, तिगड़ाना, मंढाणा व जताई के किसानों ने जाम में शामिल हुए। अनेक किसानों ने धरने को संबोधित किया। सभी ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि तुरंत प्रभाव से तीनों काले कानून वापस लें अन्यथा यह संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर और तेज होगा।

सर्वजातिय जाटू खाप 84 के कार्यवाहक प्रधान रोहताश पहलवान मित्ताथल के नेतृत्व में गांव कालुवास रेलवे लाइन पर गांव मित्ताथल, चांग, कालुवास, बड़ेसरा के सैंकड़ों महिला एवं पुरूष किसानों उपस्थित हुए। रोहताश पहलवान ने बताया कि इस दौरान एंबुलेंस, इमरजेंसी वाहन, आर्मी के वाहन व पुलिस की गाड़ियों को आने-जाने के लिए रास्ते का विशेष प्रबंध किया गया। उन्होंने बताया कि उपस्थित किसानों के बैठने व खाने-पीने की वस्तुओं के विशेष प्रबंध किए गए।

भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य के नेतृत्व में किसानों ने कितलाना टोल पर जाम लगाया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने जिला में 10 हाईवे व दो रेलवे ट्रैक को जाम कर सरकार से तीन कृषि कानूनों को रद्द किए जाने



की मांग की। अखिल भारतीय किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कामरेड ओम प्रकाश, किसान नेता गंगाराम स्योराण, कमल प्रधान, मास्टर शेरसिंह, अजित बाडी धनाना व प्यापारी नेता जेपी कौशिक ने बताया कि पूरे देश के साथ भिवानी जिले में यह बंद शांतिपूर्ण तरीके से पूर्णत: सफल रहा है।

## सेवा-समर्पण अभियान में हर गांव पहुंचकर करें जागरूक: शंकर धूपड़

**भिवानी।** भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने जूम ऐप के माध्यम से भाजपा पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान भाजपा के प्रदेश व जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडलों के प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष ने सेवा समर्ण अभियान के तहत चलाए जा रहे जनसेवा के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए सेवा-समर्णण अभियान के तहत चलाए जा रहे जनसेवा के कार्यो में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि कार्यकर्ता प्रत्येक गांव की प्रत्येक गली तक पहुंचकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए लोगों की सेवा करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सेवा समर्पण अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेवारी जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व विरेंद्र कौशिक को दी गई है।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

अपने दम से जीना सीख,
जहर को हंस कर पीना सीख,
एक एक पल की कीमत है जी,
दिन से बने महीना सीख।

### नोएडा का अल्टीमेट एंटरटेनमेंट एरिना स्मैश सितंबर 2021 से

## डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में लॉन्च होने के लिए है पूरी तरह तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**स्मैश** भारत के प्रशंसित गेमिंग और मनोरंजन केंद्रों में से एक है, जो कि परिवार, दोस्तों और बच्चों के लिए एक इंटरैक्टिव और इनोवेटिव सोशल एक्सपीरियंस के साथ खेल, वर्चुअल रियलिटी, संगीत और डाइनिंग को एक साथ लाता है। लगभग डेढ़ साल के अंतराल के बाद, नोएडा अब एक ट्रीट के लिए तैयार है। स्मैश अब लॉन्च के लिए पूरी तरह से तैयार है। 60 नए गेम के साथ डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में वापस आ चुका है, जिसमें आर्केस, वर्चुअल रियलिटी और गेंदबाजी और क्रिकेट जैसे उनके लोकप्रिय लोकप्रिय गेम शामिल हैं।

स्मैश के मालिक श्रीपाल मोराखिया ने कहा, खेल मनोरंजन और ग्राहकों के लिए अभूतपूर्व नवीन विचारों और नवीन भोजन अवधारणाओं को परिभाषित करते हुए, स्मैश में सभी के लिए और किसी भी उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ है जो इसे सभी उम्र के बच्चों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है।

स्मैश अपने अनूठे अनुभव का आनंद लेने के लिए वर्चुअल रियलिटी आधारित गेमिंग के सभी पारखी लोगों को आमंत्रित करता है। जो कि 23 सितंबर, 2021 को पूरी तरह से लॉन्च होने के लिए तैयार है। यह अनुभव परिवार और बच्चों के लिए उनकी यादों को फिर से रिक्रिएट कर एक लम्बा, विकसित, इंटरैक्टिव और इनोवेटिव सोशल एक्सपीरियंस होने जा रहा है।

लगभग एक दशक पहले लॉन्च किया गया, स्मैश बॉलिंग, टत् गेमिंग, स्पोर्ट्स, पार्टी और डाइनिंग सभी में एक जोश सा भर देता है। सभी उम्र के लोगों को मनोरंजन प्रदान करने के एजेंडे के साथ ही, स्मैश में सभी के लिए कुछ न कुछ है। सेंटर बच्चों और वयस्कों के लिए समान रूप से खुला है, इस तरह यह माता-पिता और बच्चों को जो की एक वर्ष से अधिक समय तक घर के अंदर रहने के बाद एक कोविड अनुपालन स्थान में बॉन्ड और कुछ बाहरी गतिविधियों को प्राप्त करने का मौका देता है। रोमांटिक रूप से चमचमाती ट्वाइलाइट बॉलिंग एरिना का अपने आप में एक मिजाज है। साथ ही अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ बॉलिंग एली में स्टाइल से प्रतिस्पर्धा के दौरान बॉलिंग पिन डैश के दौरान स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद ले सकते हैं।

हमें वापस आकर खुशी हो रही है और हम नए कॉन्सेप्ट, पावरफुल सिम्युलेटिव टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव डिजाइन के साथ शहर में कभी न देखा गया गेमिंग अनुभव लेकर आए हैं। हमें उम्मीद करते है कि हम अपने अनूठे और आकांक्षी अनुभवों के साथ फिर से मुस्कान को वापस लाएंगे।

## बड़े रिटेल ब्रांड्स को टक्कर दे सकते हैं किराना स्टोर के मालिक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**भारत** के छोटे शहरों में, छोटे व्यापारियों, उद्यमियों और किराना स्टोर मालिकों को अब संगठित रिटेल मार्केट के पीछे चलने की जरूरत नहीं रहेगी। उपभोक्ता-केंद्रित रिटेल ब्रांड-1 के किराना बाजार, भारत के छोटे शहरों में आस-पड़ोस में चलने वाले किराना स्टोर्स को संगठित रिटेल ब्रांड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में ही सक्षम बना रहा है।

मॉडल एसेट लाइट यानी काम की तुलना में कम पूंजी की जरूरत वाला है, क्योंकि स्टोर का स्वामित्व और परिचालन फ्रैंचाइजी पार्टनर्स (पूर्ववर्ती किराना स्टोर्स) द्वारा किया जाता है, जबकि एक के प्रत्येक स्टोर के लिए संपूर्ण सोर्सिंग, इन्वेंट्री प्रबंधन, मूल्य निर्धारण, सेल्स एवं मार्केटिंग को संभालता है। 2018 में कुमार संगीतेश, सचिन शर्मा और अभिषेक हाल्दर द्वारा स्थापित, एक के किराना बाजार का उद्देश्य पारंपरिक किराना स्टोरों को आधुनिक बनाना है, और उपभोक्ता आधार बढ़ाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ऑफलाइन बिक्री बढ़ाने के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बाधा रहित सप्लाई चेन, एसकेयू की व्यापक रेंज और भी बहुत कुछप्रदान करके उन्हें 21वीं सदी में लाना है।

ग्रामीण बाजारों के लिए किराना दुकानों के एग्रीगेटर के रूप में, यह ब्रांड देश के छोटे शहरों में पहुंच बनाने और एफएमसीजी उत्पाद वितरित करने की समस्या को हल करना चाहता था। बिखरे हुए डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के कारण ऐसे शहरों में उत्पाद की उपलब्धता हमेशा एक बड़ा मुद्दा बनी रही, जबकि आय बढ़ने से उपभोक्ता ऐसे उत्पाद खरीदना चाहते थे।

23,000 की आबादी वाले हरियाणा के एक छोटे से शहर और गुड़गांव के महानगरीय शहर से लगभग एक घंटे की दूरी पर स्थित धारूहेड़ा के एक के पार्टनर ने एक के से जुड़े अपने अनुभव और जुड़ाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उनके सभी ग्राहकों को एक के से मिलने वाले प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, और आकर्षक ऑफर से बहुत लाभ हुआ है। वह अपने क्षेत्र में, गुड़गांव शहर में उपलब्ध उत्पादों की तरह ही, उत्पादों की विस्तृत रेंज की पेशकश कर सकते हैं, जिससे उनके स्टोर पर हमेशा ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। एक के से पार्टनरशिप करने के बाद न केवल उनकी आमदनी बढ़ी है, बल्कि समाज में उनका कद भी बढ़ा है और उनकी प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है।

एक केऑनलाइन कॉमर्स की परिभाषा भी बदल रहा है और घर पर डिलीवरी से आगे की बात कर रहा है। अगर हर नुक्कड़ और कार्नर पर टचप्वाइंट मौजूद हैं, तो उपभोक्ताओं, खासकर ऐसी जगहों के एक्सपीरियंस लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए वास्तव में होम डिलीवरी मॉडल की जरूरत नहीं है।

छोटे शहरों और ग्रामीण भारत में समय बचाने की जरूरत उतनी नहीं है, जितनी महानगरों की तेज रफ्तार जिंदगी में है। ऑनलाइन कॉमर्स के अन्य फायदे हैं ।

# भारत बंद का मिलाजुला असर पुलिस का शांतिपूर्ण का दावा

## हरियाणा में फेल हुई सरकार की वैकल्पिक योजनाएं, बसों में बैठे रहे हजारों यात्री

### अंबाला, यमुनानगर सोनीपत, हिसार में कई जगह रोकी गई ट्रेन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कृषि** कानूनों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किए गए भारत बंद को प्रदेश में मिलाजुला समर्थन मिला है। बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। एनसीआर के कुछ जिलों में जहां बंद का कोई खास असर नहीं दिखा वहीं मध्य हरियाणा के जिलों में बंद के दौरान आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को भारत बंद का आह्वान किया गया था। जिसके चलते आज सुबह छह बजे से ही आंदोलनकारी सड़कों पर थे और लोग घरों में बंद थे। प्रदेश में सुबह 11 बजे तक लगभग सभी जिलों में पूर्ण बंद का समाचार है। आंदोलनकारियों ने आपाकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी वाहन को आगे नहीं बढ़ने दिया। बस अड्डों से हरियाणा, उत्तराखंड तथा राजस्थान के लिए निकली यात्रियों से भरी बसें दिन भर सड़कों पर ही खड़ी रहीं। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक रास्तों का प्रबंध करने का दावा किया गया था लेकिन सड़कों पर बैठे आंदोलनकारियों ने किसी को आगे नहीं बढ़ने दिया।




### पुलिस का दावा शांतिपूर्वक रहा बंद

हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में भारत बंद के शांतिपूर्वक रहने का दावा किया है। पुलिस मुख्यालय से जारी जानकारी के अनुसार भारत बंद का प्रभाव मुख्य रूप से सड़कों व रेल ब्लॉक के रूप में देखा गया और इंटरसिटी सड़कों तथा रेल यातायात में बाधा उत्पन्न हुई, लेकिन शहरों और कस्बों के भीतर गतिविधियों पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा। राज्य के गुरुग्राम, फरीदाबाद, नारनौल, रेवाड़ी और नूंह जिलों में बंद के आह्वान का कोई असर नहीं दिखा। राज्य में किसी भी तरह की हिंसक घटना की सूचना नहीं मिली।

अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर तथा कैथल जिलों में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। अंबाला में जहां पांच रेलगाड़ियों को पूर्णतया रद् कर दिया गया वहीं आठ रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से आठ से नौ घंटे देरी से चलीं। यमुनानगर में तो किसान रेल की पटरियों पर लेट गए जिससे रेलगाड़ियों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ गया।

ऐसा ही घटनाक्रम सोनीपत में भी रहा। रेलवे के अधिकारी किसी अप्रिय घटना का हवाला देकर किसानों को गाड़ी यार्ड तक पहुंचाने के लिए मना रहे थे लेकिन किसान नहीं माने। जिसके चलते दिल्ली से चली यात्री गाड़ियों को इमरजेंसी का हवाला देकर बीच में ही रोक दिया गया।

हरियाणा के हिसार, सिरसा, फतेहबाद तथा भिवानी आदि जिलों में भी बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जहां किसानों के समर्थन में आए बार एसोसिएशन पदाधिकारियों, व्यापारियों ने भी बंद में भाग लिया। एनसीआर के जिले गुरुग्राम, पलवल तथा फरीदाबाद में बंद का ज्यादा असर नहीं था। यहां सामान्य की भांति दुकानें खुली रही और लोगों का सडक़ों पर आवागमन जारी रहा।



सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर लगाया जाम।

# कुरुक्षेत्र में भारत बंद का व्यापक असर, दुकानदारों का मिला समर्थन

### जिला में किसानों ने 15 जगहों पर रोड जाम किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को किसानों ने भारत बंद के तहत हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम कर प्रदर्शन किया, जिसकी वजह से लोगों का काफी परेशानी हुई। एक तरफ सड़कों पर वाहनों का जमावड़ा दिखा तो दूसरी तरफ ट्रेनों के पहिए भी थमे दिखे। जिला में किसानों ने 15 जगहों पर रोड जाम किया। जिलाभर में भारतबंद का व्यापक असर देने को मिला। बंद के समर्थन में अधिकतर व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

भारत बंद की वजह से कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर डा. अंबेडकर नगर से चलकर श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जा रही विशेष एक्सप्रेस ट्रेन को भी रोक दिया गया। सुबह 6 बजे से ट्रेन कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी हुई। यात्रियों का कहना है कि उन्होंने अपने शेड्यूल के अनुसार आगे होटल की बुकिंग की हुई थी। अब उनकी सारी प्लानिंग धरी की धरी रह गई हैं। गुस्साए यात्री बोले-लोगों को परेशान करना सही नहीं। उन्होंने माता वैष्णो के दर्शन करने के लिए हेलीकॉप्टर की भी बुक किया था, लेकिन ट्रेन के लेट होने से उनके समय की तो बरबादी हुई ही है।

#### जनसंघर्ष मंच ने की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**काले** कृषि कानूनों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान के समर्थन में जन संघर्ष मंच हरियाणा की कुरुक्षेत्र इकाई के कार्यकर्ता नए बस स्टैंड कुरक्षेत्र पर इकट्ठा हुए और तीन काले कृषि कानूनों, चार लेबर कोड व मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन किया। नये बस स्टैंड से प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता मिनी सचिवालय पर गए। डीसी आफिस पर प्रदर्शन धरना दिया व ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को मंच की प्रान्तीय महासचिव सुदेश कुमारी, उपाध्यक्ष ऊषा कुमारी, प्रवक्ता डा. लहना सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के नेता ओमप्रकाश, आनंद सिंह, रविन्द्र कुमार, रजवंत कौर, नीलकंठ शर्मा, रोडवेज के नेता जयकुमार, केडीबी नेता कृष्ण कुमार आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर कोमल, पूजा, मनदीप, सतीश, पीरथी आदि ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### समिति को यूथ ब्लड डोनर आर्गेनाइजेशन ने किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** नर नारायण सेवा समिति शाहाबाद को यूथ ब्लड डोनर आगेर्नाइजेशन कुरुक्षेत्र द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष मनीष भाटिया ने बताया कि इस समारोह में पूरे हरियाणा की सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिसमे शाहबाद से नर नारायण सेवा समिति भी शामिल है। समिति के संस्थापक मुनीष भाटिया, प्रधान राकेश मुल्तानी और मैनेजर करनैल सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। इसके इलावा समारोह में शाहाबाद से रक्तसेवक परिवार, हेल्पिंग हैंड को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद समाजसेवी प्रेरणा समिति संस्थापक जय भगवान सिंगला, समाजसेवी प्रतीक सुधा, डॉ दीपक देवगन, गगन चंडोक, प्रदीप कुकरेजा, संयम ठुकराल, आयुष कालरा, सुमित खत्री, सिमरन कौर, सुमन प्रजापति सहित आर्गेनाइजेशन के सदस्य मौजूद रहे।

### ग्रामीण परिवेश की निशा ग्रेवाल छाई आईएएस परीक्षा में



**भिवानी।** आईएएस की परीक्षा में 51वां रैंक लेकर भिवानी के समीपी गांव बामला की बेटी निशा ग्रेवाल ने देशभर में छोटी कांशी का नाम रोशन कर दिया। निशा को अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा था कि वो इस कठिन माने जाने वाली परीक्षा को अवश्य ही पास करेगी। परन्तु आईएएस की तैयारी के समय कभी-कभी विश्वास डगमगा भी जाता था तो वो ध्यान और योगा का सहारा लेती थी। वो अपनी सबसे बड़ी ताकत अपने परिवार को मानती है। साक्षात्कार पर जाते समय उसके दादाजी ने कहा था कि गायत्री मंत्र का पाठ कर लेना। वो मानती है कि ध्यान, योगा और परिवार की मदद से हर कठीन काम आसान हो जाते थे। ग्रामीण परिवेश से निकल कर आई निशा ग्रेवाल अब आगे बढ़ने की जिद् रखने वाली लड़कियों के लिए एक प्रेरणा बन चुकी है। परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने भिवानी के तत्कालीन डीसी जयबीर सिंह आर्य और चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरके मित्तल के सम्पर्क में आई। जहां इनसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली, वहीं इन दोनों आला अधिकारियों ने एक मॉक साक्षात्कार भी किया। अपने मॉक साक्षात्कार के दौरान निशा ने शुभवी आर्य के उदाहरण का भी जिक्र किया, जिन्होंने भारत का नाम रोशन किया।

### दिल्ली चिचड गैंग के दो दो मोस्ट वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत सीआईए-2 पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अन्तर्राज्यीय लूट गिरोह के दो मोस्ट वांटेड इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन पर दिल्ली और हरियाणा में लूट की आधा दर्जन से भी अधिक वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वारदातों से भी पर्दा उठ सके। गिरफ्तार दोनों बदमाशों पर पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनीपत उपासना ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि लोगों के लिए खौफ का पर्याय बन चुके ये दोनों गिरफ्तार आरोपी रोहित उर्फ पहलवान व मयंक निवासी हरेवली दिल्ली के रहने वाले हैं। अब यह सोनीपत की सीआईए-2 पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने दो अवैध पिस्तौल भी बरामद की है। यह दोनों आरोपी हरियाणा व दिल्ली में आधा दर्जनों से भी अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं, पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि दोनों गिरफ्तार आरोपी संदीप उर्फ चिचड गैंग के सदस्य हैं, जिन पर हरियाणा व दिल्ली में लूट की वारदातों के आरोप है। आरोपी रोहित उर्फ पहलवान वर्ष 2020 में थाना मंडावली दिल्ली में दर्ज फिरौती मांगने की घटना व वर्ष 2020 में थाना कंजावला दिल्ली में गाड़ी लूटने की घटनाओं में भी संलिप्त रहा है।

# पीएमओ कार्यालय के संज्ञान के बावजूद सड़क निर्माण में हो रही देरी: धनेश ईशधन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

### सड़क न बनने से लोगों को हो रही शारीरिक व मानसिक परेशानी

**पिपली** से थर्ड गेट तक सड़क निर्माण मामले में वॉयस आफ इंडिया के अध्यक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के वकील धनेश ईशधन ने करीब दो माह पहले प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था।



अध्यक्ष धनेश ईशधन

पत्र के बाद पीएमओ कार्यालय ने इसके लिए हरियाणा राज्य के मुख्य सचिव से तत्काल इस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर उसकी जानकारी पीएमओ कार्यालय भेजने के निर्देश दिए थे। साथ ही इसकी जानकारी वकील धनेश ईशधन को भी दी जानी थी। वकील ईशधन ने हैरानी जताते हुए कहा कि इस मामले में दो माह से अधिक बीतने को है, लेकिन अभी तक भी इस सड़क की हालत जस की तस है।

धनेश ईशधन ने मुख्य सचिव हरियाणा सरकार से पूछा है कि कार्यवाही करने और इसकी सूचना का ब्यौरा उन्हें और पीएमओ को देने में कितना लंबा और इंतजार कराएंगे। ईशधन ने 8 किलोमीटर सड़क पर 55 करोड़ रुपये की लागत और सड़क निर्माण में घटिया और निम्न स्तरीय निर्माण सामग्री प्रयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच सीबीआई से करवाने की मांग दोबारा की है। विधायक सुभाष सुधा नाटकीय अंदाज में नित्य प्रतिदिन आधारहीन खोखले आदेश देकर अपनी साख और स्तरहीन हवा बनाने का काम करते हैं।

# विनोद ने पहला रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

**भिवानी।** कोरोना महामारी के बावजूद भी रक्तदान करने वाले युवा लगातार अपना फर्ज निभाते हुए आगे आ रहे हैं। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के युवा प्रदेश सचिव पंकज कसेरा ने विनोद गोस्वामी से उनका पहला रक्तदान करवाया और मरीज की जान बचाई।

उन्होंने कहा की इसी तरह आगे भी उनके और उनके साथियों द्वारा रक्तदान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि ब्लड यानी खून एक ऐसी चीज है जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। कसेरा ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए क्योंकि इससे हम जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचा सकते है। उन्होंने रक्तदाता विनोद गोस्वामी का धन्यवाद करते हुए कहा की एक ही कॉल पर उन्होंने रक्तदान कर एक मिसाल कायम की है।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ शहीद गुरजेंट सिंह का अंतिम संस्कार

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र/शाहबाद

**शाहाबाद** के गांव राय माजरा में शहीद गुरजेंट सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ कर किया गया। सेना की टुकड़ी ने हवाई फायर कर व शोक बिगुल बजा कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किये। शहीद के भाई सतनाम सिंह (जो सेना में सिपाही हैं) ने शहीद को मुखाग्रि दी। शाहाबाद प्रशासन की तरफ से एसडीएम कपिल शर्मा, बीडीपीओ सुमित बख्शी, जिला सैनिक बोर्ड कुरुक्षेत्र और ग्राम पंचायत रायमाजरा की ओर से पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद गुरजेंट सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले सेना की टुकड़ी नायब सूबेदार होशियार सिंह के नेतृत्व में तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर को गांव में लाया गया। बड़ी संख्या में युवाओं ने बाइक के काफिले के साथ शहीद गुरजेंट सिंह अमर रहे के जयघोष लगा कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। हालांकि परिजनों सहित पूरा गांव शहीद की शहादत पर गर्व कर रहा था, लेकिन पार्थिव शरीर जैसे ही गांव की दहलीज पर पहुंचा, सभी की आंखें नम हो गई। अपने वीर सपूत को देखते ही पिता रूलदा राम, माता कर्मजीत, भाई सतनाम सिंह, पत्नी रिंकी, बहनें जसविन्द्र व चरणजीत अपने रूदन को रोक नहीं पाए। पार्थिव शरीर से लिपट-लिपट कर शहीद को पुकारते रहे। घर से पार्थिव शरीर को पुष्प वर्षा के साथ श्मशान घाट तक लाया गया। गांव व घर की पूर्ण रीति रिवाज के साथ शहीद के पार्थिव शरीर को मुखाग्रि दी गई। सेना की टुकड़ी ने शहीद को नमन करते हुए तिरंगा झंडा शहीद के भाई सतनाम सिंह को भेंट किया। इस दौरान विधायक रामकरण काला, पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी, भाजपा के युवा नेता गौरव बेदी, सूबेदार आरआर शर्मा, रोशन लाल आदि ने श्रद्धांजलि दी।



शहीद गुरजेंट सिंह को श्रद्धांजलि देते गणमान्य व्यक्ति।

# रेलवे संकीर्तन मंडल के सदस्यों के विरुद्ध केस वापस होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### संकीर्तन मंडल और रेलवे पुलिस के बीच बनवाई सहमति

**दैनिक** रेल यात्री संकीर्तन मंडल की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रेलवे पुलिस से आग्रह किया है कि मंडल सदस्यों के विरूद्ध दर्ज मामले वापस लिए जाएं। उन्होंने रेलवे पुलिस तथा मंडल सदस्यों के बीच आपसी बातचीत से समझौता स्थापित करवाने का प्रयास किया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई समस्या पैदा न हो।

बीते दिवस दैनिक रेल यात्री संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने राजीव जैन से मुलाकात करते हुए जानकारी दी। मंडल सदस्यों ने बताया कि 16 व 17 सितंबर को रेलवे पुलिस (आरपीएफ) ने संकीर्तन मंडल के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। मंडल सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इसका मंडल सदस्यों ने पुरजोर विरोध किया है। विरोध के अंतर्गत ही मंडल सदस्यों ने पूर्व राजीव जैन से भेंट कर मदद की मांग की। जैन ने मंडल सदस्यों को साथ लेकर रेलवे पुलिस थाना के प्रभारी से मुलाकात की। जैन ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि मंडल सदस्यों के विरूद्ध दर्ज किये मामलों को रद्द किया जाए। जैन ने थाना प्रभारी के तर्कों की भी सुनवाई की, जिसमें उन्होंने लाउड स्पीकर से अन्य रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी का जिक्र किया। रेलवे पुलिस अधिकारी का कहना था कि कुछ रेल यात्रियों की शिकायत पर ही उन्हें कार्रवाई करनी पड़ी। अन्य रेल यात्रियों के अनुसार रेल के अंदर कीर्तन किये जाने से अन्य रेल यात्रियों को समस्याएं उठानी पड़ती है। जैन ने मंडल सदस्यों को मनाया कि वे कीर्तन के दौरान लाउड स्पीकर का प्रयोग नहीं करेंगे। मंडल सदस्यों ने पूर्ण भरोसा दिया कि उनकी ओर से किसी भी रेल यात्री को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले लाभार्थियों को : एडीसी

### एडीसी ने स्टैंड अप इंडिया स्कीम की उपलब्धि को लेकर चिंता जताई

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**एडीसी** ने स्टैंड अप इंडिया स्कीम की उपलब्धि को लेकर चिंता जताई। कहा कि चालू वर्ष की दो तिमाही में एसएसी, एसटी वर्ग के लाभार्थी को जितना लाभ पहुंचाया जाना चाहिए था उतना नहीं मिला। इस अवधि में बैंकों द्वारा केवल दो महिला एससी, एसटी को 20 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना को लेकर उन्होंने कहा कि इसमें ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को 10 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। बैंक ऋण स्वीकृति के बाद उसकी अदायगी में देरी न करें।




बैंक अधिकारियों की मीटिंग लेते एडीसी योगेश कुमार।

अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों को सरकार की स्कीमों का लाभ समय पर मिलना चाहिए, विलम्ब या अनावश्यक देरी से स्कीम का महत्व खत्म हो जाता है और इससे बैंकों की छवि भी खराब होती है। एडीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भिन्न-भिन्न बैंकों से आए अधिकारी, प्रतिनिधियों से रूबरू थे।

# सेवानिवृत्त अध्यापकों को संस्कृति स्कूलों में मिलेगी तैनाती

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त प्राध्यापकों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है।

विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्राधिकार के विद्यालयों के मुखिया व प्रभारी को सूचित करें कि वे अपने विद्यालय में उपलब्ध पीजीटी, टीजीटी तथा सीएंडवी पदों पर रिक्त पदों के समक्ष आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त प्राध्यापकों व अध्यापकों की सेवाएं 'स्टॉप गैप अरेंजमैंट' के रूप में ले सकते हैं।

# पंचकूला में नौजवान को तलवारों से काटकर मौत के घाट उतारा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### हमलावरों ने जीरकपुर-शिमला मार्ग स्थित चौराहे की हत्या

**पंचकूला** में बीती रात रंजिश के चलते करीब आधा दर्जन युवकों ने घर जा रहे एक अन्य नौजवान को तलवारों से काटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक यहां की एक प्राइवेट फैक्टरी में काम करता है। वह मूल रूप से पंजाब के रोपड़ का रहने वाला है। हमलावरों ने जीरकपुर-शिमला मार्ग पर स्थित एक चौराहे पर तब तक वार किए जब तक युवक की मौत नहीं हो गई।

जानकारी के अनुसार पंजाब के रोपड़ का रहने वाला हरविंदर चंडीगढ़ के निकट मनीमाजरा में अपने परिवार से अलग रहता था। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करने के साथ-साथ पुरानी गाड़ियों की खरीदफरोख्त का काम भी करता था। रविवार की रात हरविंदर अपने दोस्त रिंकू और आनंद के साथ जीरकपुर में खाना खाकर वापस लौट रहा था।

शिमला मार्ग पर स्थित माजरी चौक के निकट उन्हें हथियारों से लैस करीब एक दर्जन युवकों ने घेर लिया। हमलावरों ने तलवार, हॉकी तथा रॉड से हरविंदर को पीटना शुरू कर दिया। गाड़ी में सवार रिंकू तथा आनंद जैसे-तैसे वहां से जान बचाकर छिपे। हमलावर तब तक वार करते रहे जब तक हरविंदर की मौत नहीं हुई। हमलावरों ने करीब 15 मिनट तक वार पर वार किए। इसके बाद वे फरार हो गए।

# प्रधानमंत्री का सपना किसानों की आय को दोगुना करना : सांसद

### सांसद रमेश कौशिक ने सात लाभार्थियों को बांटे 23 लाख रुपये की राशि के चैक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मुख्यमंत्री** किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत सांसद रमेश कौशिक ने सात लाभार्थियों को 23 लाख 75 हजार रुपये की राशि के चैक बांटे। उन्होंने कहा कि खेती कार्य के दौरान किसान अथवा खेतीहर मजदूर की मृत्यु व घायल होने की स्थिति में योजना के तहत मुआवजा राशि वितरित की जाती है। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि किसी भी किसान व खेतीहर मजदूर के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि किसानों की आय को दोगुना किया जाए। इसके लिए वे हर संभव कदम उठा रहे हैं।



लाभार्थियों को चैक वितरित करते सांसद रमेश कौशिक।

सोमवार को नई अनाज मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में जिला मार्केट कमेटी के तत्वावधान में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत चैक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद रमेश कौशिक ने कृषि संबंधी कार्य करते समय मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों तथा दुर्घटनाग्रस्त किसानों को वित्तीय सहायता राशि के चैक भेंट किये।

सांसद कौशिक ने जुआं गांव की जगमति देवी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि का चैक भेंट की। जिनके पति प्रताप सिंह की खेती कार्य के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार मोहाना के दिनेश को पांच लाख रुपये तथा बैंयापुर की शामो को पांच लाख रुपये और मीमारपुर की सुमन देवी को पांच लाख रुपये की राशि का चैक भेंट किया। इनके साथ ही पिनाना के दर्शन को अंग भंग होने पर सवा लाख रुपये तथा बोहला के अनिल अंग भंग होने पर सवा लाख रुपये और चिटाना के कैलाश को भी अंगभंग होने के कारण सवा लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चैक प्रदान किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर जीवन सुरक्षा योजना के तहत सरकार चार करोड़ 56 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। केंद्र व प्रदेश स्तर पर किसानों की उन्नति को प्राथमिकता दी जा रही है। मार्केट कमेटी भी किसानों की भलाई के लिए ही कार्यरत है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सोनीपत के सचिव जितेंद्र कुमार सहित संजय वर्मा, पवन गोयल, पूर्व सचिव ज्योति मोर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# हरियाणा में अब एक अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

### धान की बिक्री शेड्यूल के अनुसार ही मंडियों में लाएं धान की फसल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में खरीफ खरीद मौसम 2021-22 के दौरान धान की खरीद एक अक्टूबर से शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को चंडीगढ़ में विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई। प्रदेश में पहले धान की खरीद 25 सितम्बर से शुरू होनी थी लेकिन बेमौसमी बारिश के कारण हुई फसलों की तबाही हुई है। जिसके चलते सरकार द्वारा विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए जा चुके हैं।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने सोमवार को ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने किसानों को अपनी सुविधानुसार मंडियों में बिक्री के लिए धान की फसल लाने के लिए स्वयं शेड्यूलिंग करने की सुविधा प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि किसान ई-खरीफ सॉफ्टवेयर के माध्यम से मंडियों में अपनी धान की फसल लाने के लिए शेड्यूलिंग स्वयं कर सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई-खरीफ सॉफ्टवेयर के इस लिंक पर अपनी धान की फसल को बेचने के लिए चुने गए शैड्यूल के अनुसार ही मंडियों में अपनी फसल लाएं।

# राजनीतिक दल कर रहे आपराधिक छवि के नेताओं को उम्मीदवार बनाए जाने के नफे-नुकसान का आकलन

**आनन्द राय।** लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष की शुरुआत में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से अपराधियों के खिलाफ राज्य सरकार के कड़े रुख को जनता के समक्ष पेश करने के बीच, दूसरे राजनीतिक दलों ने आपराधिक छवि के नेताओं को उम्मीदवार बनाए जाने के नफे-नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह तक सभी, अपनी सभाओं में पिछले साढ़े चार साल में माफियाओं के खिलाफ की गई कठोर कार्रवाई का ब्योरा दे रहे हैं। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराजगंज की एक सभा में कहा कि विकास के लिए उत्तम कानून व्यवस्था की आवश्यकता होती है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम सुनते ही अपराधी नींद में भी कांपने लगते हैं। माफिया संस्कृति के खिलाफ संदेश देने की योजना के तहत ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने 10 सितंबर को एक बयान जारी कर मऊ से बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को टिकट न देने का ऐलान किया। उन्होंने ट्वीट किया कि बसपा आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी बाहुबली और माफिया को पार्टी का टिकट नहीं देगी। हालांकि उसी दिन ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने मुख्तार अंसारी को मनचाही सीट से चुनाव लड़ने का न्योता दे दिया। साथ ही अंसारी के पुराने सहयोगी रहे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी उनके समर्थन में आ गए।

**बसपा प्रमुख मायावती ने 10 सितंबर को एक बयान जारी कर मऊ से बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को टिकट न देने का ऐलान किया था**





मऊसे विधायक मुख्तार अंसारी, ज्ञानपुर, भदोही के विधायक विजय मिश्र, सैयदराजा, चंदौली के विधायक सुशील सिंह, जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह और फूलपुर के पूर्व सांसद अतीक अहमद पिछले वर्षों में किसी न किसी पार्टी के टिकट पर विधानसभा पहुंचते रहे हैं। वर्ष 2005 में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद क्षेत्र के विधायक कृष्णानंद राय की हत्या समेत कई गंभीर मामलों में आरोपी रहे मऊ से पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी इस समय बांदा की जेल में बंद हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, 403 सदस्यों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा में 147 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से भाजपा के 83, सपा के 11, बसपा के चार और कांग्रेस के एक विधायक पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। उत्तर प्रदेश एडीआर के संयोजक संजय सिंह ने बताया कि अपराधियों को टिकट देने के मामले में राजनीतिक दलों में होड़ लगी रहती है। एडीआर और यूपी इलेक्शन वॉच के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सभी चरणों के प्रत्याशियों की समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले कुल 15 फीसदी यानी कि 704 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज थे, वहीं 2012 के विधानसभा चुनावों में यह तादाद 557 यानी केवल आठ फीसदी ही थी।

एडीआर संयोजक के अनुसार, 2017 में बहुजन समाज पार्टी ने 38 फीसदी, समाजवादी पार्टी ने 37 फीसदी, भारतीय जनता पार्टी ने 36 फीसदी और कांग्रेस ने 32 फीसदी अपराधियों को टिकट दिया था।

### सजा होने पर नेताओं ने दिया इस्तीफा

**गौरतलब** है कि 2017 के चुनाव में हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जीते सामूहिक हत्याकांड के आरोपी चंदेल को 2019 में अदालत द्वारा दोषी ठहराने तथा सजा सुनाए जाने के बाद इस्तीफा देना पड़ा और हमीरपुर में उपचुनाव भी हुआ। भाजपा के ही टिकट पर उन्नाव के बांगरमऊ से जीते कुलदीप सिंह सेंगर को दुष्कर्म के जुर्म में सजा होने के बाद त्यागपत्र देना पड़ा और वहां भी उपचुनाव हुआ।

### मुकदमा दर्ज होना अपराधी होने का प्रमाण नहीं

**अगले** वर्ष राज्य में होने वाले चुनाव में अपराधियों को टिकट देने के सवाल पर भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के वरिष्ठ प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा, मुकदमा दर्ज हो जाना किसी व्यक्ति के अपराधी होने का प्रमाण नहीं है। मुकदमा तो कई बार राजनीतिक कारणों से द्वेषवश भी दर्ज कराए जाते हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, प्रारंभ से ही वह राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ रही है और 2017 में भाजपा ने अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश का नारा दिया था।

सामूहिक हत्याकांड के आरोपी अशोक सिंह चंदेल को हमीरपुर से भाजपा का टिकट मिलने की याद दिलाने पर उन्होंने कहा अपवाद स्वरूप कुछ हो गया हो तो मैं नहीं कह सकता लेकिन नीतिगत रूप से पार्टी कभी भी अपराधियों को राजनीतिक चोला पहनाने के खिलाफ है और 2022 में भी इसी नीति का पालन होगा। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी ने अपराधियों को टिकट देने के मसले पर कहा भाजपा अपराधियों की जमात है और सपा कभी अपराधियों को टिकट नहीं देती। हम मानते हैं कि राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है। सपा अपराधियों को टिकट नहीं देगी।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी (अब गाजीपुर से बसपा सांसद) के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल के सपा में विलय को खारिज कर दिया था। तब अफजाल अंसारी ने सपा प्रमुख पर धोखा देने का आरोप लगाया था। आपराधिक छवि वाले नेताओं को टिकट देने के बारे में पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा आईपीसी की धारा एक समान है और राजनीतिक तथा आपराधिक मुकदमों की कोई श्रेणी तय नहीं हुई है। मुकदमे तो राजनीतिक द्वेषवश धरना-प्रदर्शन में भी दर्ज करा दिए जाते हैं। हां, कांग्रेस पार्टी गंभीर आपराधिक मामलों में निरुद्ध लोगों को टिकट नहीं देगी।

---

## अदालत की अवमानना से न डरें अधिकारी

# पुलिस मेरे नियंत्रण में है : बिप्लब

**विपक्ष ने कहा कि उनके शासन में लोकतंत्र दांव पर है**



**एजेंसी।** अगरतला

**त्रिपुरा** के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने सरकारी अधिकारियों से कहा है कि वे अदालत की अवमानना के बारे में चिंता न करें क्योंकि पुलिस उनके नियंत्रण में है और ऐसे में किसी को जेल भेजना आसान नहीं है।

देब ने त्रिपुरा सिविल सर्विस ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि अधिकारियों का एक वर्ग इस तरह अदालत की अवमानना का हवाला दे रहा है जैसे कि यह अवमानना कोई बाघ हो, लेकिन वास्तव में मैं बाघ हूं। देब की इस टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने कहा कि उनके शासन में लोकतंत्र दांव पर है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा, आजकल, अधिकारियों का एक वर्ग अदालत की अवमानना से डरता है। वे अदालत की अवमानना का हवाला देते हुए यह कहकर किसी फाइल को नहीं छूते हैं कि परेशानी खड़ी हो जाएगी। अगर मैं ऐसा करता हूं तो मुझे अदालत की अवमानना के लिए जेल भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा, समस्या कहां है? अदालत की अवमानना के आरोप में अब तक कितने अधिकारियों को जेल भेजा गया है? मैं यहां हूं, आप में से किसी को भी जेल भेजे जाने से पहले मैं जेल जाऊंगा। देब ने कहा कि किसी को जेल भेजना आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए पुलिस की जरूरत होती है।

देब राज्य के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा था, और, मैं पुलिस को नियंत्रित करता हूं।

अधिकारी इस तरह हालात का हवाला दे रहे हैं जैसे कि अदालत की अवमानना कोई बाघ होउ मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं बाघ हूं। सरकार चलाने वाले पास शक्ति होती है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर एक पूर्व मुख्य सचिव के साथ अपने अनुभव का भी जिक्र किया था। उन्होंने मुख्य सचिव का मजाक उड़ाते हुए कहा था, हमारे एक मुख्य सचिव ने कहा कि अगर वह सिस्टम से बाहर काम करते है तो उन्हें अदालत की अवमानना के लिए जेल भेजा जाएगा... फिर मैंने उन्हें जाने दिया।

विपक्षी माकपा ने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से पता चलता है कि वह न्यायपालिका का सम्मान नहीं करते। माकपा के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने कहा, यह दर्शाता है कि वह न्यायपालिका का सम्मान नहीं करते, जो लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। उनके शासन में लोकतंत्र दांव पर है। तृणमूल कांग्रेस ने भी देब हमला किया और उच्चतम न्यायालय से उनकी टिप्पणियों पर संज्ञान लेने का आग्रह किया।

### बिप्लब देब पूरे देश के लिए एक अपमान हैं :बनर्जी

टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ट्वीट किया, बिप्लब देब पूरे देश के लिए एक अपमान हैं वह बेशर्मी से लोकतंत्र का मजाक उड़ाते हैं, न्यायपालिका का मजाक उड़ाते हैं। क्या सर्वोच्च न्यायालय उनकी टिप्पणियों का संज्ञान लेगा? इससे पहले उन्होंने यह दावे कर विवाद खड़ा कर दिया था कि महाभारत के युग के दौरान इंटरनेट मौजूद था। रवींद्रनाथ टैगोर ने अंग्रेजों के विरोध में अपना नोबेल पुरस्कार लौटा दिया था।

---

**प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की**

# बोले : इसमें क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की और कहा कि इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत है।

इस डिजिटल मिशन के तहत लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें उनका स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड दर्ज होगा। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान की पायलट परियोजना की घोषणा की थी। वर्तमान में इस योजना को छह केंद्र शासित प्रदेशों में प्रारंभिक चरण में लागू किया जा रहा है। आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीब के जीवन की बहुत बड़ी चिंता दूर की है। अभी तक दो करोड़ से अधिक देशवासियों ने इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठाया है। इसमें भी आधी लाभार्थी, हमारी माताएं, बहनें, बेटियां हैं।

उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन के तहत देशवासियों को अब एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी। हर नागरिक का स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, अब भारत में एक ऐसे स्वास्थ्य मॉडल पर काम जारी है जो समग्र हो और समावेशी भी हो। एक ऐसा मॉडल, जिसमें बीमारियों से बचाव पर जोर हो, - यानी रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य सेवा हो, बीमारी की स्थिति में इलाज सुलभ हो, सस्ता हो और उस तक सबकी पहुंच हो।



**डिजिटल मिशन के तहत लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें उनका स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड दर्ज होगा**

उन्होंने कहा, भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए चिकित्सा शिक्षा में भी अभूतपूर्व सुधार हो रहे हैं। 7-8 साल पहले की तुलना में आज अधिक चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी देश में तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, बीते सात वर्षों में, देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का जो अभियान चल रहा है, वह आज से एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। आज एक ऐसे मिशन की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की ताकत है। उन्होंने कहा, 130 करोड़ आधार नंबर, 118 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता, लगभग 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता, करीब 43 करोड़ जनधन बैंक खाते, इतनी बड़ी एकीकृत आधारभूत अवसंरचना दुनिया में कहीं नहीं है।

मोदी ने कहा कि यह डिजिटल आधारभूत अवसंरचना राशन से लेकर प्रशासन तक को तेज, पारदर्शी तरीके से सामान्य भारतीय तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, आरोग्य सेतु ऐप से कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने में बहुत मदद मिली। सबको टीका, मुफ्त टीका अभियान के तहत भारत आज टीके की करीब-करीब 90 करोड़ खुराक लगा पाया है तो इसमें को-विन ऐप की बहुत बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, स्वास्थ्य का पर्यटन के साथ एक बड़ा मजबूत रिश्ता है क्योंकि जब हमारा स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा एकीकृत होता है, मजबूत होता है, तो उसका प्रभाव पर्यटन क्षेत्र पर भी पड़ता है।

---

# किसानों की मांगें जायज केंद्र को उनपर विचार करना चाहिए : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्र सरकार से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगों पर विचार करने का अनुरोध किया और कहा कि अगर वह ऐसा करती है तो यह किसी के सामने झुकना नहीं होगा। उन्होंने सचिवालय में दिल्ली के लिए एक पर्यटन ऐप लॉन्च करने के एक कार्यक्रम के इतर कहा, हम भगत सिंह की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने इस दिन के लिए आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी थी कि किसानों को अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़कों पर बैठकर एक साल तक विरोध करना पड़े। संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार को भारत बंद का आह्वान किया, जिसमें चालीस किसान यूनियन शामिल हैं।

केजरीवाल ने कहा, (केंद्र) सरकार को उनकी मांगों पर विचार करना चाहिए। किसानों की मांगों पर विचार करना किसी के सामने झुकने जैसा नहीं होगा क्योंकि किसान भी हमारे देश के लोग हैं। मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान नवंबर 2020 से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अपनी मांगों को उठाने के लिए बार-बार विरोध करने और भारत बंद का आह्वान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें जायज हैं और केंद्र को उन पर विचार करना चाहिए।



दिल्ली विधानसभा में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के बाद उन्होंने कहा, अगर स्वतंत्र भारत में किसानों की नहीं सुनी जाएगी, तो उनकी कहां सुनी जाएगी? मैं केंद्र सरकार से उनकी मांगों पर जल्द से जल्द विचार करने की अपील करता हूं। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने भी भारत बंद के आह्वान का समर्थन किया है।

---

## कांग्रेस ने की भाजपा नेता गौतम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम के गांधी परिवार को लेकर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को देहरादून कोतवाली में उनके खिलाफ तहरीर दी और उनका पुतला फूंका।



कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पल्टन बाजार स्थित कोतवाली पहुंचे और गौतम के खिलाफ तहरीर देकर उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की। गौतम ने यहां रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की एक बैठक में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा था, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा की शादी हिंदुओं से नहीं हुई है लेकिन उनके परिजन अपने को ब्राह्मण घोषित करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य कांग्रेस मुख्यालय के बाहर यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौतम का पुतला फूंका और कहा कि वे ऐसी कोई बात बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो उनके नेताओं के खिलाफ की गई हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा एक छोटी और घटिया सोच वाली पार्टी है और उसके नेता का यह बयान इसी सोच को दर्शा रहा है।

---

# भारत ने 150 से अधिक प्राचीन वस्तुएं लौटाने के लिए अमेरिका का आभार जताया

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क

भारत सरकार ने 150 से अधिक प्राचीन कलाकृतियां लौटने में उत्कृष्ट समर्थन के लिए न्यूयॉर्क जिला अटॉर्नी कार्यालय को धन्यवाद दिया है और बेशकीमती प्राचीन कलाकृतियों की वापसी के माध्यम से भारत-अमेरिका के लोगों के बीच संबंधों और सांस्कृतिक समझ को बढ़ाने के लिए इसकी भूमिका की सराहना की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका ने भारत को 157 कलाकृतियां और प्राचीन वस्तुएं सौंपी, जिन्हें मोदी भारत वापस लाए। मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन, दोनों ने चोरी, अवैध व्यापार और सांस्कृतिक वस्तुओं की तस्करी से निपटने के प्रयासों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि लगभग



आधी कलाकृतियां (71) सांस्कृतिक हैं, जबकि अन्य आधी में हिंदू धर्म (60), बौद्ध धर्म (16) और जैन धर्म (9) से संबंधित लघु मूर्तियां हैं।

भारत को प्राचीन कलाकृतियां एवं वस्तुएं सौंपे जाने के लिए मोदी ने अमेरिका की सराहना की। भारत के महावाणिज्य दूतावास की ओर से रविवार को ट्वीट किया गया, भारत सरकार की ओर से न्यूयॉर्क के जिला अटॉर्नी कार्यालय और उनके दल को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने भारत को प्राचीन वस्तुएं लौटने में शानदार समर्थन दिया। इन 157 प्राचीन वस्तुओं में 12वीं सदी की नटराज की कांस्य मूर्ती भी शामिल है।

---

**महाराष्ट्र : 8000 किलोग्राम बीफ जब्त, ठाणे से दो लोग गिरफ्तार**

**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे शहर में प्रतिबंधित पशु मांस की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और 8000 किलोग्राम बीफ जब्त किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलवा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को नासिक-मुंबई राजमार्ग पर खरेगांव टोल नाका पर एक टैंपो को रोका। उन्होंने बताया कि पुलिस को वाहन में बीफ मिला और पूछताछ के दौरान उन्हें पता चला कि मांस को पड़ोसी नासिक जिले के मालेगांव से मुंबई से सटे कुर्ला ले जाया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि मांस की कीमत लगभग आठ लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि टैंपो भी जब्त कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि रईस अहमद सलाम कुरैशी और अब्दुल अहमद नसीम खान नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

---

## संक्षिप्त समाचार

### हाजिर मांग बढ़ने से सोना वायद कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे स्थानीय वायदा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 96 रुपये बढ़कर 46,175 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर महीने की डिलिवरी के लिए सोने की कीमत 96 रुपये यानी 0.21 प्रतिशत बढ़कर 46,175 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 841 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोने की कीमत 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,756.70 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### सुधीरन ने एआईसीसी से इस्तीफा दिया

**तिरूवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीएम सुधीरन ने पार्टी में निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। उनके करीबी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने दो दिन पहले ही कांग्रेस की प्रदेश इकाई की राजनीतिक मामलों की समिति से इस्तीफा दे दिया था। सुधीरन ने कहा कि उन्होंने दो दिन पहले ही एआईसीसी से इस्तीफा दे दिया था, जब उन्होंने प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति से इस्तीफा दिया था। सुधीरन ने यह कदम उन्हें मनाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व के प्रयासों के बीच उठाया है। एआईसीसी महासचिव (केरल प्रभारी) तारिक अनवर अभी केरल में ही हैं और उन्होंने कहा कि वह सुधीरन से बातचीत करेंगे। अनवर ने पहले कहा था कि पार्टी सभी वरिष्ठ नेता को संगठन से जुड़े मामलों में शामिल करना चाहती है, लेकिन हम उन्हें बाध्य नहीं कर सकते। हालांकि, सुधीरन ने अभी तक अपने इस्तीफे की वजहें नहीं बताई हैं, लेकिन सूत्रों ने कहा कि फेरबदल प्रक्रियाओं को लेकर नाराजगी और प्रदेश कांग्रेस के नए प्रमुख के सुधाकरन नीत वर्तमान नेतृत्व की कार्यशैली उनके इस्तीफे की वजह है।

### उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने जैसलमेर युद्ध संग्रहालय देखा

**जैसलमेर।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने सोमवार को जैसलमेर का युद्ध संग्रहालय देखा और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने नायडू को इस वॉर म्यूजियम के बारे में जानकारी दी। उपराष्ट्रपति ने वहां भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों से संवाद किया। इसके बाद वह सीमा सुरक्षा बल की 191 बटालियन में गए, वहां उन्होंने जवानों के सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने जवानों के साथ जलपान भी किया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति पांच दिन के जैसलमेर व जोधपुर की यात्रा पर हैं। यहां से वह जोधपुर जाएंगे। मंगलवार को वह आईआईटी जोधपुर में जोधपुर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर की शुरूआत करेंगे। साथ ही वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स प्रयोगशाला की नींव भी रखेंगे।

### पटेल इंजीनियरिंग को 1,251 करोड़ रुपये का ठेका मिला

**नई दिल्ली।** पटेल इंजीनियरिंग ने सोमवार को कहा कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएचपीसी की अनुषंगी लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लि. से सिक्किम में 500 मेगावाट क्षमता की तीस्ता-6 पनबिजली परियोजना के लिए 1,251 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पनबिजली क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली पटेल इंजीनियरिंग ने एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर से सिक्किम में 500 मेगावाट की तीस्ता-6 पनबिजली परियोजना के लिए 1,251 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया है। यह परियोजना सिक्किम के दक्षिण सिक्किम जिले में स्थित है। पटेल इंजीनियरिंग लि. (पीईएल) 72 साल पुरानी कंपनी है और पनबिजली एवं बांध परियोजनाओं के लिए सुरंगों और भूमिगत कार्यों से जुड़ी विशेषज्ञता रखती है।

---

# राजस्थान में 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य : शर्मा

## चिकित्सा मंत्री ने कहा, विश्व के लगभग 26 प्रतिशत क्षय रोगी हमारे देश में

**एजेंसी।** जयपुर

राजस्थान सरकार ने वर्ष 2025 तक राज्य में क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की ऑनलाइन समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राज्य में वर्ष 2025 तक क्षय रोग का उन्मूलन करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक बलगम जांच की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्रों में नमूने एकत्र करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन के संबंध में राज्य एवं जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने कहा, विश्व के लगभग 26 प्रतिशत क्षय रोगी हमारे देश में हैं और हमारे देश के लगभग छह प्रतिशत क्षय रोगी राजस्थान में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में हमारे देश में वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य है। प्रदेश का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान को इस निर्धारित अवधि में क्षय रोग से पूर्णत: मुक्त करने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है।



डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रदेश में प्रति माह लगभग 12 से 17 हजार बलगम के नमूने लेकर जांच की जा रही है। गत कुछ समय से कोरोना वायरस संक्रमण के कारण यह कार्य प्रभावित हुआ लेकिन अब पूरी क्षमता के साथ जांच व उपचार करने के निर्देश दिए गए है। चिकित्सा मंत्री ने क्षय रोग के मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत उपलब्ध करवाई जा रही सहायता के बारे में विस्तार से समीक्षा की व सभी मरीजों के बैंक खातों में समय पर निर्धारित राशि जमा करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत क्षय रोग के मरीजों को 500 रुपये एवं आदिवासी इलाकों के मरीजों को 750 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के तहत अप्रैल 2018 से अब तक लगभग 84 करोड़ रुपये की राशि जमा करवाई जा चुकी है। राज्य क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. विनोद गर्ग ने प्रदेश में क्षय रोग के बारे में जानकारी दी।

---

## हाजिर मांग बढ़ने से चांदी वायद कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को चांदी की कीमत 481 रुपये की तेजी के साथ 60,436 रुपये प्रति किलो हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के दिसंबर डिलीवरी वाले वायदा अनुबंध का भाव 160 रुपये यानी 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,436 रुपये प्रति किलो हो गया। वायदा अनुबंध में 2,456 लॉट के लिए सौदे किए गए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में तेजी के रुख के कारण कारोबारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई। न्यूयार्क में चांदी का भाव 0.85 प्रतिशत की तेजी के साथ 22.62 डालर प्रति औंस हो गया।

# जाम से हलकान हुए नोएडा, गाजियाबाद के लोग

## *ट्रैक्टर पर मूढा रख भारत बंद करने निकले हजारों किसानों ने दिनभर किया प्रदर्शन*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

तीन कृषि कानून के विरोध में सोमवार को किसानों ने ग्रेटर नोएडा में जमकर हल्ला बोला। ग्रेटर नोएडा के शारदा मेट्रो स्टेशन से गोल चक्कर की तरफकिसानों ने पैदल मार्च निकाला। किसान शारदा मेट्रो स्टेशन के नीचे एकत्रित हुए और फिर वहां से गोल चक्कर की तरफरवाना हुए। इस दौरान सैकड़ों किसान मौके पर मौजूद थे। किसानों के साथ पुलिस बल भी तैनात था।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि जब तक केंद्र सरकार तीन कृषि कानून को वापस नहीं ले लेगी। तब तक किसानों का यह प्रदर्शन जारी रहेगा। आज देशभर के किसानों ने भारत बंद का ऐलान किया है। इसी के तहत आज यह प्रदर्शन किया गया है। किसान अपने ट्रैक्टर पर कुर्सी और मूढा रखकर दिन भर परी चौक पर जमे रहे। देशभर के किसान संगठनों ने आज भारत बंद का ऐलान किया था। जिसके बाद दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में किसान सडकों पर उतर गए। जगह-जगह पर किसानों का प्रदर्शन जारी रहा। सोमवार की सुबह चिल्ला बॉर्डर पर किसान प्रदर्शन करने पहुंचे, जहां किसानों की पुलिस से जमकर नोंकझोंक हुई, इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में किसानों का प्रदर्शन पूरे दिन जारी रहा। किसानों का यह प्रदर्शन शाम 4 बजे तक चला। किसानों का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार किसान विरोधी 3 कानून को वापस नहीं लेगी। तब तक वह देशभर में प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं गाजियाबाद में भी गाजिपुर बार्डर एवं आस पास के क्षेत्रों में भी किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। नोएडा ग्रेटर नोएडा सहित पूरे एनसीआर में किसानों के भारत बंद का खासा असर रहा।



भारत बंद के आह्वान के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से प्रदर्शन में शामिल होने जाते किसान। फोटो : दीपक यादव

### गाजियाबाद में बंद का रहा आंशिक असर

**गाजियाबाद।** तीन कृषि कानून के विरोध में आंदोलनरत किसानों के 40 संगठनों के आह्वान पर भारत बंद का गाजियाबाद में सोमवार को मिलाजुला असर रहा। शहरी क्षेत्र में जहां इक्का-दुक्का दुकान ही बंद दिखाई दी, वहीं ग्रामीण इलाकों में इसका असर दिखाई दिया। किसानों ने एनएच 9 पर गाजीपुर बॉर्डर पर आने जाने वाले दोनों रोड पर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया । जिससे दोनों रोड जाम हो गई और भीषण जाम लग गया । दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस, दुहाई, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर भी किसानों ने जाम लगा दिया। जिसके चलते लोग अपने गंतव्य तक समय से नही पहुंच सके।

पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे किसान ने संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को भारत बंद का आह्वान किया था। शहरी क्षेत्र को देखें तो केवल नाममात्र को बंद का असर दिखाई दिया।

# किसानों ने की प्राधिकरण में तालाबंदी की कोशिश

## *बैरियर तोड़कर अथॉरिटी कार्यालय में घुसने के दौरान पुलिस से हुई तीखी झड़प*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में विकास प्राधिकरण के खिलाफ चल रहा किसानों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। किसानों ने सोमवार को एकबार फि र जोरदार प्रदर्शन किया। बैरियर तोडकर अथॉरिटी में घुसने की कोशिश की। पुलिस के साथ तीखी झडप हुई।

नोएडा के 81 गांवों के किसान प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान पिछले 25 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। किसानों के साथ महिलाएं भी बडी संख्या में शामिल हैं। पिछले करीब एक महीने से किसान रह.रहकर प्राधिकरण पर हल्ला बोल रहे हैं। आये दिन किसानों की भीड़ प्राधिकरण की ओर कूच कर देती है।



प्राधिकरण कार्यालय जाते किसानों को रोककर खड़े पुलिस के जवान।

हालात संभालने के लिए प्राधिकरण को चारों ओर से सील किया गया है। तीन-तीन स्तर पर बैरिकेडिंग करके किलेबंदी की गई है। 24 घंटे प्राधिकरण के बाहर पुलिस का पहरा है। किसानों का कहना है कि प्राधिकरण में बैठे अधिकारी खुद को कॉरपोरेट कंपनी अफसर मानते हैं। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि किसानों की जमीन पर ही उनका दफ्तर बना है। इसके बावजूद किसानों को प्राधिकरण के दफ्तर में घुसने की इजाजत नहीं है। अब सोमवार की दोपहर हजारों की संख्या में किसान, युवा और महिलाएं एकत्र होकर सेक्टर.6 में प्राधिकरण के मुख्यालय की तरफ बढ़े। बुधवार को हुए बवाल के चलते नोएडा पुलिस ने प्राधिकरण तक पहुंचने के सारे रास्तों पर मजबूत के लिए बंदी कर रखी है। लिहाजा, किसानों ने मुख्य मार्ग पर जमकर नारेबाजी की। पुलिस के साथ धक्का.मुक्की हुई। तीखी नोकझोंक हुई। किसानों ने विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी सारी मांगे पूरी नहीं होंगी, यह आंदोलन जारी रहेगा।

दूसरी ओर सुरक्षा इंतजामों को पुख्ता करते हुए कमिश्नरेट ने नोएडा अथॉरिटी को चारों ओर से घेर रखा है। बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है। प्रदर्शन में महिलाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नोएडा पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी है।

# दादरी महापंचायत : विधायक समेत कई के खिलाफ केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा से गुर्जर शब्द हटाने के विरोध में रविवार को बिना अनुमति के महापंचायत करने और धारा 144 तथा कोविड-19 के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अवतार सिंह भड़ाना समेत 150 लोगों व करीब 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने मुजफ्फरनगर के मीरापुर से भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना, मुखिया गुर्जर, मेरठ के जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर, इंद्र प्रधान, श्याम सिंह भाटी, कुलदीप, प्रमेंद्र भाटी समेत 150 लोगों और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस ने 200 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें देर रात को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के दौरान शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटाने के विरोध में अब दो अक्टूबर को समिति के पदाधिकारियों की बैठक परी चौक के पास स्थित अखिल भारतीय गुर्जर शोध संस्थान में होगी। इसमें हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के गुर्जर बिरादरी के लोग भाग लेंगे। रविवार की महापंचायत में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं जबकि परंपरागत रूप से इस तरह की पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी नहीं रहती थी।





नोएडा मीडिया क्लब में इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : दीपक यादव

# बोर्ड परीक्षा शुल्क खुद वहन करे राज्य सरकार

## गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी को भेजा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पेरेंट्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश शासन से मांग की है कि बोर्ड परीक्षा की फीस खुद उत्तर प्रदेश सरकार जमा करें क्योंकि कोरोना काल में बड़ी संख्या में लोग अपने रोजगार खो चुके हैं। इस संबंध में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए आग्रह किया है।

जीपीए ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को भी सौंपा गया। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ा रहे अभिभावकों के लिए सीबीएसई द्वारा निर्धारित बोर्ड परीक्षा का शुल्क देना उनकी सीमा से बाहर है, कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पैदा हुई स्थिति से प्रदेश के अभिभावकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के अनेक अभिभावक एवं छात्र / छात्राओं द्वारा गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन से परेशानी साझा की गई है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि विगत वर्ष 2019 मार्च से अब तक पूरा देश महामारी की मार से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले दो साल में लगे लॉकडाउन एवं तमाम प्रतिबंधों के कारण छात्रों के अभिभावकों की जीविका और आय पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। इस मौके पर अनिल सिंह, विवेक त्यागी, कौशल आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में हेमंत तिवारी आईएफडब्ल्यूजे से बाहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **संबंधित इकाइयों, वर्किंग कमेटी की बैठक में लिया फैसला**

नोएडा मीडिया क्लब में इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट की 133वीं वर्किंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्किंग कमेटी के लगभग 12 सदस्य भौतिक रूप से और वीडियो के माध्यम से लगभग 8 मेंबर उपस्थित थे।

बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी और वर्तमान पदाधिकारियों पर जिनमें सेक्रेटरी जनरल परमानंद पांडेय, उपाध्यक्ष हेमन्त तिवारी व अध्यक्ष वी मल्लिकार्जुनैया पर आर्थिक अनियमितता, संगठन के साथियों के विरुद्ध दुर्व्यवहार तथा मानहानि पूर्ण व्यवहार करने एवं सभी राज्य इकाइयों को बैठक में आमंत्रित न करने एवं मनमानी पूर्ण तरीके से संगठन को निष्क्रियता की दिशा में ले जाने के गंभीर आरोप लगे। बैठक में चर्चा के पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय लेकर तत्काल प्रभाव से तीनों को पद से हटाकर फेडरेशन से निष्कासन किया गया।

साथ ही साथियों ने सर्वसम्मति से कृष्ण मोहन झा को फेडरेशन का कार्यकारी अध्यक्ष तथा मनोज मिश्रा उत्तर प्रदेश को कार्यकारी महासचिव नियुक्त कर अगले दो माह में नये निर्वाचन कराने का निर्णय किया गया। चूंकि पूर्व कमेटी सी आर ओ के पद पर शंकरदत्त शर्मा को नियुक्ति दे चुकी है अत: निर्वाचन कराने का दायित्व सी आर ओ शर्मा को ही सौंपा गया। वर्किंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठतम सदस्य अवधेश भार्गव ने की।

### विद्यार्थियों ने सीखे अच्छा वकील बनने के गुर

**गाजियाबाद।** एमएमएच कॉलेज विधि विभाग के अध्यक्ष सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज त्यागी ने वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को अच्छा वकील बनने के गुर सिखाये। उन्होंने सिखाया कि कोर्ट में किस प्रकार होमवर्क करके जाना चाहिए। एलएलबी थ्री ईयर्स व फाइव ईयर्स के तकरीबन 150 विद्यार्थियों को उन्होंने बताया कि मूट कोर्ट में पहले वकील बनकर वे अच्छा वकील बनने का खूब अभ्यास करें। तीन बातों का विशेष ध्यान रखें-रीडिंग, राइटिंग एवं चर्चा, बहस या आरग्यूमेंट। स्टोरी व कानून की कम से कम दो बार रीडिंग जरूर करें। साफ और सुंदर राइटिंग हो ताकि कोर्ट में कोई बात पढ़ने की वजह से गलत न हो जाए। चर्चा या बहस के दौरान लैंडमार्क जजमेंट ही इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यह बात गांठ बांधकर रख लें कि मूट कोर्ट टीमवर्क होता है। इसलिए इसका टीम भावना से होमवर्क करें।

# वैक्सीन चोरी कर लगाने के आरोप में दो धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **ढाई सौ रुपए लेकर लोगों को लगा रहे थे टीका**

ईकोटेक- 3 क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव में अवैध तरीके से कोविड-19 का टीका लगाकर लोगों से पैसा वसूलने के आरोप में गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग के एक वार्डबॉय तथा एएनएम (सहायक नर्स) के देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना ईकोटेक- 3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया कि बिसरख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ सचिन्द्र कुमार मिश्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें सूचना मिली है कि खेड़ा चौगानपुर गांव में कुछ लोग अवैध रूप से कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीका लगा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां पर छापा मारा और मौके से सुशील कुमार तथा रवि कुमार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान सुशील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग में वार्डबॉय के पद पर कार्यरत है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि उसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक एएनएम ने बुद्ध विहार में लोगों के टीकाकरण के लिए रखे टीके चोरी करके सुशील तथा रवि को दिए। आरोपी रवि एएनएम का देवर है उन्होंने बताया कि ये लोग खेड़ा चौगानपुर में लोगों से ढाई सौ रुपए लेकर कोविड-19 का टीका लगा रहे थे। आरोपियों ने बड़ी संख्या में लोगों से पैसा लेकर टीका लगाने की बात स्वीकार की है। इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में टीके बरामद किए हैं।

# यातायात सामान्य रहा, खुली रहीं दुकानें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली ऑटो टैक्सी यूनियन के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा कि पहले भी हमने किसानों द्वारा भारत बंद का समर्थन किया था, लेकिन अपने ऑटो और टैक्सी को चलाना जारी रखा था

कैब संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली के सर्वोदय ड्राइवर एसोसिएशन ने भी किसानों का समर्थन किया, लेकिन हड़ताल में शामिल नहीं हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत गिल ने कहा कि हम किसानों के समर्थन में हैं, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण हमारा काम प्रभावित हुआ है और हम उनके समर्थन में हड़ताल करके खुद नुकसान नहीं उठा सकते। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ऑटो चालक संघ के सचिव अनुज राठौड़ ने कहा कि हमारा उनको नैतिक एवं सैद्धांतिक समर्थन है ।



# अस्थायी कनेक्शन के नाम पर हुए घोटाले की फाइल गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **पावर कॉरपोरेशन ने अफसरों से मांगा जवाब**

जिले में हुए अस्थायी कनेक्शन के नाम पर हुए 100 करोड़ से अधिक के घोटाले का पर्दाफाश करने वाली फाइल गायब हो गई है। नोएडा के अधिकारियों से पावर कॉरपोरेशन ने इस मामले पर जवाब मांगा है कि जब फाइल गायब हुई थी तो तब उसकी रिपोर्ट क्यों नहीं कराई गई और उसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई थी।

फाइल के गायब होने की सूचना मिलने के बाद से 10 से अधिक अफसरों की नींद उड़ गई है। अस्थायी कनेक्शन के नाम पर हुए घोटाले में अभी तक ग्रेटर नोएडा और जेवर में हुए घोटाले की जानकारी ही सामने आई थी। बताया जा रहा है कि अगर फाइल के गुम होने की कार्रवाई हुई तो 10 से अधिक अधिकारी और इसमें फसेंगे। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता वीएन सिंह ने बताया कि अस्थायी कनेक्शन की फाइल गायब हो गई है या मिली नहीं है, इसकी कोई जानकारी अभी नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

राज्य सरकार की तरफ से यदि कोई भी जानकारी मांगी जाएगी तो हम उसे जरूर भेजेंगे। कुछ दिनों पहले मेरठ पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन की समीक्षा बैठक के दौरान अस्थायी कनेक्शन का मुद्दा उठाया गया था। उसी दौरान गोपनीय तरीके से इस मामले की कार्रवाई की गई तो निगम को 100 करोड़ से अधिक राशि के घोटाले की बात सामने आई।

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने टीका केंद्र का किया उद्घाटन

**गाजियाबाद।** कोरोना को हराने के लिए महानगर में कोरोना टीकाकरण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शहर के विभिन्न स्थानों पर वेक्सिनेशन कैंप लगाए गए ,जिसमें शहर विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने विजयनगर में रोज बैल पब्लिक स्कूल, जे के जी पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार सेक्टर 11 के बी ब्लाक, पंचवटी में जिंदल पब्लिक स्कूल में वेक्सिनेशन कैम्प का उद्घाटन किया।इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कैम्पस के आयोजक व स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिए कि किसी को भी वैक्सीनेशन के संबंध में कोई भी असुविधा न होने पाए। साथ ही वृद्धजनों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर वॉलेंटियर लगाए जाएं। सभी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और खुले स्थानों पर टेंट आदि लगाकर शेड की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराया जाना चाहिए।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है. कॉन्फिडेंस की कोई कमी नहीं होगी और दोपहर बाद पैसों की आवक होगी, आर्थिक स्थिति को लेकर आप काफी हर्षित रहेंगे. काम के सिलसिले में किए गए प्रयास सफल होंगे मेहनत रंग लाएगी. परिवार का माहौल भी सकारात्मक रहेगा और परिवार वालों से सहयोग और प्रेम मिलेगा. शादीशुदा लोगों के गृहस्थ जीवन में आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है.
**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
**भाग्यांक** : 9
**विशेष:** छोटे बच्चों में चॉकलेट बांटे

### वृष
घर की आर्थिक स्थिति बदलने वाला दिन होगा। बड़े काम का अवसर अधिक पैसे कमाने में मदद करेगा। पुराने गिले शिकवे मिटाने की कोशिश परिवार के व्यक्ति से हो सकती है। अविवाहित कन्या को उच्चभ्रू व्यक्ति का रिश्ता आने की संभावना बात को आगे बढ़ाने से पहले जांच पड़ताल कर ले। पति-पत्नी में विवाद के बावजूद भी एक दूसरे का साथ देने का जज्बा कायम रहेगा।
**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** तांबे का कड़ा धारण करें

### मिथुन
नौकरी एवं व्यवसाय में चुनौतियों का सामना करना पडेगा। शारीरिक कष्ट परेशान कर सकता है। लोगों को उदारता पसंद आ सकती है। ऑफिस में सहकर्मी मदद के लिये तैयार खड़े रहेंगे। दांपत्य जीवन के लिए दिन अनुकूल रहेगा और परिवार का सहयोग मिलेगा। सावधानी से काम लें। प्रेमी सावधान रहें, प्रेम प्रस्ताव असफल भी हो सकते हैं। सारे रिश्तों में मिठास आयेगी।
**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** अपंग व्यक्ति की मदद करें

### कर्क
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। काम पर बहुत ध्यान देंगे दोपहर बाद कुछ अच्छा सुनने और समझने को मिल सकता है। बॉस आपकी तारीफ करेंगे। इनकम अच्छी रहेगी और खर्चों पर नियंत्रण रहेगा। बेवजह का खर्चा सामने आ सकता है, जिससे जेब पर बोझ पड़ सकता है। शादीशुदा लोगों के गृहस्थ जीवन में आज का दिनमान अच्छा रहेगा।
**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
**भाग्यांक** : 1
**विशेष:** हनुमान जी को सिंदूर चढाए

### सिंह
किसी भी प्रकार का दान धर्म करते समय संस्था या व्यक्ति की उचित जानकारी हासिल करें। बैंक के काम जल्दी होंगे। होम लोन से जुड़ा कार्य कुछ परेशानी के साथ हो जाएगा। परिवार के छोटे सदस्यों को जेष्ठ सदस्यों से स्तुति की आस रहेगी। विरासत में मिली किसी चीज का गलत इस्तेमाल न करें। । पैसों का आदान-प्रदान करते समय किसी को साक्षी रखे या उसका रिकॉर्ड अच्छी तरह से रखें। भविष्य में काम आएगा।
**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**
**भाग्यांक** : 8
विशेष: जौ पानी में बहाएं

### कन्या
आज मुसीबत का हल करने में पूरी तरह से सफल रहेंगे। कई दिनों से रुका पैसा प्राप्त हो सकता है। माता पिता से स्नेह मिलेगा।कुछ व्यावसायिक और अनुभवी व्यक्तियों के मिलने से कार्यशैली में सुधार कर पाएंगे। संतान की ओर से कई बड़ी खुशखबरी मिल सकती हैं। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। प्रेम-संबंधों में मजबूती आयेगी।
**(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**
**भाग्यांक** : 7
**विशेष:** सुंदरकांड का पाठ करें

### तुला
आज का दिन मध्यम फलदायक रहेगा। गृहस्थ जीवन को खुशनुमा बनाने का प्रयास करेंगे, जीवनसाथी का सपोर्ट मिलेगा। दोपहर के बाद स्थितियों में थोड़ा बदलाव आएगा। ससुराल वालों से बातचीत करें या उनसे मिलने जाएं। इससे आपके बीच रिश्ते नॉर्मल होंगे। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए दिनमान थोड़ा कमजोर है, यहां सावधानी रखें। काम के सिलसिले में सफलता मिल सकती है।
**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**
**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** बजरंग बाण का पाठ करें


### वृश्चिक
पत्नी की नाराजगी मानसिक तनाव देगी। गलती कबूल करना सीखिए। काम के बारे में उचित निर्णय लेंगे। परिवार से जुड़ा निर्णय लेने से परहेज रखें। दूसरे शहर से नौकरी या व्यवसाय संबंधित अवसर प्राप्त होगा। आज आने वाली कठिनाइयों का सामना अकेले ही करेंगे। मित्र या परिवार चाह कर भी साथ नहीं दे पाएंगे। घर के सदस्यों को एकजुट रखने की कोशिश नाकामयाब होगी। जेष्ठ व्यक्ति की सलाह मानिए।
**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**
**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** हनुमान अष्टक का पाठ करें

### धनु
व्यापार व कारोबार में लाभ होगा। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें सुख मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सावधानी बरतें। कार्य को हर कीमत पर पूरा करेंगे। काम का सामंजस्य दुखों के निवारण में मददगार होगा। प्रेम जीवन में खुशियों का दौर जारी रहेगा। जीवन में आ रहे उतार-चढ़ाव समाप्त होंगे। आपके जीवन में स्थिरता आएगी। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। आज का दिन अच्छे से जिएंगे।
**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** मांसाहार का प्रयोग ना करें

### मकर
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी इच्छाओं को अपने लोगों के सामने व्यक्त करेंगे, जिससे सुखद समाचार मिलेंगे। काम के सिलसिले में काफी मेहनत करेंगे और जी जान से जुट कर मेहनत करना आपके काम को निखारेगा। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। सफलता मिलेगी। शादीशुदा लोगों के गृहस्थ जीवन के लिए दिन बहुत बढ़िया रहने वाला है।
**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**
**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** रामायण की चौपाई का अध्ययन करें

### कुंभ
आज का पूरा समय खुद की देखभाल में बिताए। नई ऊर्जा और उत्साह की अत्यंत आवश्यकता है जो शारीरिक थकान को मिटाने से मिलेगी। रिश्तेदार से मिलने का योग बना रहे, जिससे यात्रा करने की संभावना है। रिश्ते में रोमांस की बढ़ोतरी होगी। काफी उलझन थकान की वजह से है, सेल्फ हिलिंग या उससे जुड़ी संगीत थेरेपी का ज्यादा फायदा होगा। आज कुछ निराश हो सकते हैं।
**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**
**भाग्यांक:** 6
विशेष: गेहूं से बने दलिया का दान करें

### मीन
आज मिली जुली भावनाएं दुखी रखेगी। कार्य क्षेत्र में कुछ समस्याएं रह सकती हैं किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह काम आएगी। मनोरंजन के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में दिन बढ़िया रहेगा। मूड पर काबू रखते हुए खुश रहने की कोशिश करें। लेन-देन से फायदा हो सकता है। ऑफिस में प्रोजेक्ट की बागडोर मिल सकती है। इनकम बढ़िया रहेगी और सेहत भी मजबूत रहेगी।
**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** हनुमान जी को चोला चढ़ाएं



पीडियाट्रिक सिर्फ बच्चे के बीमार होने पर दवाई देते हैं, लेकिन उनका काम सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। बाल रोग विशेषज्ञ योग्य बच्चों के चिकित्सक हैं, जो बच्चों की बीमारी का इलाज करने के साथ-साथ उनकी देखभाल आदि पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं।

# छोटे बच्चों से करते हैं प्यार तो बनें पीडियाट्रिक

छोटे बच्चों को एक अलग केयर, प्यार और देखरेख की जरूरत होती है। अमूमन देखने में आता है कि छोटे बच्चे बड़ों की अपेक्षा जल्दी बीमार होते हैं और इसलिए उनके चिकित्सक की आवश्यकता होती है। नवजात शिशुओं से लेकर बच्चों की चिकित्सा करने वाले चिकित्सक पीडियाट्रिक या बाल रोग चिकित्सक कहे जाते हैं। यह चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है, जो खासतौर से बच्चों के रोगों के निदान और उपचार पर ध्यान केंद्रित करता है। अगर आपकी भी विज्ञान विषय में रूचि है और आप हमेशा बच्चों से घिरे रहना चाहते हैं तो ऐसे में आप पीडियाट्रिक बनकर अपना भविष्य देख सकते हैं।

## क्या होता है काम

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि आमतौर पर माना जाता है कि पीडियाट्रिक सिर्फ बच्चे के बीमार होने पर दवाई देते हैं। लेकिन उनका काम सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। बाल रोग विशेषज्ञ योग्य बच्चों के चिकित्सक हैं जो बच्चों की बीमारी का इलाज करने के साथ-साथ उनकी देखभाल आदि पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। वे माता-पिता को सलाह देते हैं कि अपने बच्चों की देखभाल कैसे करें, उनके टीकाकरण का प्रबंधन करें और बीमारी का इलाज करें जो मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता है। बाल रोग में बच्चों की देखभाल करना और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य में रखने के लिए आवश्यक सर्वोत्तम चिकित्सा प्रदान करना शामिल है। एजुकेशन एक्सपर्ट के अनुसार, बाल रोग विशेषज्ञ व्यवहार, विकास और शारीरिक कार्यों में विकारों की शुरुआती पहचान, रोकथाम और प्रबंधन के लिए भी काम करते हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि बाल चिकित्सा दो मुख्य क्षेत्रों से बना है। सामान्य बाल रोग और बाल चिकित्सा उप-विशिष्टियां। एक सामान्य बाल रोग विशेषज्ञ आमतौर पर शिशुओं और बच्चों के लिए सामान्य बीमारियों और अन्य बीमारियों का इलाज करते हैं, जबकि विशेषज्ञ बच्चों की बीमारी से संबंधित किसी क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं। वे एंडोक्रिनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और संक्रामक रोगों, ऑन्कोलॉजी, क्लिनकिल फार्माकोलॉजी, श्वसन चिकित्सा, रुमेटोलॉजी आदि में से किसी भी क्षेत्र में सुपर स्पेशलिस्ट हो सकते हैं।

## शैक्षिक योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि बाल रोग विशेषज्ञ बनने के लिए आपको विज्ञान के साथ पहले अपना 10+2 पूरा करना होगा और फिर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश परीक्षा देनी होगी। किसी भी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज या विश्वविद्यालयों से एमबीबीएस की डिग्री पूरी करने के बाद, बाल चिकित्सा में एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) की डिग्री लेनी चाहिए। इसके बाद आप बतौर, बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं। अगर आप चाहें तो इसके बाद आप बाल चिकित्सा क्षेत्रों में आगे विशेषज्ञता के लिए जा सकते हैं जैसे एंडोक्रिनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और संक्रामक रोग, ऑन्कोलॉजी आदि।

## व्यक्तिगत गुण

बाल रोग विशेषज्ञ के लिए सिर्फ अपने क्षेत्र में कुशलता का होना ही पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा आपके आप धैर्य, अच्छे संचार कौशल और विशेषज्ञता होनी चाहिए। इसके अलावा, उनका आर्ब्जवेशल स्किल्स भी होना चाहिए क्योंकि वह अपने ऑब्जर्वेशन के आधार पर ही डायग्नोस और उपचार करते हैं। उन्हें लंबे समय तक काम करने में सक्षम होना चाहिए और आपात स्थितयिों के मामले में समय पर निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए।

## रोजगार की संभावनाएं

इस क्षेत्र में अगर रोजगार के अवसरों की बात की जाए तो बतौर पीडियाट्रिक आप एक उज्ज्वल भविष्य देख सकते हैं। आप निजी और सरकारी अस्पतालों में बतौर बाल रोग विशेषज्ञ काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं या फिर चिकित्सा केंद्र में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप मेडिकल कॉलेजों या प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षण का विकल्प चुन सकते हैं।

## आमदनी

एक बाल रोग विशेषज्ञ की आमदनी उसके अनुभव, स्थान व कौशल पर निर्भर है। सरकारी क्षेत्र में आप शुरुआती दौर में 50,000 रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। वहीं निजी क्षेत्र में आपकी आमदनी 60,000-70,000 रुपये हो सकती है। एक वरिष्ठ स्तर पर बाल रोग विशेषज्ञ प्रतिवर्ष 20,00,000-35,00,000 रुपये कमा सकता है।

## प्रमुख संस्थान

- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
- यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड जीटीवी हास्पिटल, नई दिल्ली
- जवाहरलाल नेहरू ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुदुचेरी
- अगरतला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अगरतला
- रांची यूनिवर्सिटी, रांची
- कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल

# मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में कुछ इस तरह बनाएं कॅरियर

मत्स्य विज्ञान का अध्ययन स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर किया जा सकता है। मत्स्य स्नातक बनने के लिए राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के मत्स्य महाविद्यालयों से 4 साल का डिग्री कोर्स यानी बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस उत्तीर्ण करना होता है।

**मत्स्य** पालन एक ऐसा कॅरियर है, जो अंतर्देशीय और समुद्र या अन्य जलीय प्रजातियों सहित मछलियों को पकड़ने से संबंधित है। इस उद्योग में मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, विपणन और संरक्षण शामिल है। यह एक मल्टी-डिसिप्लनरी विषय है, जिसमें मछलियों की विभिन्न प्रजातियों के जीवन, हैबिट्स और प्रजनन का जैविक अध्ययन शामिल है। मत्स्य पालन का उद्देश्य समुद्री संपदा को विकसित करना और उसे बनाए रखना है। भारत मछली निर्यात के मूल्य के संबंध में दुनिया में सातवें स्थान पर है। भारत के लगभग 8 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मत्स्य क्षेत्र पर निर्भर हैं। तेजी से विकसित होने वाला मत्स्य उद्योग, न केवल पारंपरिक मछुआरों को रोजगार प्रदान करता है, बल्कि मत्स्य पालन के वैज्ञानिक प्रजनन और प्रबंधन में लगे अत्यधिक कुशल कर्मियों को भी प्रदान करता है। देश के विस्तृत प्राकृतिक संसाधनों, गतिशील उद्यमशीलता कौशल के कारण, यह पेशा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी फायदेमंद है। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में कॅरियर की असीम संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## व्यक्तिगत कौशल

कॅरियर काउंसलर की मानें तो जिन लोगों ने मत्स्य विज्ञान को कॅरियर के रूप में चुना है, उन्हें समुद्री जीवन में वास्तविक रुचि होनी चाहिए। इस क्षेत्र में बहुत अधिक शोध कार्य करने की आवश्यकता है, इसलिए उनमें रिसर्च ओरिएंटिड मानसिकता होनी चाहिए। इसके अलावा आपको अपने काम के प्रति डेडीकेटिड, मेहनती व जिज्ञासु होना चाहिए। इसके अलावा, एक अच्छा प्रबंधकीय कौशल भी आवश्यक है, क्योंकि मत्स्य विज्ञान एक ऐसा दायर है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यवसाय से संबंधित है।



## योग्यता

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि मत्स्य विज्ञान का अध्ययन स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर किया जा सकता है। मत्स्य स्नातक बनने के लिए राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के मत्स्य महाविद्यालयों से 4 साल का डिग्री कोर्स यानी बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस उत्तीर्ण करना होता है। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए आपको 12वीं में बायोलॉजिकल साइंस के साथ होना आवश्यक है। इस कोर्स में उम्मीदवारों की योग्यता और सीटों की उपलब्धता के अनुसार प्रवेश दिया जाता है। देश में विभिन्न केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को नई दिल्ली स्थित आईसीएआर अर्थात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर के प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना पड़ता है। बाहरी राज्य के उम्मीदवारों के लिए विशेष कोटा उन उम्मीदवारों को दिया जाता है जिन्होंने आईसीएआर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है और उन्हें फेलोशिप भी मिल रही है।

## संभावनाएं

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि मत्स्य विज्ञान कई कॅरियर रास्ते प्रदान करता है। मत्स्य स्नातक सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों जैसे कि मत्स्य विभाग और राष्ट्रीयकृत बैंकों में रोजगार पा सकते हैं। उनके लिए अवसर सरकारी एजेंसियों, कृषि के राज्य विभागों और केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान में मौजूद हैं। इन संस्थानों में भर्ती राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से होती है। वहीं केंद्र सरकार की एजेंसियों में विभिन्न अवसर समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), फिशरीज सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई), एनआईओ, आदि में भी मौजूद हैं। निजी क्षेत्र में जलीय कृषि खेतों, हैचरी और प्रसंस्करण संयंत्रों में भी नौकरी की संभावनाएं उपलब्ध हैं। वाणिज्यिक मछली पालन, बीज उत्पादन और समुद्री उत्पादों का निर्यात मत्स्य पालन में स्वरोजगार की संभावनाएं हैं।

## प्रमुख संस्थान

फोनिक्स स्कूल ऑफ फिशरिज, उत्तराखंड
देश भगत यूनिवर्सिटी, पंजाब
कॉलेज ऑफ फिशरिज, छत्तीसगढ़
फिशरिज कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु
केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरिज एंड ओशियन स्टडीज, केरल

चल रही ऑनलाइन क्लास

# इन पांच तरीकों से कर बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई में मदद

**यूं तो बच्चे मौजूदा वक्त में ऑनलाइन क्लास लेकर ही अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए हैं, लेकिन मां-बाप को उनकी मदद के लिए ये टिप्स फॉलो करने चाहिए।**

**यूं** तो दुनियाभर में फिर से सामाजिक जीवन पटरी पर लौट रहा है, लेकिन कोरोना से निपटने और इसे फैलने से रोकने की कोशिश अभी भी जारी है। जैसा कि आप जानते हैं कि इस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए स्कूल अभी भी बंद हैं, जिसके कारण दुनिया भर में लाखों छात्र घर से ही ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि भारत में स्वैच्छिक आधार पर स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की बातचीत चल रही है, लेकिन ऑनलाइन शिक्षा काफी समय तक शिक्षा का प्राथमिक साधन बने रहने के लिए बाध्य है, कम से कम कुछ देशों में।

इन सबके बीच माता-पिता अपने बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करने के लिए हर संभव चीज मुहैया करा रहे हैं, लेकिन इन सबसे उनके स्क्रीन समय में भारी वृद्धि हुई है और इससे निपटने के लिए उनके रूटीन में बदलाव आसान नहीं है। अगर आपका बच्चा भी ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान हिचिकचाता है या उसे पढ़ने का मन नहीं करता तो हम ऐसे पांच तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जो आपके बच्चों को उनकी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कौन से हैं ये तरीके।

## ऑनलाइन क्लास के दौरान मन भटकाने वाले ऐप्स पर ध्यान न दें

ऑनलाइन सीखने के माध्यम के रूप में, माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे ऑनलाइन क्लास लेते समय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म या गेम नहीं खेल रहे हैं। वर्चुअल क्लास लेने पर सामान्य से अधिक ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए, लैपटॉप से ध्यान भटकाने वाले ऐप्स को उनके आसपास न फटकने दें। इसके अलावा क्लास के दौरान अपने स्मार्टफोन को अलग रखना भी एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## ऑनलाइन क्लास के लिए एक अलग स्थान बनाएं

आपका बच्चा एक लैपटॉप के सामने कई घंटे बिताएगा, इसलिए उसी के लिए एक निश्चित स्थान सुनिश्चित करना सबसे अच्छा है। सुनिश्चित करें कि वो जगह शांत, आरामदायक और कोई भी यूं ही उसके कमरे में आसानी से आ-जा न सके। आपके बच्चे द्वारा उपयोग की जाने वाली मेज और कुर्सी भी लंबे समय तक बैठने के लिए आरामदायक होनी चाहिए। इससे उसका ध्यान इधर-उधर नहीं जाएगा और वह आराम से अपनी क्लास ले सकेगा।

## तकनीकी खराबी की जांच करें

इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या से लेकर खराब ऑडियो तक, बहुत सारी तकनीकि गड़बड़ियां हो सकती हैं, जो आपके बच्चे के सीखने के अनुभव को बाधित कर सकती हैं। पहले से ही इन समस्या को हल कर लेना सुनिश्चित करें क्योंकि पढ़ाई के दौरान ऐसा होने पर आपके बच्चे का ध्यान भंग हो सकता है और उसकी एकाग्रता भंग हो सकती है।

## उनकी प्रगति की निगरानी करें

आपका बच्चा अपनी कक्षा में क्या सीख रहा है, इस बारे में लगातार सवाल पूछें। अपने अवकाश के समय में कुछ समय निकालकर साथ बैठकर चर्चा करें कि वह आज क्या पढ़ रहा है। लेक्चर के दौरान आपके बच्चे के सामने आने वाली चुनौतियों या मुद्दों पर चर्चा करें। इस प्रकार आपको ये जानने में मदद मिलेगी कि आपका बच्चा क्या सीख रहा है।

## स्क्रीन टाइम की बात करें

जाहिर है, बाहरी गतिविधियों की अनुपस्थिति में, आपके बच्चों को अपने स्मार्टफोन या गेमिंग सत्र के लिए वापस जाने के लिए लुभाया जा सकता है जैसे ही उनका होमवर्क समाप्त हो जाता है। अपने बच्चे के साथ उनके स्वास्थ्य पर अत्यधिक स्क्रीन समय के प्रभाव के बारे में दिल से दिल की बातचीत करना महत्वपूर्ण है। पुस्तकों को पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए अपने बच्चे को धीरे से नंगा करें, यह बहुत आगे बढ़ जाएगा।

## कितना जरूरी है ये सब

सभी माता-पिता ये याद रखें कि निश्चित रूप से यह सही पेरेंटिंग या एक बार में सब कुछ प्राप्त करने के लिए ठीक करने का समय नहीं है। अपने बच्चों को अपनी गति से चीजें सीखने दें और उन्हें आगे बढ़ने से पहले, ऑनलाइन पाठों को संसाधित करने के लिए पर्याप्त समय दें। हम सभी बहुत तनावपूर्ण समय से गुजर रहे हैं, क्योंकि महामारी विश्व स्तर पर जारी है। कोई विशेष समयरेखा नहीं है जब चीजें उस तरह से वापस चली जाएंगी जैसे वे हुआ करते थे। इसलिए, नए सामान्य के साथ रहने के लिए, कम से कम समय के लिए और हमारे बच्चों को उसी के लिए बांटना महत्वपूर्ण है।



# सीखिए लैपटॉप रिपेयरिंग और बनाएं उज्ज्वल भविष्य

लैपटॉप रिपेयरिंग के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों के लिए किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता का होना जरूरी है। आप किसी भी स्ट्रीम से दसवीं व बारहवीं के बाद लैपटॉप रिपेयरिंग का कोर्स कर सकते हैं। आप इस क्षेत्र में शॉर्ट टर्म कोर्स से लेकर सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं।

**इस** बात में कोई शक नहीं है कि लैपटॉप आज के समय में हमारे दैनिक जीवन की एक आवश्यकता बन गया है। ऑनलाइन शॉपिंग से लेकर बैंकिंग व ऑफिस के काम आदि निपटाने के लिए हर व्यक्ति लैपटॉप को प्राथमिकता देता है। कुछ समय पहले तक जहां डेस्कटॉप का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब इनसे ज्यादा लैपटॉप को तवज्जो मिलने लगी है, क्योंकि इन्हें इस्तेमाल करना अपेक्षाकृत अधिक सुविधाजनक है। ऐसे में लैपटॉप रिपेयरिंग के क्षेत्र में भी कॅरियर की नई संभावनाएं पैदा हुई है।

## स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, लैपटॉप रिपेयरिंग के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों के भीतर सीखने की गहन इच्छा होनी चाहिए। इसके अलावा आपको लैपटॉप हार्डवेयर की भी अगर थोड़ी-बहुत जानकारी होगी, तो यह आपके लिए अच्छा होगा। इस क्षेत्र में छात्रों में मार्केट में लॉन्च हो रहे नए लैपटॉप व उनकी क्वालिटीज के बारे पता होना चाहिए। टेक्नोलॉजी के अपडेट होने के साथ-साथ अगर आप भी खुद को अपग्रेड रखते हैं तो इससे आपको अतिरिक्त लाभ होगा।

## कोर्स

लैपटॉप रिपेयरिंग के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों के लिए किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता का होना जरूरी है। आप किसी भी स्ट्रीम से दसवीं और बारहवीं के बाद लैपटॉप रिपेयरिंग का कोर्स कर सकते हैं। आप इस क्षेत्र में शार्ट टर्म कोर्स से लेकर सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इनकी अवधि तीन से छह माह तक हो सकती हैं।



## संभावनाएं

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि लैपटॉप रिपेयरिंग कोर्स करने के बाद आपके पास काम की कोई कमी नहीं होती। दरअसल, आज के समय में लैपटॉप हर व्यक्ति की जरूरत बन गया है और इसलिए उसकी रिपेयरिंग के लिए एक्सपर्ट की डिमांड भी बढ़ी है। कोर्स करने के बाद आप लैपटॉप व कंप्यूटर रिपेयर शॉप्स, लैपटॉप सेल्स सेंटर, लैपटॉप शोरूम, लैपटॉप सर्विस सेंटर आदि में काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ समय के अनुभव के बाद आप खुद की लैपटॉप रिपेयरिंग शॉप भी खोल सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी मुख्यत: आपके अनुभव और स्किल्स के आधार पर तय होती है। कोर्स करने के बाद आप शुरुआती दौर में 15000 से 20000 रुपये महीना सैलरी प्राप्त कर सकते हैं। कुछ समय के अनुभव के बाद आपकी सैलरी में इजाफा होता है। इतना ही नहीं, अगर आप खुद की लैपटॉप रिपेयरिंग शॉप खोलते हैं तो आपकी मासिक आमदनी हजारों से लेकर लाखों में हो सकती है।

## प्रमुख संस्थान

माइक्रोचिप एक्सपर्ट इंस्टीट्यूट, विभिन्न केंद्र
मल्टीटेक इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी, दिल्ली
हाईटेक इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी
एक्सपर्ट इंस्टीट्यूट, विभिन्न केंद्र
बेस्टटेक इंस्टीट्यूट
लैपटॉप केयर इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी

केकेआर को हराकर प्लेआफ में

# जगह पक्की करना चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स

**हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल का चोट के कारण इस मैच में खेलना अनिश्चित है**



**एजेंसी। शारजाह**

शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर प्लेआफ में जगह पक्की करना चाहेगी।

दिल्ली के लिए अच्छी बात यह भी है कि केकेआर के आक्रामक हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल का चोट के कारण इस मैच में खेलना अनिश्चित है। पहला आईपीएल खिताब जीतने की कोशिश में जुटी दिल्ली ने इस सत्र में आक्रामक खेल दिखाया है और उसकी नजरें सिर्फ प्लेआफ में जगह बनाने पर नहीं बल्कि पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करने पर है। पिछले सत्र में फाइनल में उसे मुंबई इंडियंस ने हराया था। दिल्ली दस मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि केकेआर छह हार और चार जीत के बाद चौथे स्थान पर है। दिल्ली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया जबकि केकेआर को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

हैमस्ट्रिंग चोट के कारण तीन ओवर फेंकने के बाद रसेल मैदान से बाहर चले गए जिनकी कमी केकेआर को खली। उनकी गैर मौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा को 19वां ओवर फेंकने की जिम्मेदारी दी गई लेकिन वह रविंद्र जडेजा को रोक नहीं सके। इयोन मोर्गन और उनकी टीम को बखूबी पता है कि दिल्ली जैसी फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ वे कोई गलती नहीं कर सकते।

प्लेआफ में जगह बनाने के लिए यह मैच उनके लिए काफी अहम होगा। उन्हें ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मोर्गन, दिनेश कार्तिक, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल सभी को मिलकर रन बनाने होंगे। चेन्नई के खिलाफ 45 रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी उस फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे।

दूसरी ओर दिल्ली की स्थिति मजबूत है जिसने रॉयल्स के खिलाफ उम्दा खेल दिखाया। पंत, श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, पृथ्वी साव और शिमरोन हेटमाएर जैसे मजबूत बल्लेबाज उसके पास है। वहीं गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल को तेज गेंदबाजों एनरिच नोर्किया, कैगिसो रबाडा और आवेश खान से अच्छा सहयोग मिला है।

### टीमें इस प्रकार

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी सॉव, रिपल पटेल, शिखर धवन, शिमरोन हेटमयार, श्रेयस अय्यर, स्टीव स्मिथ, अमित मिश्रा, एनरिक नॉर्जे, अवेश खान, बेन द्वारशुइस, इशांत शर्मा, कैगिसो रबाडा, कुलवंत खेजरोलिया , लुकमान मेरीवाला, प्रवीण दुबे, टॉम कुरेन, उमेश यादव, अक्षर पटेल, ललित यादव, मार्कस स्टोइनिस, रविचंद्रन अश्विन, सैम बिलिंग्स और विष्णु विनोद।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर , शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सेफर्ट।

मैच का समय : दोपहर 3.30 बजे से।

# खराब फार्म से जूझ रही मुंबई का सामना लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम पंजाब से

**एजेंसी। अबुधाबी**

लगातार तीन पराजयों के बाद गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के धुरंधर शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपनी गलतियों में सुधार करके जीत की राह पर लौटना ही होगा अन्यथा बहुत देर हो जाएगी।

यूएई में आईपीएल की बहाली के बाद से मुंबई तीनों मैच हारकर सातवें स्थान पर खिसक गई है। उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वह लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करके हार गई। पांच बार की चैम्पियन टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया है। सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन जैसे युवा बल्लेबाज फॉर्म में नहीं है। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले दो मैचों में 33 और 43 रन बनाए लेकिन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। पहले दो मैचों से बाहर रहने के बाद हार्दिक पंड्या फिट होकर टीम में लौटे लेकिन कोई कमाल नहीं कर सके। ये खिलाड़ी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं और इनका खराब फॉर्म चिंता का विषय है। आईपीएल के ठीक बाद यूएई और ओमान में टी20 विश्व कप खेला जाना है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं लेकिन ट्रेंट बोल्ट और एडम मिल्ने को तीन तीन विकेट ही मिल सके। स्पिनर राहुल चाहर और कृणाल पंड्या ने निराश किया है। दूसरी ओर पंजाब पांचवें स्थान पर है जिसने पिछले मैच में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। उसके भी दस मैचों में आठ अंक है और वह आने वाले मैचों में कोई कोताही बरतने की स्थिति में नहीं है।

पंजाब के पास आला दर्जे के विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं लेकिन यह टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कभी नहीं कर सकी।

पंजाब की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में चार रन नहीं बना पाई। उसके बाद पिछले मैच में तीन बदलाव किए और जीत मिली। कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। राहुल और मयंक अग्रवाल के अलावा क्रिस गेल, एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन के रहते बल्लेबाजी मजबूत दिखती है। पिछले मैच में हालांकि ए शारजाह की धीमी पिच के अनुकूल ढल नहीं सके जिसके बाद राहुल ने पिच के अनुसार बल्लेबाजी का शऊर सीखने की ताकीद भी की।

गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि पिछले मैच में टीम में शामिल किए गए स्पिनर रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लेकर मौके को भुनाया।



### टीमें इस प्रकार

**पंजाब किंग्स:** केएल राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, अर्शदीप सिंह, ईशान पोरेल, शाहरुख खान, मोहम्मद शमी, नाथन एलिस, आदिल राशिद, मुरुगन अश्विन, हरप्रीत बराड़, मोइसेस हेनरिक्स, क्रिस जॉर्डन, एडेन मार्कराम, मनदीप सिंह, दर्शन नालकांडे , प्रभसिमरन सिंह, रवि बिश्नोई, उत्कर्ष सिंह, फैबियन एलन, सौरभ कुमार, जलज सक्सेना।

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित शर्मा (कप्तान) क्विंटन डिकॉक, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, अनुकुल रॉय, अर्जुन तेंदुलकर, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जेम्स नीशाम, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड , मार्को जानसेन, युद्धवीर सिंह, एडम मिल्ने, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, पीयूष चावला, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोईन अली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा



**लंदन।** इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिए टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने कैरियर से वह संतुष्ट हैं, भले ही लोग कहते हों कि वह और उपलब्धियां हासिल कर सकते थे। उन्होंने 64 टेस्ट में 28.29 की औसत से 2914 रन बनाए और 36.66 की औसत से 195 विकेट लिए हैं। वह 2019 एशेज श्रृंखला के बाद से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले थे, लेकिन भारत के खिलाफ हाल ही में घरेलू श्रृंखला के लिए उनकी टेस्ट टीम में वापसी हुई। उन्होंने कहा, मैं 34 वर्ष का हो गया हूं और जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। मैं अपने खेल का मजा लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट अद्भुत है। अच्छा प्रदर्शन करने पर यह किसी भी दूसरे प्रारूप से बेहतर और संतोषजनक है। मोईन ने इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और कोच क्रिस सिल्वरवुड को अपने फैसले से पहले ही अवगत करा दिया था। उन्होंने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट की कमी खलेगी। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलना और गेंदबाजी करते समय नर्वस होना। मुझे पता है कि अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंद पर मैं किसी भी बल्लेबाज को आउट कर सकता हूं। उन्होंने कहा, मैने टेस्ट क्रिकेट का पूरा मजा लिया लेकिन अब लगता है कि काफी खेल लिया। मैने जो कुछ हासिल किया, उससे मैं खुश हूं। खबरों के अनुसार लंबे समय तक परिवार से दूर रहने में वह सहज नहीं हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एशेज दौरे के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से कोरोना प्रोटोकॉल साझा किए जाने से पहले ही मन बना लिया था। वह फिलहाल यूएई में आईपीएल खेल रहे हैं जिसमें वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं।

### मार्शेले की सत्र में पहली हार, मोनाको जीता



**पेरिस।** मार्शेले को फ्रेंच फुटबॉल लीग के मौजूदा सत्र में पहली पराजय का सामना करना पड़ा जिसे रोमांचक मैच में लेंस ने 3-2 से हराया। दिमित्री पाएत के दो गोल की मदद से मार्शेले ने ब्रेक तक स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया था, लेकिन लेंस के स्थानापन्न खिलाड़ी वेसले सैड ने निर्णायक गोल करके टीम को जीत दिलाई। लेंस के लिए पहले दो गोल फ्लोरियन सोटोका और जेमीस्लाव फ्रेंकोवज्की ने किए। लेंस अब शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन से नौ अंक पीछे है जबकि तीसरे स्थान की टीम मार्शेले से एक अंक आगे है। मोनाको ने एक अन्य मैच में क्लेरमोंट को 3-1 से हराया। वहीं मेत्ज ने ब्रेस्ट को 2-1 से मात दी। रेम्स ने नांतेस को 3-1 से हराया। ट्रोएस ने एंजर्स से 1-1 से ड्रॉ खेला। रेनेस और बोर्डो के बीच भी मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

### युवेंटस की संघर्षपूर्ण जीत, चोटिल हुए डायबाला

**मिलान।** सैंपडोरिया के खिलाफ सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में 3-2 से मिली संघर्षपूर्ण जीत में युवेंटस के लिए गोल करने वाले स्ट्राइकर पाउलो डायबाला चोटिल होने के बाद रोते हुए मैदान से निकले।कुछ सालों से लगातार फिटनेस समस्याओं के शिकार डायबाला को इस मैच में फिर चोट लगी। वह चल नहीं पा रहे थे और साथी खिलाड़ियों का सहारा लेना पड़ा। युवेंटस के कोच मासिमिलानो अलेग्री ने मैच के बाद कहा कि डायबाला और अलवारो मोराटा चेलसी के खिलाफ बुधवार को चैम्पियंस लीग का मैच और शनिवार को सीरि ए में तोरिनो के खिलाफ मैच नहीं खेल सकेंगे। युवेंटस के लिए डायबाला के अलावा लियोनार्डो बोनुची और मैनुअल लोकेटली ने गोल दागे। वहीं सैंपडोरिया के लिए माया योशिडा और अंतोनियो कैंड्रेवा ने गोल किए। अन्य मैचों में रोमा को लाजियो ने 3-2 से हराया। वहीं सालेरनिताना को सासुओलो ने 1-0 से मात दी और एम्पोली ने बोलोग्ना को 4-2 से हराया। शीर्ष पर काबिज नपोली ने कैगलियारी को 2-0 से शिकस्त दी।

## यूएई और बहरीन के खिलाफ दोस्ताना मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेर्बी ने यूएई और बहरीन के खिलाफ आगामी दोस्ताना मैचों के लिए 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की है। टीम इस समय जमशेदपुर में शिविर में है जो दो अक्टूबर को संयुक्त अरब अमीरात और चार अक्टूबर को ट्यूनीशिया की राष्ट्रीय टीमों के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम बहरीन में दस अक्टूबर को मेजबान के खिलाफ और 13 अक्टूबर को चीनी ताइपै के खिलाफ मैच खेलेगी। डेनेर्बी ने कहा, एक महीने झारखंड में अभ्यास के बाद हमें बहुत खुशी है कि हम यूएई और बहरीन में खेलने जा रहे हैं। इन मैचों से खिलाड़ियों को खुद को आंकने का मौका मिलेगा।

### टीम इस प्रकार

- **गोलकीपर :** अदिति चौहान, एम लिंथोइनगाम्बी देवी, श्रेया हुड्डा
- **डिफेंडर :** डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मिशेल कैस्टान्हा, मनीषा पन्ना, एस्टम ओराओन
- **मिडफील्डर :** संगीता बासफोर, इंदुमती कातिरेसन, संजू, मार्टिना थोकचोम
- **फॉरवर्ड :** डांगमेइ ग्रेस, अंजू तमांग, संध्या रंगनाथन, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा कल्याण, सुमति कुमारी , प्यारी शाशा, रेणु।

घुटने की चोट के बाद यूएई से स्वदेश लौटे कुलदीप

## अधिकांश घरेलू सत्र से रह सकते हैं बाहर

**प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को घुटने में गंभीर चोट लगी है और यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से लौटने के बाद उनके अधिकांश घरेलू सत्र से भी बाहर रहने की संभावना है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलने वाले कुलदीप भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।आईपीएल टीमों से जुड़े मामलों को देखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, हमें सूचना मिली है कि यूएई में अभ्यास सत्र के दौरान कुलदीप को घुटने में गंभीर चोट लगी है। संभवत: क्षेत्ररक्षण के दौरान उसका घुटना मुड़ गया और उस समय चोट गंभीर थी।

उन्होंने कहा, कोई संभावना नहीं थी कि वह आईपीएल में आगे हिस्सा ले पाएगा और इसलिए उसे भारत वापस भेज दिया गया। पता चला है कि कुलदीप की हाल में मुंबई में सर्जरी हुई और उसे वापसी से पहले चार से छह महीने का समय लग सकता है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अन्य सूत्र ने बताया, घुटने की चोट आम तौर पर गंभीर होती हैं। आईपीएल 2019 से चीजें काफी बदल गई जब कुलदीप की फॉर्म में गिरावट आई। स्पिन की अनुकूल पिचों पर भी भारतीय टीम प्रबंधन को उनकी क्षमता पर भरोसा नहीं रहा और उनके मुख्य टीम में होने के बावजूद स्टैंडबाई खिलाड़ियों में मौजूद बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम को खिलाया गया। कानपुर के 26 साल के कुलदीप ने भारत के लिए सात टेस्ट, 65 एक दिवसीय और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में कुल 174 विकेट चटकाए हैं।



### कुलदीप ने अपनी और नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की तस्वीर पोस्ट कीं

सबसे पहले काम शुरू करना, एनसीए में फिजियोथेरेपी सत्र के साथ मजबूती हासिल करना, इसके बाद हल्का अभ्यास और फिर नेट सत्र, यह पूरी प्रक्रिया काफी लंबी है। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि रणजी ट्रॉफी खत्म होने से पहले वह मैच खेलने के लिए तैयार हो जाएगा। ट्विटर पर कुलदीप ने अपनी और नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की तस्वीर पोस्ट की है जिनका सोमवार को जन्मदिन है। सूत्र ने कहा, यह पुरानी तस्वीर होगी। कुलदीप भारत वापस आ चुका है।

अगर मैं गलत नहीं हूं तो उसकी सर्जरी हो चुकी है। सिडनी में पांच विकेट हासिल करने के बाद पिछले दो साल कुलदीप के लिए उतार-चढ़ाव भरे रहे। तब मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें विदेशी हालात में भारत का नंबर एक स्पिनर करार दिया था।

## हैदराबाद को जीत के लिए मिला 165 रन का लक्ष्य



**एजेंसी। दुबई**

**कप्तान** संजू सैमसन की 82 रन की शानदार पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए।

सैमसन ने 57 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन बनाए। उन्हें युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (23 गेंद में 36 रन) और महिपाल लोमरोर (28 गेंद में नाबाद 29 रन) का अच्छा साथ मिला। सैमसन और लोमरोर ने चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिए इविन लुईस (छह) और यशस्वी जायसवाल ने संदीप शर्मा (30 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में एक-एक चौका जड़ा लेकिन अनुभवी भुवनेश्वर कुमार (28 रन पर एक विकेट) ने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर लुईस को पवेलियन भेज दिया। उनका यह ओवर मेडन रहा।

जायसवाल पर हालांकि इसका कोई खास असर नहीं पड़ा और उन्होंने संदीप और फिर भुवनेश्वर की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। दूसरे छोर पर सैमसन ने पिछले मैच की लय को जारी रखा। उन्होंने सिद्धार्थ कौल (36 रन पर दो विकेट) के छठे ओवर में दो चौके जड़े। इससे पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 49 रन हो गया।

## चयन मेरे हाथ में नहीं है, विश्व कप टीम में जगह नहीं मिलने पर बोले हर्षल

**आईपीएल में छठी बार हैट्रिक के पास पहुंचा और पहली बार कामयाब रहा**

**एजेंसी। दुबई**

इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल विचलित नहीं है और उनका कहना है कि चयन उनके हाथ में नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे कभी पछतावा नहीं रहा। मैंने अपने जीवन में समय के अनुसार अपनी ओर से सबसे सही फैसले लेने की कोशिश की हैं। जहां तक चयन की बात है तो वह मेरे हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा, मैं क्लब टीम के लिए खेलूं या आईपीएल टीम के लिए या देश के लिए या फिर हरियाणा के लिए, मैं बल्ले और गेंद से सकारात्मक योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, यह मेरा लक्ष्य है और जब तक क्रिकेट खेल रहा हूं, तब तक रहेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले हर्षल ने कहा, मैंने अपने जीवन में पहली हैट्रिक ली है। अभी स्कूल के मैच में भी नहीं ली। आईपीएल में छठी बार हैट्रिक के पास पहुंचा और पहली बार कामयाब रहा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास करने में समय लगेगा। मैं बयां नहीं कर सकता कि कैसा महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी बात कहूं तो क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन करके खुशी हो रही है। टीम की बात करूं तो हम अंकतालिका पर नहीं देख रहे हैं क्योंकि ऐसा करने पर प्रक्रिया पर से ध्यान हट जाता है। हमारे लिए दो हार के बाद इस तरह की वापसी करना जरूरी था। हम लगातार इसी तरह का खेल दिखाना चाहते हैं।

हर्षल ने मुंबई के आक्रामक हरफनमौला खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड के विकेट को बेहद संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा, हमने टीम बैठक में भी बात की थी कि पोलार्ड जैसा बल्लेबाज बाहर की तरह जाने वाली गेंद को छोड़ेगा नहीं लेकिन यॉर्कर डालने पर वह चूक सकता है। मैने उसे चकमा देने की कोशिश की और कामयाब रहा।



**कहा, मुझे कभी पछतावा नहीं रहा। मैंने अपने जीवन में समय के अनुसार अपनी ओर से सबसे सही फैसले लेने की कोशिश की हैं**

## मुंबई सिटी एफसी ने गोलकीपर मोहम्मद नवाज से अनुबंध की पुष्टि की

**एजेंसी। मुंबई**

गत इंडियन सुपर लीग फुटबॉल चैंपियन मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को गोलकीपर मोहम्मद नवाज को टीम के साथ जोड़ने की घोषणा की। इक्कीस साल के नवाज तीन साल के अनुबंध पर टीम से जुड़े हैं और मई 2024 तक क्लब के साथ रहेंगे। क्लब ने यहां बयान जारी करके यह जानकारी दी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की एलीट अकादमी से फुटबॉल के गुर सीखने वाले नवाज एफसी गोवा का हिस्सा रहे चुके हैं। मणिपुर के जन्मा यह खिलाड़ी 2016 ब्रिक्स अंडर 17 फुटबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुका है।

